सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 05 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 121, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 356 अंकों की उछाल**

विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा। } 10

**भारत-जमैका के बीच मजबूत हो रहे सम्बंध**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-जमैका के बीच संबंध निरंतरता और बदलाव से प्रेरित हैं। जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है। } 12



# बंगाल और असम में लहराया भगवा

❍ तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी ने रचा इतिहास ❍ केरलम में यूडीएफ ने की सत्ता में वापसी ❍ पुडुचेरी में राजग ने हासिल की जीत







एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोमवार को पश्चिम बंगाल में पहली बार जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है और असम में एक बार फिर सरकार बनाने के लिए तैयार है। वहीं, अभिनेता-नेता विजय की टीवीके ने तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में शानदार शुरुआत कर धमाकेदार प्रदर्शन किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा ने 294 सीटों में से 152 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और 52 सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस के खाते में 79 सीटें जाती दिख रही हैं। तमिलनाडु में अभिनय से राजनीति में कदम रखने वाले विजय के नेतृत्व वाली नवगठित पार्टी टीवीके चुनावी मैदान में अप्रत्याशित प्रदर्शन कर रही है। तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके 106 सीट पर आगे है और द्रविड़ दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक को पीछे छोड़ रही है। सत्ताधारी द्रमुक 59 सीटों पर और अन्नाद्रमुक 47 सीटों पर आगे है। द्रमुक के शीर्ष नेता एवं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन चुनाव हार गए हैं और कई मंत्री अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से पीछे चल रहे हैं। केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने एलडीएफ पर बढ़त बनाई है। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी रहने के बीच, पूर्वी भारत भगवा रंग में रंगता नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव 2026 में सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर रही, जहां ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का लंबे समय से दबदबा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमलखिला हुआ है और उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा यह भरोसे का दिन है। यह भारत के महान लोकतंत्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल

### बंगाल में हुई जनशक्ति की जीत, असम में शानदार जनादेश, पुडडूचेरी में मिला जनता का आशीर्वाद : मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है, और उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह भरोसे का दिन है। यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, (जनता के लिए) काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है, और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भवानीपुर सीट से हारीं ममता बनर्जी




नई दिल्ली। देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। बंगाल में भाजपा ने बड़ा उलटफेर करते हुए भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को हरा दिया है। भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने ममता दीदी को 15000 वोट से हरा दिया है। भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी उम्मीदवार ममता बनर्जी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नये भारत के संकल्प की शक्ति है यह जनादेश

### पीएम मोदी की नीतियों पर मजबूत हो रहा जनता का विश्वास : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पीएम मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विजय के लिए बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के भाजपा संगठन से जुड़े सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है।

## संक्षेप

### जालौन : खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

जालौन (उप्र)। जालौन जिले के कालपी क्षेत्र में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर तेज गति से गुजर रहा एक वाहन (एसयूवी) एक खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे हुई जब कानपुर की ओर से आ रहे वाहन (एसयूवी) के चालक ने नियंत्रण खो दिया और वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि अयोध्या से लौट रहे पीड़ित ललितपुर जिले के रहने वाले थे। चार घायलों को उरई के मेडिकल कॉलेज ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नयी तबादला नीति को कैबिनेट की मंजूरी, एक जनपद-एक व्यंजन योजना लागू

### नयी पॉलिसी के तहत 31 मई 2026 तक हो सकेंगे राज्य कर्मियों के ट्रांसफर, हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों का मुआवजा बढ़ा

विशेष संवाददाता



**"योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय सामुदायिक सेवा कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।"**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सोमवार को कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने, किसानों को राहत, युवाओं के कौशल विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर रहा। इनमें एक महत्वपूर्ण निर्णय एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना का रहा, जिसे प्रदेश की नई पहचान के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके साथ ही कैबिनेट ने सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। टावर के नीचे आने वाली जमीन पर अब 200 प्रतिशत मुआवजा मिलेगा, जबकि लाइन के नीचे आने वाली जमीन पर 30 प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा। इससे किसानों को कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से 33 प्रतिशत तक अधिक लाभ मिलेगा।

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की तर्ज पर एक जनपद-एक व्यंजन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर जिले के पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उसकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना में गुणवत्ता सुधार, शेल्फ लाइफ बढ़ाने और निर्यात अवसर विकसित करने पर विशेष फोकस रहेगा। खाद्य कारोबार से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को 25% तक की सब्सिडी (अधिकतम 20 लाख रुपये) दी जाएगी। इसके लिए 150 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा व जौनपुर की इमरती जैसे व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। कैबिनेट बैठक में अधिकारियों/कर्मचारियों की नई स्थानांतरण नीति 2026-27 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सभी ट्रांसफर 31 मई 2026 तक किए जाएंगे। नीति के तहत समूह क व ख के ऐसे अधिकारी, जिन्होंने किसी जनपद में 3 वर्ष या मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उनका स्थानांतरण अनिवार्य होगा, जबकि विभागाध्यक्ष/मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अवधि इसमें शामिल नहीं होगी। मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अधिकतम अवधि 3 वर्ष होगी। समूह क व ख के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20% और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अल-फलाह के प्रमुख की जमानत खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 493 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में अल-फलाह विश्वविद्यालय समूह के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी है कि उन पर लगे आरोप गंभीर प्रवृत्ति के हैं।

इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने कहा कि आरोपी अल-फलाह विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध संस्थानों के प्रशासन एवं वित्त प्रबंधन में अहम भूमिका रखता है और अगर उसे जमानत पर रिहा किया जाता है, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। न्यायमूर्ति प्रधान ने कहा कि सभी तथ्यों, अपराध की गंभीरता और याचिकाकर्ता के पिछले आपराधिक इतिहास को ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- अब टावर के नीचे भूमि का दोगुना मुआवजा (पृष्ठ-02)
- माध्यमिक के छात्र एआई रोबोटिक्स में होंगे दक्ष (पृष्ठ-02)
- 39 पैसे टूटकर निचले स्तर 95.23 पर डॉलर (पृष्ठ-10)
- बढ़ते वैश्विक जोखिम के बीच कच्चे तेल में तेजी (पृष्ठ-14)
- पर्यवेक्षण को अनुपालन से देखना चाहिए आगे (पृष्ठ-14)

**त्वरित टिप्पणी** — अब दो तिहाई भारत पर भगवा राज, सिर्फ छह राज्यों में सिमट कर रह गया है विपक्ष

## संयम व सेवा भाव से ही मिलता है सिंहासन

मनोज बाजपेयी



*पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है तो तमिलनाडु में थलापति विजय की पार्टी टीवी के ने इतिहास रच दिया है। केरलम में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका मिल रहा है। कुल मिलाकर अगर यह कहें कि इस चुनाव ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में परिवर्तन की इबारत लिखी है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा।*

*इन चुनावी नतीजों के साथ ही भाजपा और उसके सहयोगी दलों का दो तिहाई राज्यों पर कब्जा हो गया है जबकि इंडिया गठबंधन केवल छह राज्यों तक ही सिमट कर रह गया है। 21 राज्यों में राजग का भगवा ध्वज लहरा रहा है। इससे एक बात और जाहिर हो गई है कि सिंहासन तुनकमिजाजी से नहीं, बल्कि सबके हित की कामना से संयमित रहकर सबका साथ, सबका विकास करने और निःस्वार्थ सेवा करने से ही मिलता है। वैसे भी चुनाव में हार और जीत आम बात है लेकिन कुछ जीत सबको चौंकाती है। हारने वाले को भी और विजेता को भी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का राजनीतिक गढ़ इतनी आसानी से ढह जाएगा, इसकी कल्पना तो शायद भाजपा को भी नहीं थी। जिस गढ़ में भगवा ध्वज लहराने के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी प्रयासरत रहे, उस पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना विजय ध्वज मजबूती से गाड़ दिया। ममता बनर्जी को राजनीतिक शिकस्त देने में सबसे बड़ी भूमिका शुभेंदु अधिकारी की रही जो कभी उनके अत्यंत वफादार सहयोगी हुआ करते थे लेकिन कहते हैं न कि 'जाहि पिकारो गेह ते कस न भेद कहि देई।' शुभेंदु अधिकारी के साथ का खाद-पानी पाकर भाजपा का कमल पश्चिम बंगाल में खिलता ही गया और हालात यह है कि ममता बनर्जी के पास पछतावे के सिवा कुछ भी नहीं बचा है।*

*मां-माटी और मानुष वाला उनका दांव उलटा पड़ गया है। इसके लिए उनके फैसले और नीतियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार रही हैं। महिला होकर भी वे राज्य की महिलाओं की पीड़ा नहीं समझ पाईं। पिछला विधानसभा चुनाव प्रचार उन्होंने व्हील चेयर पर बैठकर किया था लेकिन चुनाव नतीजे आते ही वे जिस तरह अपने पैरों पर खड़ी हो गई थीं, उनके प्रति* ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रीपेड मीटर अब पोस्टपेड मीटर की तरह कार्य करेगें : ऊर्जा मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर अब अनिवार्य रूप से प्रीपेड नहीं रहेगें। बल्कि उपभोक्ता अपनी मर्जी से इसे पोस्टपेड में बदल सकते हैं। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीएए) द्वारा प्रीपेड की अनिवार्यता खत्म करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। जिससे 75 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही सोमवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने ट्वीटर पर यह जानकारी दिया है।

शक्ति भवन में अधिकारियों के साथ बैठक में मंत्री ने निर्णय लिया है कि सभी स्मार्ट मीटर अब पोस्ट पेड मीटर की तरह ही काम करेंगे। मंत्री के अनुसार सभी उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर सामान्य/पोस्ट-पेड मीटर की तरह ही कार्य करेगा। इसको इस तरह भी कह सकते है कि प्री-पेड नाम की व्यवस्था समाप्त हो गयी है। उन्होंने कहा कि जैसे आप पहले मासिक बिल भरते थे वैसे ही महीने की 1 तारीख से 30 तारीख तक का बिल अगले दस दिन में आपको एसएमएस या व्हाट्सऐप पर भेजा जाएगा। बिल मिलने के बाद दी गई समय सीमा में आप कृपया बिल अवश्य भरें, आपसे यह भी निवेदन है कि अपना फोन नंबर अपने बिल में जोड ले जिससे बिजली विभाग से आने वाले संदेशों पर बिल आसानी से देखा जा सके। विभाग को यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में महीने ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# तीन राज्यों की अभूतपूर्व जीत पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर मना जश्न

- उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश
- पार्टी कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, आतिशबाजी कर किया खुशी का इजहार







विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली अभूतपूर्व सफलता पर उत्तर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में सोमवार को जोरदार उत्सव मनाया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए, आतिशबाजी कर और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, हीरो बाजपेयी, मनीष शुक्ला, संजय चौधरी, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित व सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा के साथ अन्य पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जनता राष्ट्रहित की राजनीति को अपना रही : आनंद द्विवेदी :** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे मजबूत और जन-आधारित राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। यह परिणाम केवल वोटों का आंकड़ा नहीं, बल्कि जन-विश्वास, राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति की विजय है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रणनीतिक क्षमता तथा गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद हमारे कार्यकर्ताओं ने जिस साहस और समर्पण के साथ कार्य किया, वह प्रेरणादायक है। बंगाल की धरती पर भाजपा का निरंतर बढ़ता जनाधार इस बात का प्रमाण है कि जनता अब परिवर्तन चाहती है और राष्ट्रहित की राजनीति को अपना रही है।

## लोकतंत्र की जीत : बृजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस चुनाव परिणामों को भारतीय लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह स्थिरता, विकास और मजबूत नेतृत्व चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने गरीब, किसान, महिला और युवा सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसका परिणाम इन चुनावों में देखने को मिला है।

## भाजपा की विजय जनभावना का स्पष्ट प्रतिबिंब : केशव मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की विजय नए भारत की जनभावना का स्पष्ट प्रतिबिंब है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस सफलता का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि देश की जनता अब विकास और सुरक्षा की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों की जनता ने परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए भाजपा के सुशासन मॉडल पर मुहर लगाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि यह जीत उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणा है और आने वाले चुनावों में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में विकास और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ती रहेगी।

## देश में विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीतिक जीत

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने दी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

लखनऊ। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस विजय का आधार बताते हुए इसे देश में विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीति की जीत बताया।

उन्होंने कहा गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा को मां गंगा और जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिल रहा है। बंगाल में टीएमसी का 'भय' परास्त हुआ है और प्रधानमंत्री मोदी का 'भरोसा' विजयी हुआ है। असम में विकास की 'हैट्रिक' ने साबित कर दिया है कि जनता अब केवल 'परफॉर्मेंस' की राजनीति चुन रही है। पूर्वी भारत से उठी यह लहर उत्तर प्रदेश के 'मिशन 2027' को अभूतपूर्व ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि साल के 365 दिन जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। हमारा संकल्प है कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए। हमारी पार्टी चुनाव के लिए हर वक्त तैयार रहती है, जिसे हम अब और 'फाइन-ट्यून' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं लगातार प्रदेश का दौरा कर जमीनी हकीकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख रहा हूं। बंगाल और असम का यह परिणाम तो केवल ट्रेलर है, यूपी 2027 में सुशासन की हैट्रिक के साथ पूरी पिक्चर अभी बाकी है। प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी संगठन को और सशक्त बनाते हुए मिशन 2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आने वाले समय में और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करती रहेगी।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की विजय पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम राष्ट्रवाद और विकास के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने देशभर में जनसेवा और पारदर्शी शासन का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी का परिणाम है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन दिया है।

# अब टावर के नीचे दोगुना मुआवजा, किसानों को मिलेगा ज्यादा लाभ

## टावर बेस पर 200% और लाइन कॉरिडोर पर 30% का होगा भुगतान, किसानों को कुल मिलाकर 21% से 33% तक अधिक लाभ मिलने का अनुमान




विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने बिजली की हाईटेंशन लाइनों (765, 400, 220 और 132 केवी) से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुआवजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब टावर (खंभे) के नीचे आने वाली जमीन पर किसानों को 200% यानी जमीन की कीमत का दोगुना मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही जिन खेतों के ऊपर से बिजली की लाइनें गुजरती हैं (राइट ऑफ वे/कॉरिडोर), वहां जमीन की कीमत का 30% मुआवजा दिया जाएगा। योगी कैबिनेट का इस निर्णय से किसानों को कुल मिलाकर 21% से 33% तक अधिक लाभ मिलने का अनुमान है।

ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि 2018 से पहले टावर के नीचे या लाइन के कॉरिडोर में आने वाली जमीन पर प्रायः कोई मुआवजा नहीं मिलता था। 2018 में कुछ सुधार हुआ और टावर बेस के नीचे जमीन की कीमत का करीब 85% मुआवजा देने का प्रावधान किया गया, लेकिन लाइन के नीचे (कॉरिडोर) आने वाली जमीन के लिए तब भी कोई व्यवस्था नहीं थी। इससे किसानों में असंतोष रहता था और परियोजनाओं को पूरा करने में भी बाधाएं आती थीं। नई व्यवस्था में टावर (खंभे) के नीचे की जमीन पर 200% (दोगुना) मुआवजा निर्धारित किया गया है। तारों के नीचे आने वाले क्षेत्र (रो कॉरिडोर) पर 30% मुआवजा प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है। मुआवजा जिलाधिकारी की ओर से तय सर्किल रेट के आधार पर दिया जाएगा।

इस फैसले से अब किसानों को पहले की तुलना में काफी ज्यादा और न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। जहां पहले या तो मुआवजा नहीं मिलता था या कम मिलता था, वहीं अब जमीन के उपयोग पर सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि बिजली परियोजनाओं में उनकी सहमति और सहयोग भी बढ़ेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में कदम है। इससे उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा और विकास कार्यों के साथ किसान हितों का संतुलन भी सुनिश्चित होगा।

### 150 सरकारी स्कूलों में बनेंगी ड्रीम स्किल लैब्स

कैबिनेट ने मिलका नेटवर्क प्रोडक्ट्स लि. के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय विद्यालयों में ड्रीम (डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग) स्किल लैब्स स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य छात्रों को नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें भविष्य की औद्योगिक जरूरतों के अनुसार तैयार करना है। इन लैब्स के जरिए छात्रों को रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आधुनिक डिजाइन जैसी स्किल्स सीखने का मौका मिलेगा। इस परियोजना में 68% निवेश टाटा नेल्को नेटवर्क प्रोडक्ट्स लि. द्वारा और 32% राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

**नोएडा में 653 करोड़ से बनेगा नया हाईटेक बिजली उपकेंद्र :** कैबिनेट बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र (गौतमबुद्ध नगर) में नया आधुनिक बिजली उपकेंद्र बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत सेक्टर-28, यीडा में 400/220 केवी का जीआईएस (गैस इंसुलेटेड) उपकेंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसकी कुल क्षमता 3500 एमवीए होगी। करीब 653.53 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह उपकेंद्र क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे उद्योगों को मजबूत बिजली आपूर्ति देगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी और अन्य औद्योगिक इकाइयों को बिना रुकावट बिजली मिल सकेगी। यह परियोजना आने वाले समय में बिजली की मांग को भी ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है।

## कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का रास्ता साफ

**मेडिकल कॉलेज के बगल में निशुल्क भूमि हस्तांतरण को मंजूरी**

लखनऊ/कुशीनगर। तथागत बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का मार्ग सोमवार को प्रशस्त हो गया। योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए कुशीनगर के मेडिकल कॉलेज (स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय) के बगल में स्थित सीलिंग भूमि में से 0.405 हेक्टेयर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सहायतित योजना के तहत भारत सरकार ने प्रदेश को 27 नर्सिंग कॉलेज आवंटित किए हैं। इन नर्सिंग कॉलेजों में जनपद कुशीनगर भी शामिल है। केंद्र सरकार की तरफ से प्रति नर्सिंग कॉलेज की लागत 10 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 60 प्रतिशत केंद्र का अंश होगा जबकि 40 प्रतिशत राज्यांश है। कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए पडरौना तहसील के मौजा रामपुर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के बगल में 1.054 हेक्टेयर सीलिंग भूमि में से 0.405 हेक्टेयर भूमि का निशुल्क हस्तांतरण होना था। यह भूमि पडरौना-कुबेरस्थान मुख्य मार्ग से 500 मीटर दक्षिण में स्थित है। राजकीय नर्सिंग कॉलेज को निशुल्क भूमि हस्तांतरण के लिए प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को मंजूरी दे दी। कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से उच्च स्तरीय चिकित्सा में सहायता तो मिलेगी ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन होगा।

## हर जिले में तैनात होंगे ओटीडी सीएम फेलो, वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य को मिलेगी रफ्तार

- डेटा आधारित मॉनिटरिंग से विकास योजनाओं की होगी सटीक समीक्षा
- चयनित फेलो को 50,000 रुपये प्रतिमाह पारिश्रमिक के साथ मिलेंगी अन्य सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश को ह्यवन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके तहत हर जिले में ओटीडी सीएम फेलो (वन ट्रिलियन डॉलर मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम) लागू किया जाएगा, जिससे जिला स्तर पर विकास योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया जा सके।

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित ओटीडी सेल को मजबूत करने के लिए दो विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, एक आर्थिक विकास फेलो और एक डेटा विश्लेषक फेलो।

\ये दोनों मिलकर जिले की आर्थिक गतिविधियों की निगरानी और रणनीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ये फेलो विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कृषि, उद्योग, निवेश, अवसंरचना, पर्यटन, रोजगार और जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नियमित समीक्षा करेंगे। नियोजन विभाग के डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्टिंग और केपीआई आधारित मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तथ्यपरक और परिणामोन्मुख बनेगी।

## डिजिटल सिस्टम से साक्ष्य होंगे सुरक्षित, छोटे अपराधों में जेल के बजाय सेवा

योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ये नियम न्याय प्रक्रिया को आधुनिक, तेज और ज्यादा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। नए ई-साक्ष्य प्रबंधन नियमों के तहत डिजिटल सबूत (जैसे मोबाइल डेटा, वीडियो, ईमेल आदि) को एक वैज्ञानिक तरीके से इकट्ठा, सुरक्षित और अदालत में पेश किया जाएगा। इससे सबूत के साथ छेड़छाड़ की संभावना कम होगी। केस मजबूत होंगे और फैसले ज्यादा सटीक होंगे।

वहीं, ई-समन नियम के तहत अब कोर्ट के समन और वारंट डिजिटल माध्यम से भेजे जा सकेंगे,जैसे ईमेल, मोबाइल मैसेज या अन्य ऐप्स के जरिए। इससे नोटिस जल्दी पहुंचेगा। साथ ही, प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक करने योग्य बनेगी तो वहीं महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पहचान गोपनीय रहेगी। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय ह्यसामुदायिक सेवाह्ण कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।

## अमरदीप विवि, फिरोजाबाद की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेट्रो विवि नोएडा को संचालन के लिए अनुमति पत्र किया प्रदान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विस्तार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट, फिरोजाबाद को अमरदीप विश्वविद्यालय, फिरोजाबाद की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को अंतिम पायदान तक सरल, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक जिले में उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार हो, जिससे विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 एवं उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जाती है। समिति की संस्तुति के आधार पर ही आशय पत्र निर्गत किया जाता है। उच्च शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी कि उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 29 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई थी, जिसमें फिरोजाबाद के ग्राम पचवान स्थित 20.08 एकड़ भूमि पर अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए आशय पत्र निर्गत करने की संस्तुति की गई। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय स्थापना की प्रक्रिया के तहत संबंधित संस्था के पास न्यूनतम 20 एकड़ भूमि का प्रावधान अनिवार्य है, जिसे अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा पूर्ण किया गया है।

समिति की संस्तुति के बाद सरकार द्वारा आशय पत्र जारी किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय स्थापना की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी। इसके साथ ही सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने मंत्री आवास पर नोएडा में एक अन्य प्रतिष्ठित समूह द्वारा प्रस्तावित मेट्रो विश्वविद्यालय को संचालन के लिए आवश्यक अनुमति पत्र (एलओपी) प्रदान किया है, जिससे राज्य में उच्च शिक्षा के निजी क्षेत्र में विस्तार को और गति मिली है।

## माध्यमिक के छात्र एआई रोबोटिक्स में होंगे दक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा नौ से 12 के छात्र डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैनुफेक्चरिंग, एआई, ई-व्हीकल आदि क्षेत्रों से जुड़ी न सिर्फ पढ़ाई करेंगे। बल्कि इस क्षेत्र का अत्याधुनिक लैब के माध्यम से प्रशिक्षण भी लेंगे। इसके लिए टाटा के नेल्को नेटवर्क प्रोडक्ट लिमिटेड (टाटा) की ओर से प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब स्थापित की जाएगी।

प्रदेश सरकार की योगी कैबिनेट ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग व नेल्को नेटवर्क के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी। योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालय एक हब के रूप में विकसित किए जाएंगे। यहां पर नेल्को नेटवर्क की ओर से अत्याधुनिक क्षेत्र से जुड़ी मशीनें लगाई जाएंगी। साथ ही प्रशिक्षक भी तैनात किए जाएंगे।

**भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश को मंजूरी :** प्रदेश में सांस्कृतिक शिक्षा को अब और रफ्तार मिलेगी। प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश में कला, संगीत और संस्कृति से जुड़ी शिक्षा और शोध को व्यवस्थित करने में और सहयोग मिलेगा।

**दो फिल्में टैक्स फ्री :** कैबिनेट ने आरएसएस से संबंधित फिल्म शतक-राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष और गोदान को टैक्स फ्री करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इन दोनों फिल्मों को दर्शकों द्वारा प्रवेश के लिए देय जीएसटी के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

# यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले नहीं होंगे समाप्त

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यातायात नियमों का उल्लंघन करने समेत कई तरह के गैर शमनीय अपराध करने के बाद अब बचना नामुमकिन होगा। योगी कैबिनेट ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर दिए गए आदेश का पालन करने के लिए उप्र आपराधिक विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश लाने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अध्यादेश बीती 7 अप्रैल को भी कैबिनेट में मंजूर हुआ था हालांकि विधानसभा सत्र के दौरान पारित नहीं हो सका। इसकी वजह से इसे दोबारा कैबिनेट के सामने पेश करके सदन के पटल पर रखने की मंजूरी दी गई। इसके तहत गैर शमनीय अपराध पूर्व की तरह उपशमित (समाप्त) नहीं होंगे। अध्यादेश में संशोधन के बाद जिन अपराधों में अनिवार्य कारावास का दंड है, वे अपराध जो प्रथम अपराध नहीं हैं, अर्थात वे बाद के अपराध है, वे पूर्व की भांति स्वतः समाप्त नहीं होंगे। खासकर यातायात नियमों के उल्लंघन के कुछ मामले स्वतः समाप्त नहीं होंगे। उदाहरण के लिए यदि वर्तमान में किसी व्यक्ति के द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध किया गया है और वह जुमार्ना नहीं देता है तो एक समय बीतने के बाद कार्यवाही स्वतः समाप्त हो जाती है। अब उसे भी दंड का सामना करना होगा। साक्ष्यों के आधार पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इससे नियमों का उल्लंघन करने वालों के भीतर कानून का भय उत्पन्न होगा, जिससे अपराधों में कमी आएगी।

**चार कताई मिल पर पार्क विकसित होंगे :** वाराणसी में टेक्सटाइल बनेगा। चार कताई मिल पर पार्क विकसित होंगे। अमरोहा, बरेली, संतकबीर नगर, बिजनौर की बंद पड़ी कताई मिल पर टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में बने टेक्सटाइल पार्क का जल्द पीएम करेंगे उद्घाटन करेंगे। प्रदेश में जितनी कताई मिले थी, उनकी जमीनों का उपयोग टेक्सटाइल पार्क बनाने में किया जाएगा।

**जालौन में सोलर प्लांट :** रिवीनिवेबल एनर्जी के लिए जालौन में 500 मेगा वाट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। यूपी उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया मिलकर इसको विकसित करेंगे। 49 प्रतिशत राज्य का और 51 प्रतिशत कॉल इंडिया का है। शुरूआती लगात 10 करोड़ होगी. क्षेत्र में कई नए उद्योग लग रहे हैं। वहां बिजली वितरण की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। 400/220 का नया पॉवर स्टेशन बनाया जाएगा। जिस पर 653 करोड़ की लागत आएगी।

राज्य सरकार ने झांसी बबीना पेयजल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में की गई जलापूर्ति का 17.65 करोड़ रुपये जल निगम (नगरीय) को देने का फैसला किया है। पंचायती राज विभाग यह पैसा पंचम राज्य वित्त आयोग से उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। झांसी बबीना पेयजल योजना से कुल सात ग्राम पंचायतों सिमरावली (तिलक नगर), खैलार, मानपुर, सैयर, बबीना रूरल, घिसौली व पुरा को पेयजल आपूर्ति की जाती है। इन ग्राम पंचायतों को केंद्रीय वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग की पर्याप्त धनराशि प्राप्त नहीं होती है। पंचायती राज विभाग इससे पेयजल आपूर्ति का बकाया बिल का भुगतान नहीं कर पा रहा है। जल निगम (नगरीय) ने पैसे की मांग करते हुए कहा है कि कार्मिकों के वेतन, पेंशन व अन्य देयकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसीलिए पंचम राज्य वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम किस्त मार्च 2026 की धनराशि 900 करोड़ रुपये में 17.65 करोड़ रुपये जल निगम (नगरीय) के भुगतान के लिए रोक कर शेष पंचायती राज निदेशालय को अनुपात के आधार पर किए जाने का फैसला किया है।

**मंडी परिषद कर्मियों की गड़बड़ियों का होगा निपटारा :** कैबिनेट ने मंडी समिति कर्मियों की भांति मंडी परिरषद कर्मियों की गड़बड़ियों के निपटारे की व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंडी समितियों व मंडी परिषद के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सेवानिवृति के उपरांत पेंशन की सुविधा नहीं मिलती है। ऐसे में किसी कर्मचारी या अधिकारी की ओर से किसी गड़बड़ी के कारण मंडी समितियां अथवा मंडी परिषद को कोई आर्थिक क्षति पहुंचती है तो सेवानिवृति के बाद उनसे वसूली करना असंभव सा था। ऐसे में अब तक मंडी समितियों में इस प्रकार की आर्थिक गड़बड़ियों के कारण होने वाली क्षति के आधार पर समिति के सभापति को अधिकार है कि वह संबंधित पक्ष को सुनकर क्षतिपूर्ति या माफी का निर्धारण कर सकता है।

**गोरखपुर के वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश को मंजूरी :** गोरखपुर में पहला उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इसके लिए उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026 के प्रख्यापन को स्वीकृति मिली है।

**कुशीनगर नर्सिंग कॉलेज के लिए मिली निःशुल्क जमीन :** कुशीनगर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। इसका निर्माण कुशीनगर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के बगल वाली जमीन पर किया जाएगा। सीलिंग की इस भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने संबंधी चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को सोमवार को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। प्रदेश में नर्सिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने यूपी में 27 सरकारी नर्सिंग कॉलेजों को मंजूरी दी थी। इनमें कुशीनगर का नर्सिंग कॉलेज भी शामिल है। प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए 10 करोड़ लागत निर्धारित की गई है, जिसमें 60 फीसदी केंद्रांश व 40 फीसदी राज्यांश है। कुशीनगर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए मौजा रामपुर तप्पा चौरा बड़गांव परगना तहसील पडरौना में स्थित सीलिंग की भूमि में से .405 हेक्टेअर भूमि निःशुल्क दी गई है।

संक्षेप

## देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

प्रतापगढ़। देशी बम के साथ सांगीपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा अतुल तिवारी सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के बूढ़े बाबा मंदिर देउम पश्चिम के समीप एक युवक पुलिस को संदिग्ध दशा में दिखा। आरोपी बढ़ा असांव निवासी सोहेल खान पुत्र निसार अहमद की तलाशी लेने पर उसके पास से चार जिंदा देशी बम बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सांगीपुर थाने में आर्म्स एक्ट तथा दलित उत्पीड़न का भी केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## मासूम के सकुशल मिलने पर पुलिस की सक्रियता की हुई सराहना

प्रतापगढ़। सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में जल चढ़ाने आये दम्पती के तीन वर्षीय मासूम के अचानक लापता होने पर हडकंप मच गया। हालांकि चौकी पर तैनात पुलिस टीम ने मासूम को भीड़ में खोजकर दम्पती के हवाले करने में सफलता ली। पुलिस की तत्परता को लेकर बाबा धाम में सराहना भी हुई दिखी। लालगंज थाना के लालगंज निवासी राजू व उसकी पत्नी अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ दर्शन करने पहुंचे। भीड़ में अचानक मासूम माता पिता से बिछड़ गया। दम्पती का रोना बिलखना देख धाम में तैनात आरक्षी नरेश शर्मा और प्रिंस देवानंद वहां पहुंचे। आरक्षियों ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही देर में मासूम को भीड़ में सकुशल खोजकर उसके माता पिता के हवाले कर दिया। बेटे के सकुशल मिलने पर दम्पती ने राहत की सांस महसूस की। वहीं पुलिस की सक्रियता की दम्पती के साथ जुटे श्रद्धालुओं ने भी सराहना हुई दिखी।

## संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत को लेकर कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा निवासी भाई लाल 65 को रविवार की देर शाम लालगंज ट्रामा सेण्टर में गंभीर स्थिति में लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की खबर घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे मे लेकर सोमवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। दबीजुबान से लोगों में भाईलाल की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका में देखी सुनी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजवाया गया है, मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश अध्यक्ष की लंबी आयु के लिए यज्ञ

इटावा। प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अजय राय के यकायक अस्वस्थ हो गए उनके पूर्ण स्वस्थ दीघार्यु होने हेतू महेरा चुंगी हनुमान मन्दिर पर स्वास्थ्य लाभ हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया इस यज्ञ के यजमान जिलाध्याक्ष आशुतोष दीक्षित यज्ञ के आयोजक प्रशांत तिवारी के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू तिवारी जिला उपाध्यक्ष सतीश नागर जिला प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी प्रदीप द्विवेदी अनिल चतुवेर्दी अनिल तिवारी सुनील तिवारी मनोज चैधरी शेरू चैधरी सोनू मिश्रा सिंटू यादव रोहित दुबे गजेंद्र दुबे अमन तिवारी आदि सहित अनेकों महिलाओं ने भाग लिया ।

# कमल की जीत पर मना जश्न

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भिनगा में मना उत्सव, मिष्ठान वितरित

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भिनगा (इकौना नगर) में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में पार्टी की विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया।

कार्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा एवं विधायक राम फेरन पाण्डेय के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ खुशी का इजहार करते हुए पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और जोश का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत भारतीय जनता पार्टी की जनहितकारी नीतियों, मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में जनता ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता पर भरोसा जताया है, जो पार्टी के लिए प्रेरणादायक है। विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि कार्यकर्ताओं के परिश्रम और नेतृत्व की दूरदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनसेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का आह्वान किया। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा विकास के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी की निरंतर सफलता और जनकल्याण के लिए कार्य करते रहने का प्रण लिया।



# डीएम शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में हक की बात बना प्रेरणा का मंच



सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के प्रभावी नेतृत्व में प्रेरणादायक रूप में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हुए विशेष रूप से बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के प्रश्नों का सरल व मार्गदर्शक उत्तर देकर उनमें नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन मिशन शक्ति के उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सीओ रोहिणी जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य कई अधिकारी व छात्राएं आदि लोग उपस्थित रहे।

## लालगंज में अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर पारदर्शिता पर जोर



प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को चुनाव समिति के द्वारा प्रत्याशियों की बैठक में सोलह बिंदुओं पर आदर्श आचार संहिता की घोषणा हुई। वहीं बैठक में समिति द्वारा प्रत्याशियो से दक्षता भाषण एवं मतदान प्रक्रिया को लेकर सुझाव भी लिए गए। बैठक में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए जाने के लिए समिति हर आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित करेगी। उन्होने प्रत्याशियो को बताया कि मतदान व मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जाएगी। उन्होने कहा कि बूथ को छोडकर मतदान कक्ष एवं बाहरी क्षेत्र में सीसी कैमरे की निगरानी भी रखी जाएगी। समिति के अध्यक्ष ने प्रत्याशियो को सोलह बिंदुओं पर आचार संहिता के बाबत जानकारी देते हुए इसके प्रभावी अनुपालन मे सहयोग मांगा। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। बैठक में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप सिंह, विकास मिश्र, राजेश तिवारी व विजय कुमार तिवारी ने मतगणना एवं मतदान की पारदर्शिता को लेकर सुझाव रखे। वहीं अन्य पदो के उम्मीदवारो ने भी समिति के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने भी प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि चुनावी प्रक्रिया की एल्डर कमेटी द्वारा निगरानी जारी रखी जाएगी। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों में शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुवेर्दी मौजूद रहे।

## इंडो-नेपाल सीमा पर संयुक्त गश्त से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती के सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुव्यवस्था एवं जन-सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा संयुक्त पैदल गश्त का सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण में निरंतर जारी है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस द्वारा इंडो-नेपाल सीमा से सटे गुर्जर गौरी, बनकटी एवं भचकाही क्षेत्र में एसएसबी के साथ समन्वित रूप से गश्त की गई। गश्त के दौरान सीमांत क्षेत्रों में आवागमन करने वाले व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन तलाशी ली गई तथा समग्र सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस संयुक्त अभियान का प्रमुख उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करना है। पुलिस एवं एसएसबी की इस समन्वित कार्रवाई से सीमांत क्षेत्रों में सतर्कता और अधिक सुदृढ़ हुई है। श्रावस्ती पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा वस्तु की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस इकाई अथवा डायल 112 पर प्रदान करें, जिससे त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मोबाइल दुकान में चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। एसओजी और थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। 30 अप्रैल 2026 की रात स्टेशन रोड स्थित माल गोदाम के पास एक मोबाइल दुकान में नकबजनी हुई थी। इस मामले में थाना सिद्धार्थनगर में मुकदमा दर्ज कर विशेष टीम गठित की थी। 3 मई 2026 की रात पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ई-रिक्शा लोडर को रोका गया। चालक की घबराहट पर शक होने पर तलाशी ली गई, जिसमें चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने दुर्गेश उर्फ दुर्गा प्रसाद (निवासी पचमोहनी बेलौहा, थाना खेसरहा) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 18 मोबाइल फोन, 6 कलाई घड़ियां, एक विद्युत मोटर पंप, ईयरफोन, स्पीकर, चार्जर, डाटा केबल सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान और चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अकेले ही दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी और सामान नेपाल ले जाकर बेचने की योजना थी। उसने चोरी करने का तरीका यूट्यूब वीडियो देखकर सीखा और पहचान छिपाने के लिए मास्क का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

# जनगणना 2027 के लिए प्रशासन सक्रिय

### स्वगणना पर जोर



श्रावस्ती। आगामी जनगणना-2027 को लेकर जनपद में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वगणना के कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण के अंतर्गत 07 मई से 21 मई तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी, जिसमें नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत 22 मई से 20 जून तक जनगणना कर्मी घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में 09 फरवरी से 28 फरवरी, 2027 तक जनसंख्या की गणना की जाएगी, जबकि 01 से 05 मार्च, 2027 तक पुनरीक्षण का कार्य सम्पन्न होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल ऐप एवं ऑनलाइन डाटा एंट्री प्रणाली का उपयोग होगा, जिससे आंकड़ों की सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। साथ ही यह भी बताया कि पहली बार नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी आशीष भारद्वाज, पीयूष जायसवाल, एस.के. राय, संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम और जनप्रतिनिधियों संग पीडब्ल्यूडी कार्ययोजना की खास बैठक



श्रावस्ती। ।जनपद में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा के प्रतिनिधि सनील चौधरी, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र के प्रतिनिधि राहुल शुक्ला, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी के प्रतिनिधि जगजीवन वर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा के प्रतिनिधि सुनील तिवारी शामिल हुए। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों का शीघ्र सर्वेक्षण कर कार्ययोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता के.पी. मिश्र सहित संबंधित विकास खण्डों के सहायक एवं अवर अभियन्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों की योजनाओं की प्रगति और प्रस्तावों की जानकारी दी।

# मिशन शक्ति 5.0 को मिली धार

### को0 मृत्युंजय पाठक की अगुवाई में बढ़ा मिशन

सिद्धार्थनगर। थाना कोतवाली बांसी के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में ह्यमिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम गौरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चल रहे इस अभियान को कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने क्षेत्र में सक्रियता के साथ आगे बढ़ाया है। 04 मई 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति टीम ने सीधे गांव की महिलाओं से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल पाठक के नेतृत्व में टीम ने न केवल महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं—जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना—की जानकारी दी, बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया।




इसके अलावा महिला सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो अभियान, साइबर अपराध से बचाव, नए कानूनों और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और व्यावहारिक तरीके से जानकारी साझा की गई। महिलाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों—112, 1090, 181, 1930, 1098, 108 और 101—के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। स्थानीय महिलाओं ने कोतवाल मृत्युंजय पाठक और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें न केवल अपने अधिकारों की जानकारी मिलती है, बल्कि वे सुरक्षा के प्रति भी अधिक सजग हो रही हैं।

# बिजली गिरने से युवक की मौत



सिद्धार्थनगर । बांसी तहसील क्षेत्र में सोमवार का दिन एक परिवार के लिए कभी न भूलने वाला बन गया। खुशियों के माहौल में शामिल होने निकले एक अधेड़ की जिंदगी अचानक थम गई, जब आसमान से गिरी आकाशीय बिजली ने उन्हें अपने आगोश में ले लिया। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चांदेगडिया गांव निवासी 42 वर्षीय बेचन पुत्र रामदास घर से पास ही एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। शायद उन्हें भी अंदाजा नहीं था कि यह सफर उनका आखिरी सफर बन जाएगा। गांव से महज 100 मीटर की दूरी पर एक पुलिया के पास अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और बेचन उसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। खुशियों में शामिल होने जा रहे कदमों को किस्मत ने यूं थाम लिया कि पीछे सिर्फ मातम रह गया। जिस घर में शाम को हंसी गूंजनी थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। बेचन अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं—दो बेटे और दो बेटियां—जिनकी अब तक शादी भी नहीं हुई है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की पुष्टि करते हुए मिश्रौलिया थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर संबंधित लेखपाल भी पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। गांव में इस दर्दनाक हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। हर किसी की आंखें नम हैं और एक ही सवाल गूंज रहा है—क्या किसी ने सोचा था कि एक शादी में जाने का रास्ता मौत की राह बन जाएगा?

## 24 घंटे में हत्या का खुलासा, 1 आरोपी व 3 बाल अपचारी पकड़े



सिद्धार्थनगर जिले के मोहाना थानाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह नेतृत्व में थाना मोहाना पुलिस ने हत्या की एक घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी और तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार/अभिरक्षा में लिया है। 4 मई 2026 को दर्ज मुकदमा संख्या 63/2026 (धारा 103(1)/3(5) के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहाना पुल के पास अमरूद के बाग से आरोपियों को पकड़ा। मुख्य आरोपी वजीर अहमद (निवासी मधुबनी टोला जिगनिहवा, थाना मोहाना) के साथ तीन बाल अपचारी भी पुलिस की गिरफ्त में आए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी का टेढ़ा डंडा (आलाकत्ल) बरामद किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

## एसएसपी ने सुनी जनफरियाद



सिद्धार्थनगर। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। 04 मई 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें सर्वाधिक 07 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जबकि 02 शिकायतें मारपीट की घटनाओं से जुड़ी थीं। इसके अलावा 05 अन्य प्रकार के विवाद भी सामने आए। एसएसपी डॉ. महाजन ने सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले का शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करने की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, जिससे लोगों का विश्वास पुलिस व्यवस्था में और मजबूत हो सके।

# कुदरत के रहस्यमयी स्वरूप से आमजन खुश

एस.पी.सिंह परिहार

- **आंधियों ने डराया बारिश ने सहलाया**
- **कुदरत ने अपना रंग खुलकर दिखाया**

श्रावस्ती। जनपद में आज प्रकृति ने ऐसा अप्रत्याशित और चमत्कृत कर देने वाला रूप दिखाया, जिसने जनमानस को एक साथ भयभीत भी किया और राहत भी दी। सुबह तक सामान्य प्रतीत हो रहा वातावरण लगभग 11:40 बजे अचानक विकराल स्वरूप धारण कर बैठा। देखते ही देखते तेज आंधी के साथ आसमान में काले घने मेघ इस प्रकार छा गए मानो दिन में ही रजनी का आवरण उतर आया हो। तेज हवाओं के झोंकों ने पेड़ों को झकझोर कर रख दिया और फिर प्रारंभ हुई मूसलाधार वर्षा, जिसने कुछ ही क्षणों में जनजीवन को थमने पर विवश कर दिया। बादलों की कड़कती गर्जना से वातावरण भयावह हो उठा। कई स्थानों पर लोगों ने इसे प्रकृति का रौद्र तांडवह्न बताया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी संवेदनशील रही, जहां लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। बच्चों और बुजुर्गों के चेहरे पर स्पष्ट रूप से आशंका और अनहोनी का भय परिलक्षित हुआ। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस आकस्मिक आंधी-तूफान से किसी प्रकार की बड़ी जनहानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। प्रशासन स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाए हुए है। इस अप्रत्याशित वर्षा ने जहां एक ओर भीषण गर्मी से जूझ रहे जनमानस को शीतलता प्रदान की, वहीं किसानों के लिए यह द्वैध प्रभावह्न लेकर आई। खेतों में बढ़ी नमी ने परती भूमि को जीवन्त बना दिया है, जिससे खरपतवार उगने की संभावना प्रबल हो गई है। किसानों के अनुसार, समय रहते जुताई होने पर यह नमी धान की फसल के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है। इसके विपरीत, तेज हवाओं और वर्षा ने बागवानी फसलों को आंशिक क्षति पहुंचाई है। आम, नींबू एवं करौंदा जैसी फसलों पर पड़े प्रभाव से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। कई बागों में कच्चे फल झड़ने की सूचना भी सामने आई है। कुल मिलाकर, आज का दिन प्रकृति के विविध और रहस्यमयी स्वरूप का साक्षी बना। यह घटना एक ओर जहां राहत लेकर आई, वहीं दूसरी ओर यह संकेत भी दे गई कि परिवर्तित हो रहे मौसम के मिजाज को किसानों को समझना अब समय की अनिवार्यता बन चुका है।

## हाजी मजहर अली शाह वारसी का कुल शरीफ

इटावा। हजरत हाजी मजहर अली शाह श्शादश वारसी का कुल शरीफ सोमवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के कटरा शहाब खां स्थित कयामगाह (छोटी दरगाह शरीफ) में बड़ी संख्या में अकीदतमंद उमड़े।

उर्स के दूसरे दिन, सोमवार सुबह नमाज फज्र के बाद कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया। इसके उपरांत महफिल-ए-सिमा हुई, जिसमें विभिन्न जनपदों से आए कव्वालों ने वारिसे पाक की शान में शानदार कलाम पेश किए। महफिल में मौजूद लोगों ने कव्वालों को नजराने भी दिए। सोमवार को महफिल के बाद सुबह 11रू47 बजे हजरत हाजी मजहर अली शाह श्शादश वारसी का कुल शरीफ हुआ। इस दौरान उनके मुरीदों और चाहने वालों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर सभी के लिए दुआएं मांगी और मन्नतें भी मांगीं।

## चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मुखविर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक पाठकपुरा गाँव से शाहजहांपुर गाँव की ओर जा रहा है और उसके पास अवैध हथियार हो सकता है। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार ने कांस्टेबल प्रशांत पाण्डेय ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अशोक यादव निवासी नगला लायक बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।।

संक्षेप

## पीजीएसएस ने वितरित किया पौष्टिक आहार किट



चरगांवा, गोरखपुर। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के सहयोग से भटहट ब्लॉक में कार्यक्रम का आयोजन कर पौष्टिक आहार लेने के प्रति के जागरूक किया गया। साथ ही बीपीएल धारक किशोरियों में पौष्टिक आहार किट वितरित किया गया। इस अवसर पर पीजीएसएस संस्था के वरिष्ठ कॉर्डिनेटर अब्दुल हमीद ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। ऐसे में किशोरियों के शरीर के लिए भी पौष्टिक आहार बहुत जरूरत है। पौष्टिक आहार से किशोरियों में उनके स्वस्थ्य शरीर, स्वास्थ्य मस्तिष्क के साथ सर्वांगीण विकास होगा। पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम में पीजीएसएस संस्था से अब्दुल हमीद , विमला एवं राकेश आदि उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष पद पर कृष्णपाल व महामंत्री रामप्रकाश शर्मा मैदान में

पाटन। बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव मे नामांकन के वापसी के बाद अध्यक्ष पद लिए कृष्ण पाल सिंह चैहान व राम प्रकाश शर्मा महामंत्री पद के लिए अजय कुमार व सुरेश कुमार एडवोकेट के मध्य चुनाव होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार का एक एक ही नामांकन होने के कारण निर्विरोध चुना जाना तय है ।चुनाव अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि अन्य पदों पर नामांकन न होने के कारण उनका चुनाव बाद मे किया जाएगा। 15 मई को अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा ?। शाम 4:30 बजे के बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा होगी।

## फोरनेल पर नाला निर्माण करा रहे ठेकेदार एवं कर्मचारी को पीटा, केस दर्ज

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना अर्न्तगत सरहरी चौकी क्षेत्र के टिकरिया चौराहे के पास फोरलेन सड़क के नाले का निर्माण करा रहे ठेकेदार एवं कर्मचारी को रविवार शाम मनबढ़ों ने सरिया से बुरी तरह पीट कर कर घायल कर दिया। बचाव करने पहुंचे उसके चचेरे भाई को भी पीट दिया। पीड़ित के तहरीर के आधार पर थाना पुलिस दो नामजद एवं दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट एवं हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीपीगंज थाना क्षेत्र के गायघाट गांव के टोला पनेली निवासी ओमकार मौर्य ने गुलरिहा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बालापार टिकरिया फोरलेन निर्माण के ठेकेदार केके कंस्ट्रक्शन में बतौर सब ठेकेदार निधि इंटरप्राइजेज से नाली का निर्माण टिकरिया चौराहे के पास करा रहे हैं। आरोप है कि रविवार शाम टिकरिया मोड़ के रहने वाले विशाल एवं विकास तथा दो अज्ञात लोग नाली निर्माण के कार्य में बांधा डालने लगे ।जब उसने विरोध किया तो सभी सरिया से उसे पीटने लगे जिससे वे गम्भीर रुप से घायल हो गये ।बीच बचाव करने पहुंचे उसके चचेरे भाई एवं निधि इंटरप्राइजेज के मालिक अखिलेश मौर्य को भी पीट दिए गुलरिहा पुलिस तहरीर के आधार पर विशाल एवं विकास पुत्र अमरनाथ तथा दो अज्ञात के खिलाफ बी एन एस की धारा 115(2),117(2),109 के तहत मुकदमा कायम कर जांच पड़तालकर शुरू कर दी है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में उसका घरेलू नाम मीशा शुक्ल (MISHA SHUKLA) दर्ज है जबकि उसका वास्तविक नाम शाम्भवी शुक्ला (SHAMBHAVI SHUKLA) है। विद्यालय अभिलेखों में उसका वास्तविक नाम ही दर्ज किया जाये। **सौरभ शुक्ला पुत्र श्री गिरिश चन्द्र शुक्ला नि.- 608, राजेन्द्र नगर, जिला लखनऊ।**

# बंगाल की जीत पर मना जोरदार जश्न

## पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रचंड जीत पर भाजपा नेताओं ने सीएम योगी को दी बधाई



गोरखपुर। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। पश्चिम बंगाल के चुनाव में सीएम योगी की रैलियों ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जबरदस्त माहौल बनाया और सोमवार को चुनाव परिणाम आने के बाद गोरखपुर के भाजपाई खुशी से झूम उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ से महराजगंज होते हुए देर शाम गोरखपुर पहुंचे। एमपी पॉलिटेक्निक ग्राउंड के हेलीपैड पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि ने मुख्यमंत्री की अगवानी करते हुए पुष्पगुच्छ देकर उनका भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली शानदार जीत के लिए उल्लास और उमंग के साथ सीएम योगी को बधाई दी। हेलीपैड पर भाजपा नेताओं की बधाई स्वीकार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले शिवावतार महायोगी गोरखनाथ का विधि विधान से दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात वह अपने पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की समाधि स्थल पर आए और उनकी प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर आशीर्वाद लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने झालमुढ़ी वितरित कर मनाया जीत का जश्न



गगहा, गोरखपुर। पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत मिलने पर सोमवार को विधानसभा बांसगांव के गगहा मंडल में भाजपा कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस बार कार्यकताओं ने मिष्ठान के साथ ही झालमुढ़ी वितरित कर खुशियों को साझा किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री एवं बांसगांव कमलेश पासवान तथा वरिष्ठ कार्यकताओं की उपस्थिति में ॿभारत माता की जयॿ, ॿवंदे मातरम्ॿ और ॿभारतीय जनता पार्टी जिंदाबादॿ के गगनभेदी नारों के साथ कार्यकताओं के बीच झालमुड़ी एवं मिष्ठान वितरित कर खुशियां साझा की गईं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मस्थली पश्चिम बंगाल में कमल खिलना, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता द्वारा उन्हें दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है। आज की यह ऐतिहासिक जीत पश्चिम बंगाल में विकास की नई धारा प्रवाहित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। अब बंगाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद पांडेय, मंडल मंत्री विनय कुमार शुक्ल, पंकज सिंह, यशवंत चंद कौशिक, शशि भूषण राय, राकेश सिंह, दुर्गेश सिंह, सनोज चौधरी, बबलू गौड़, संदीप चंद कौशिक, आनंद जायसवाल, राजू गुप्ता, राकेश निगम, प्रिंस निगम सहित भारतीय जनता पार्टी के मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक जीत मिलने पर भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे, जमकर मनाया जश्न



गोला, गोरखपुर। पश्चिम बंगाल असम और पुडूचेरी विधानसभा के चुनाव में भाजपा को शानदार ऐतिहासिक विजय मिलते ही उपनगर गोला में कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे और घरों से बाहर निकल भाजपा की जीत का जमकर जश्न मनाया। भाजपाईयों ने जीत की खुशी में अबीर-गुलाल उड़ाने के साथ जमकर पटाखे फोड़े और मिष्ठान वितरित कर खुशियों को साझा किया।

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत के साथ प्रचंड जीत मिलते ही भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता उपनगर गोला के चौक बाजार में बड़े उत्साह के साथ भाजपा का नारे लगाते हुए पटाखे फोड़े और बैंडबाजा की धुन पर नाचकर जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। बता दें, सोमवार को रूझान मिलने के साथ ही कार्यालय के सामने बैंड बाजा बजाकर कार्यकर्ता झूमने नाचने लगे और अबीर गुलाल लगाकर पटाखा फोड़ा। कार्यालय के आसपास उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कसौधन ने कहा कि यह जीत यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के काम के भरोसे जीत है। जनता ने तुष्टीकरण को नकारते हुए सुशासन एवं विकास को महत्व दिया। जनता का एक एक वोट नये भारत के निर्माण में सहायक बनेगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, मंडल अध्यक्ष गोपालपुर संदीप सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश निषाद, डॉ बृजभूषण मिश्र, रमेश तिवारी राजेश जायसवाल, आकाश जायसवाल, अनिल वर्मा, संजय मद्धेशिया, सुदर्शन कसौधन, इमरान अंसारी, अमरनाथ निषाद, गुड्डू सोनकर, दीपक जायसवाल, दीपू जायसवाल, रिंकू चौधरी, अक्षैबर जायसवाल, गुलाब गुप्ता, देवानंद रजक, तेरस प्रसाद, भानु प्रताप सिंह व पिंटू अग्रवाल सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में जीत का जश्न मनाया



इटावा। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने शहर के शास्त्री चैराहा पर ढ़ोल नागाड़ो के साथ आतिशबाजी चलाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। मीडिया को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास का परिणाम है। पीएम नरेंद्र मोदी के में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं लोक जन-कल्याणकारी कार्यों के चलते आज तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिला है। पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा पर विश्वास करके लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार को जनता ने उखाड़ फेंका है, और अब यह प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर होगा तथा सुशासन स्थापित होगा। जश्न कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशोक चैबे, कृपानारायण तिवारी, बासु चैधरी, यशवर्धन चैधरी, अमित तिवारी, अनूप जाटव, संजीव भदौरिया, जिला मंत्री आयुष राज, राजकमल यादव, सुरेश राजपूत, अभिषेक मिश्रा, मधु तोमर, संजू बाबू शाक्य, जितेंद्र पाल, प्रीति दुबे, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, सोशल मीडिया जिला संयोजक विमलेश शाक्य, सनी शर्मा, कमलेश कठेरिया, सभासद पूनम पाण्डेय, नीतू नारायण मिश्रा, मनीषा शुक्ला, सोनिया चक, पूनम तिवारी, मोहिनी राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सैफई पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया



इटावा। जिले की सैफई थाना पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 14 मोटरसाइकिलें, एक तमंचा, कारतूस और दो चाकू बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना अभी फरार है, जिस पर 17 मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपी मैनपुरी जनपद के रहने वाले बताए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में पूरे मामले का खुलासा किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एसपी ग्रामीण और सीओ सैफई केपी सिंह के नेतृत्व में सैफई थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी अपनी टीम के साथ लगातार अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध वाहन चोर क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई। पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही रकुईया नहर पुल के पास और नगला चैनसुख के आसपास घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान पांच आरोपियों को रकुईया नहर पुल से और तीन आरोपियों को नगला चैनसुख के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में विनय, महकेन्द्र उर्फ गोलू, संजय उर्फ संजू, सौरभ उर्फ शीलू, निखिल कुमार, धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का और राहुल शाक्य शामिल हैं, जो सभी मैनपुरी के थाना किशनी क्षेत्र के नगला मनी गांव के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी और उसके आसपास के क्षेत्रों को निशाना बनाकर मोटरसाइकिल चोरी करता था। बरामद 14 मोटरसाइकिलें इटावा के अलावा अन्य जनपदों से भी चोरी की गई थीं। पुलिस के अनुसार गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और कई जिलों में वारदातों को अंजाम दे चुका है। फरार सरगना की तलाश में पुलिस की दबिश पुलिस के अनुसार इस गिरोह का मुख्य सरगना अभी फरार है, जिस पर 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## विधानसभा में गूंजा उन्नाव का स्वर , ऋषि वैभव मिश्र ने बढ़ाया जनपद का मान



उन्नाव। राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के अंतर्गत विधानसभा में आयोजित तीसरे दिन के सत्र में जहाँ 50 युवा वक्ताओं ने अपने विचारों से राष्ट्र चिंतन को नई दिशा दी, वहीं उन्नाव जनपद के ऊगू नगर के युवा प्रतिभागी ऋषि वैभव मिश्र ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से पूरे सदन का ध्यान आकर्षित किया। केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना विषय पर बोलते हुए ऋषि वैभव मिश्र ने रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास, शिक्षा की गुणवत्ता तथा युवा नेतृत्व की भूमिका पर सशक्त विचार प्रस्तुत किए। उनके वक्तव्य में जमीनी समझ के साथ राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का संतुलित समन्वय स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उनकी ओजस्वी वाणी और तार्किक प्रस्तुति से सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांवों को आत्मनिर्भर बनाकर युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। ऊगू नगर जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर विधानसभा के मंच पर अपनी पहचान बनाने वाले ऋषि वैभव मिश्र ने न केवल उन्नाव जनपद का मान बढ़ाया, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी और प्रभावशाली प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्नाव के युवा भी राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने में सक्षम हैं।

## जहरीले कीड़े के काटने से हुई किशोरी की मौत

पुरवा (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के असोहा विकासखंड के,गांव मझखोरिया में, 16 वर्षीय किशोरी को तकरीबन 7 बजे, घर में ही किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ने लगी। जिससे परेशान होकर किशोरी ने,अपने परिजनों को किसे कीड़े के काटने की जानकारी दी,जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक किशोरी को चक्कर आने लगे, और वो बेहोस होकर गिर गई, परिजनों को सर्प दंश कि , आशंका हुई, जिसके बाद परिजन तत्काल किशोरी को रकबा गांव ले गए,किसी सर्प दंश के झाड़-फूक वाले के पास,जहां पर पहुंचने के बाद ,उसने किशोरी की हालत को गंभीर बताया, और जिला अस्पताल उन्नाव ले जाने की सलाह दी, परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए,जहां पहुंचने के बाद वहां मौजूद डॉक्टरों प्राथमिक जांच के बाद,किशोरी को मृत घोषित कर दिया, मृतका किशोरी की पहचान रीता (16)पुत्री बाबू लाल वर्मा निवासी ग्राम मझखोरिया पोस्ट बैगांव के रूप में हुई है वहीं सूचना पर कोतवाली पुरवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, मृतका किशोरी की मौत के बाद,परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है।

## बैसवारा का प्रतिनिधित्व युवा संसद में सचिन यादव ने किया



उन्नाव बैसवारा का प्रतिनिधित्व करते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर अपने विचार सदन के समक्ष रखे। कॉलेज में हुई जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभाग किया और तत्पश्चात राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चयन हो गया और विधानसभा में बोलने का मौका मिला। सचिन यादव जनपद उन्नाव के बीघापुर तहसील के बैजुआमऊ गांव के गंगा नारायण यादव के पुत्र है। सचिन यादव क्षेत्र के त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के सामाजिक विषय के अध्यापक भी और छात्र भी रहे। इस महान उपलब्धि के लिए सचिन नें डॉ रचना त्रिवेदी जी कार्यक्रम अधिकारी, संजीव सिंह जिला युवा अधिकारी उन्नाव, अनुपम कुमार जी युवा अधिकारी माय भारत, प्रशांत शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी बाबू जय शंकर महाविद्यालय और त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के प्रबंधक कमल बहादुर सिंह, शिवेश सिंह आदि सभी प्रेरणादायक एवं साहस प्रदान करने वाले गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया है।

## भूमाफियाओं की दबंगई, न्यायालय के आदेश के 18 माह बाद भी नहीं हुई बेदखली की कार्रवाई

गोला/चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा में निवास करने वाले खखाइजखोर निवासी उमाशंकर शुक्ला ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गोला तहसील में भूमाफियाओं का इस कदर बोलबाला है कि न्यायालय के आदेश का 18 महीने बाद भी पालन कराना मुश्किल हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की घोषणा गोला तहसील में हवा हवाई साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि गोला तहसील के ग्राम सभा खखाइजखोर तप्पा मजुरी परगना धुरियापार की पोखरी गाटा संख्या 954 रकबा 0-085 हेक्टेयर पर गांव के ही संतोष व कृष्ण कुमार पुत्रगण सत्यनारायण द्वारा पाट कर मकान का निर्माण करा लिया गया है। जिसके परिपेक्ष्य में हल्का लेखपाल द्वारा 1/8/17 को उक्त अतिक्रमणीय के विरुद्ध उ0प्र0राज0संहिता 2006 की धारा 67(1) के तहत जुमार्ना व बेदखली की कार्रवाई किए जाने हेतु रिपोर्ट प्रेषित किया गया था। रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय तहसीलदार गोला के न्यायालय में कंप्यूटरीकृत वाद संख्या ३2017053135071505 वाद संख्या 1505/2017 दर्ज हुआ। तथा विभिन्न कार्यवाहियों के बाद न्यायालय तहसीलदार गोला द्वारा 4/10/2024 को संतोष व कृष्ण कुमार पुत्रगण सत्यनारायण पता उपरोक्त के विरुद्ध बेदखली तथा 25075 रुपए क्षतिपूर्ति का आदेश पारित हुआ। लेकिन 18 महीने से अधिक का समय बीत गया। तहसील पर इस तरह भूमाफियाओं का प्रभाव है कि आज तक बेदखली की कार्रवाई नहीं हो सकी ।उमाशंकर शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस संबंध में की गई कई बार की शिकायतों पर हल्का लेखपाल द्वारा भ्रमित व गलत रिपोर्ट प्रेषित शासन प्रशासन को गुमराह कर दिया गया। उन्होंने हल्का लेखपाल पर भूमाफियाओं के साथ साठ गांठ होने का आरोप लगाया है। तथा उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर न्यायालय तहसीलदार गोला के आदेश दिनांक 4/10/24 बेदखली के आदेश का पालन कराने तथा दोषी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग किया है। उक्त के संबंध में तहसीलदार गोला से बात करने पर उनके अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार ने बताया कि तहसीलदार साहब नहीं है। आने पर प्रकरण की जानकारी दी जाएगी।

## मनोज सिंह कुशवाहा निर्विरोध अध्यक्ष तय

जसवंतनगर, इटावा। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव इस बार युवाओं के उत्साह और सक्रिय भागीदारी के कारण चर्चा में हैं। चुनावी प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद के लिए 4 मई को दोपहर 2 बजे तक नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। निर्धारित समय सीमा तक केवल एक ही नामांकन पत्र युवा अधिवक्ता मनोज सिंह कुशवाहा द्वारा दाखिल किया गया। ऐसे में उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है, जिससे समर्थकों में खुशी का माहौल है। बार एसोसिएशन में लंबे समय बाद ऐसा अवसर आया है जब नेतृत्व की कमान पूरी तरह युवा हाथों में जाती दिखाई दे रही है। अधिवक्ताओं का मानना है कि युवा नेतृत्व से संगठन में नई ऊर्जा, पारदर्शिता और सक्रियता आएगी, जिससे अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा वहीं महामंत्री पद के लिए मुकाबला रोचक और कड़ा होने की संभावना है। इस पद के लिए युवा अधिवक्ता संदीप वर्मा और सौरभ चैहान ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। दोनों ही प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन आधार के साथ मैदान में हैं, जिससे चुनावी माहौल गर्म हो गया है और अधिवक्ताओं के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया के अगले चरण के तहत नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी 11 मई को निर्धारित की गई है। इसके बाद यदि दोनों प्रत्याशी मैदान में बने रहते हैं तो 18 मई को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, जिसमें सभी पंजीकृत अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अन्य पदों के लिए अध्यक्ष और महामंत्री द्वारा संयुक्त रूप से मनोनयन किया जाएगा।

## लापता युवक का शव कुएं में मिला

इटावा। सात दिन से लापता युवक का शव गांव के पास एक खेत के कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक घर से नाराज होकर निकला था और उसके बाद से लापता था। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को शव का पता चला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बसरेहर थाना क्षेत्र के चकवा खुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय रजनीश का शव गांव के पास माधो सिंह के खेत में बने कुएं में मिला। सोमवार को खेतों में जानवर चरा रहे किसानों को कुएं से तेज दुर्गंध आई। जब उन्होंने अंदर झांककर देखा तो एक शव औंधे मुंह पड़ा दिखाई दिया। यह खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। बताया गया कि रजनीश 28 अप्रैल को घरेलू कहासुनी के बाद नाराज होकर घर से निकल गया था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उसके पिता जगराम सिंह यादव ने बसरेहर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर नमूने लिए।

## जिला प्रबंधक बने प्रतिमा शंकर

इटावा। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त प्रतिमा शंकर दीक्षित ने इटावा स्थित जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक (आर.ए.एम.पी) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के लंबित मामलों के संबंध में सभी संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों को निपटाने का प्रयास करेंगे। उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा ने जानकारी देते हुए बैंक प्रबंधकों से कहा है कि लंबित मामलों के समय पर निपटान के लिए अपना पूर्ण सहयोग दें और उनके साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। उनकी नियुक्ति का उद्देश्य समन्वय में सुधार करना और योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाना है।

## डीआईओएस के निधन पर शोकसभा आयोजित

गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज, ककरही के प्रांगण में गोरखपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक स्वर्गीय डॉ. अमरकांत सिंह के असामयिक निधन पर प्रबंधक रवि प्रताप राय की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने व शिक्षक नेता अजय कुमार शुक्ल ने डॉ. अमरकांत सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। और अपनी बोली भाषा से किसी को भी अपना बना लेते थे। यही कारण था कि वे जनपद के शिक्षकों और छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। उन्हें हमारे विद्यालय से। विशेष लगाव रहता था।

## नगर पालिका भरथना में बोर्ड की बैठक सम्पन्न



भरथना, इटावा। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिका सभागार में चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मौजूद सभासदों ने विकास कार्य से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखे।

पालिका सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया लिपिक के बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2025- 2026 में हुई मदवार आय-व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2026-2027 की अनुमानित मदवार आय-व्यय (बजट) को पढ़कर सुनाया। विचार विमर्श उपरान्त बोर्ड के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। अनुमानित 27.13 लाख रुपए के घाटे को पूर्ण कराने के लिए बैठक में उपस्थित अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा व अध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू के द्वारा सम्बन्धित पटल सहायकों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वहीं उपस्थित सभासदों द्वारा अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य कराये जाने, पथ प्रकाश व्यवस्था, सफाई, पेयजल व्यवस्था उत्तम किये जाने के सन्दर्भ में प्रस्ताव रखे गये। साथ ही नगर के समस्त नालों को बरसात से पूर्व साफ कराये जाने के निर्देश भी दिये गये तथा नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने, बारातघरों को ठीक कराये जाने, नगर में विभिन्न सड़कों को बनाये जाने, वॉटर कूलरों की मरम्मत कराये जाने, शासन को नवीन योजनाओं में प्रस्ताव (डीपीआर) प्रेषित किये जाने, जनहित के कार्यों को कराये जाने के लिये प्रस्ताव स्वीकृत हुये। इस दौरान पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू व अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा ने समस्त सभासदों व नगरवासियों से नगर की स्वच्छता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 व पालिका के बकाया करों को जमा कराये जाने व पालिका का सहयोग करने के लिये अपील भी की। बोर्ड बैठक के दौरान सभासद सीमा, मीरा, रीना देवी, सुनील कुमार, नीतेश कुमार, शिवा यादव, चॉदनी, वीरेन्द्र, पूजा देवी, गीता देवी, चन्द्र प्रताप दुबे आदि के अलावा लिपिक आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, मोहित यादव, अरविन्द रावत, राहुल त्रिपाठी, जलकल पर्यवेक्षक अशोक यादव, सफाई प्रभारी पंकज दुबे, महेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः 05/S.E.(TECH)/J.Z./2026-27 वि.आ.सं.-1089 दिनांक 04.05.2026

कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता 33 के.वी. जानकीपुरम क्षेत्र के कार्य क्षेत्रान्तर्गत जमा योजना में एकेटीयू के पास डबल पोल, 33/11 के.वी. सहारा स्टेट भूमिगत लाइन व 33 के.वी. सी.डी.आर.आई. की भूमिगत लाइन जोकि व्यवसायिक प्लाट संख्या सी.पी.-1, सेक्टर-जे विस्तार एवं जानकीपुरम विस्तार से होकर गुजरने वाली 33 के.वी. भूमिगत लाइन को विस्थापित करने का कार्य हेतु।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 3540.00 | धरोहर राशिः रू. 38000.00 |

ई-निविदा की अन्तिम तिथिः 19 मई 2026, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से नहर में गिरी ओमनी

लखीमपुर खीरी। धौरहरा वाली पुलिया के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने ओमनी कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और ओमनी का शीशा तोड़कर अंदर फंसे चालक को बाहर निकाला। समय रहते मदद मिलने से उसकी जान बच गई। बताया जा रहा है कि चालक को हल्की चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया के पास सड़क संकरी होने और तेज रफ्तार के कारण यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं।

## ज्येष्ठ मास में बड़े मंगलवारों पर सुन्दरकाण्ड पाठ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवारों को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला शुरू हो गई है। विभिन्न मंदिरों में सुन्दरकाण्ड पाठ, भजन-कीर्तन और भण्डारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को जोड़ने की तैयारी की गई है। श्रृंखला का पहला आयोजन 5 मई को श्री लक्ष्मणजती मन्दिर में सुबह 8 बजे से होगा। इसके बाद 12 मई को श्री त्रिलोक गिरि मन्दिर, 19 मई को श्री चैसन्दे बाबा पड़रियातुला, 26 मई को श्री हनुमान मन्दिर अलीगंज, 2 जून को श्री देवी मन्दिर लाल्हापुर, 9 जून को शनिदेव मन्दिर हरीनगर कुम्भी और 16 जून को श्री हनुमान मन्दिर मैलानी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन 23 जून को शिव मन्दिर में सायं 5 बजे होगा। आयोजकों के अनुसार सभी कार्यक्रमों में सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ भजन-कीर्तन और भण्डारे की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधायक अमन गिरि ने ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवारों की शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजकों ने भी क्षेत्रवासियों को सपरिवार आमंत्रित किया है।

## युवक पर लाठी डंडों से हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुंदरपुर में तिलक समारोह के दौरान विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडों से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्राम सुंदरपुर निवासी राधेश्याम पुत्र बनवारी लाल रविवार रात करीब 11 बजे अपने भाई के साथ एक तिलक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही तीन लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। बताया गया कि राधेश्याम के भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे राधेश्याम पर भी हमला कर दिया गया और सिर पर लाठी से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए भेजा गया है।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं का जश्न





सीतापुर। पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद जनपद सीतापुर में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिठाई बांटी, आतिशबाजी की और नारेबाजी कर खुशी जाहिर की। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके आवास से जुलूस निकालते हुए लालबाग स्थित अटल चैक तक पहुंचकर ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। बताया गया कि अचिन मेहरोत्रा को पश्चिम बंगाल के आरामबाग विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां पार्टी को उल्लेखनीय बढ़त मिली। वहीं, भाजपा जिला कार्यालय पर भी प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में जीत का जश्न मनाया गया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि बंगाल की यह प्रचंड विजय विकसित भारत के मार्ग में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि यह जीत देश में भाजपा के बढ़ते जनाधार का संकेत है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाईं। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें 2027 के उत्तर प्रदेश चुनाव को लक्ष्य बनाकर रणनीति पर चर्चा की गई। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बंगाल जीत पर संदना मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

संदना/(सीतापुर)। पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर संदना मंडल में कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र अवस्थी ने कहा कि यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि बंगाल में बदलाव के साथ अब आम जनता को राहत मिली है और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर मंडल के कई लोग मौजूद रहे।

## बारिश से गेहूं की फसल जलमग्न

सकरन/सीतापुर। सोमवार सुबह हुई तेज बारिश ने क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक हुई मूसलाधार वर्षा के चलते सैकड़ों बीघा गेहूं की कटी पड़ी फसल खेतों में ही जलमग्न हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। क्षेत्र के कस्बा निवासी विजय प्रताप वर्मा की करीब 20 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई। वहीं रामसनेही की लगभग 5 बीघा और गोडियनपुरवा निवासी रामपाल की 4 बीघा गेहूं की फसल भी बर्बाद हो गई। इसके अलावा तारपारा, सुमरावा समेत आसपास के कई गांवों में किसानों की कटी हुई फसल खेतों में ही भीगकर खराब हो गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के बाद खेतों में रखी गई थी, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश से उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। कई किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। हालांकि इस बारिश से गन्ना, मक्का और केला जैसी फसलों को लाभ पहुंचा है।

# जेल में बंद दहेज हत्या के आरोपी ने लगायी फांसी, मचा हड़कंप

सीतापुर। जिला कारागार में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब दहेज हत्या के मामले में विचाराधीन एक बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना जेल परिसर के अंदर स्थित आटा चक्की पर हुई, जहां बंदी कार्य कर रहा था। मृतक की पहचान मुनेन्द्र (पुत्र रमेश), निवासी ग्राम दनियारपुर, थाना मिश्रिख के रूप में हुई है। उसे 8 अप्रैल 2026 को दहेज हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था और तब से वह जिला कारागार में निरुद्ध था। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह अपनी निर्धारित बैरक से आटा चक्की पर काम करने गया था। इसी दौरान, जब वहां मौजूद एक अन्य बंदी कुछ समय के लिए वहां से चला गया, तो मुनेन्द्र ने अपनी लुंगी से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद अन्य बंदियों की नजर उस पर पड़ी तो वह फंदे से लटका मिला। बंदियों ने तत्काल शोर मचाया और उसे नीचे उतारकर जेल प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और जेल प्रशासन द्वारा उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुनेन्द्र की पत्नी अंकिता (25), निवासी ग्राम डेंगरा, थाना नैमिष, की करीब चार वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि विवाह के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और ससुराल पक्ष द्वारा तीन लाख रुपये की मांग की जा रही थी। इसी विवाद के चलते अंकिता की हत्या का आरोप मुनेन्द्र पर लगा था, जिसके बाद वह जेल में बंद था। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जेल अधीक्षक प्रीति यादव ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। वहीं, मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का किसानों को मिला चेक



लखीमपुर खीरी। विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान लाभार्थियों को दावा राशि दी गई। जिला खीरी में कुल 380 किसानों को ?14.82 लाख की दावा राशि प्रदान की गई, जिसमें से 5 चयनित किसानों को प्रतीकात्मक (डेमो) चेक दिया गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक द्वारा डेमो चेक विधायक योगेश वर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, डीडी (एग्री) गिरीश चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल के चुनाव में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न




मोहम्मदी खीरी। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद आए परिणामों पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने रामलीला गेट पर कार्यकताओं के साथ जश्न मनाते हुए सुशासन की जीत बताया है। उन्होंने कार्यकताओं को अपनी वाणी पर संयम बनाए रखने की अपील करते हुए लोगों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया है। उन्होंने कहा परिवर्तन सृष्टि का नियम है। राजनीति में जीत और हार चलती रहती है। इस मौके पर नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा आनंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सभासद सुशीला वर्मा, गौरव मेहरोत्रा अनिल शर्मा बरतारिया शिवम मिश्रा बृजेश गुप्ता राम भरोसे वर्मा राम मोहन रस्तोगी अनुज सिंह आशीष त्रिवेदी शिवम गुप्ता सुशील वर्मा अवनीश सिंह संजीव मेहरोत्रा रंजीत सिंह अरुण राठौर विमल बाजपेई धीरेश सिंह प्रियांशु राजपाल भीष्म कुमार संतोष देओल बसंती, रंजीत वर्मा, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर धौरहरा में जश्न



धौरहरा खीरी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की खबर मिलते ही धौरहरा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कस्बा के तहसील परिसर में भाजपा कार्यकर्ता जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम और कन्हैया बाजपेयी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्र हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया। मिठाई बांटी गई और लोगों को जीत की बधाई दी गई। कार्यकताओं का कहना था कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व की नीतियों तथा कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। इस मौके पर स्थानीय गोपाल शंकर अवस्थी, डाक्टर मुकेश गुप्ता, सभासद नंदकिशोर जायसवाल, नितिन गुप्ता, ? और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशसान ने हटवाया अतिक्रमण



धौरहरा खीरी। क्षेत्र के नामदारपुरवा गांव में करीब छह माह पूर्व गांव के 13 लोगों ने धौरहरा के किसानों की जमीनों पर अबैध कब्जा कर झोपड़ी डाल लिया था। पीड़ित किसानों ने थाना दिवस तहसील दिवस सहित मुख्यमंत्री से शिकायत की पर समाधान नहीं हो सका मजबूरन किसानों ने उच्च न्यायालय का सहारा लिया। उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसील प्रसाशन ने अतिक्रमण हटवाया।

> गांव चकबंदी में होने के चलते निजी भूमि से कब्जा हटाने की कार्यवाई भी उन्हें ही करनी थी। पर नहीं हो सका किसानों ने हाईकोर्ट में याचिका की हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध अतिक्रमण राजस्व और पुलिस बल ने हटवा दिया है
>
> शशिकांत मणि
> एसडीएम धौरहरा

धौरहरा तहसील क्षेत्र के अमेठी ग्राम पंचायत के नामदारपुरवा गांव में वहीद खां, हमीद खां राशिद, जमशेद गुलशेर, फरीद, नावेद, सईद खां सहित 13 किसानों की गाटा संख्या 1398 रक्बा 1.1398 भूमि पर छत्रपाल, अशोक, सतीश, राकेश, अमरजीत, अमित, मीरादेवी, मधू, महराजा, जल्लू, मुन्ना आदि ने झोपड़ी डाल कर कब्जा कर लिया। और उन झोपड़ी पर सत्ताधारी पार्टी का झंडा भी लगा लिया। पीड़ित किसानों ने एसडीएम शशिकांत मणि सहित थाना दिवस, तहसील दिवस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतें की पर अबैध कब्जा नहीं हटा। जिसके बाद किसानों ने उच्च न्यायालय का सहारा लिया। उच्चन्यायालय के आदेश पर सोमवार को राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बुलडोजर चलाकर कर अबैध झोपड़ी हटवा दी।

# 71 बीघा जमीन पर राज्य सरकार का अधिकार, प्लाईवुड फैक्ट्री विवाद में डीएम कोर्ट का बड़ा फैसला

सीतापुर। जनपद के बिजवार क्षेत्र में स्थित वर्षों से बंद पड़ी प्लाईवुड फैक्ट्री से जुड़े बहुचर्चित भूमि विवाद में जिलाधिकारी न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए करीब 71 बीघा जमीन को राज्य सरकार में निहित (वेस्ट) करने का आदेश दिया है। कोर्ट द्वारा जारी 61 पृष्ठों के विस्तृत आदेश को फैक्ट्री गेट पर चस्पा कर दिया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में इस निर्णय की व्यापक चर्चा हो रही है।

यह फैक्ट्री वर्ष 1939 से 1999 तक संचालित रही, लेकिन इसके बाद बंद हो गई थी। फैक्ट्री बंद होने के बाद से ही जमीन के स्वामित्व को लेकर विवाद लगातार बना हुआ था। इसी क्रम में फरवरी 2026 में कानपुर निवासी आबिद, आदिल व सीमा जफरुल्ला ने मालिकाना हक का दावा करते हुए जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत दस्तावेजों की गहन जांच की, जिसमें कई गंभीर खामियां और तथ्यों में विसंगतियां पाई गईं। इन कमियों के चलते अदालत ने अपील को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि फैक्ट्री के विदेशी स्वामी हेनरी थॉमसन के भारत छोड़ने के बाद यह संपत्ति ‎ह्वबोना वेकेंटियाह्ल (स्वामीविहीन संपत्ति) की



श्रेणी में आ गई थी। ऐसे मामलों में कानूनन संपत्ति स्वतः राज्य सरकार के अधीन चली जाती है, इसलिए किसी भी निजी व्यक्ति या संस्था का दावा वैध नहीं ठहराया जा सकता।

सुनवाई के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संपत्ति पर बंधक होने का दावा किया गया, जबकि श्रमिक संगठन ने 10 करोड़ रुपये से अधिक बकाया भुगतान की मांग रखी। हालांकि न्यायालय ने दोनों दावों को अस्वीकार करते हुए कहा कि जब मूल स्वामित्व ही संदेहास्पद है, तो उस पर आधारित कोई भी वित्तीय या कानूनी दावा मान्य नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार, इस भूमि पर हाल के दिनों में प्लाटिंग की तैयारी भी चल रही थी। लेकिन डीएम कोर्ट के इस फैसले ने ऐसे सभी प्रयासों पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने एनएचएआई द्वारा पूर्व में दिए गए मुआवजे की वसूली के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। इस निर्णय को प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे न केवल सरकारी भूमि पर अवैध दावों पर रोक लगेगी, बल्कि भविष्य में ऐसे मामलों के लिए एक सख्त मिसाल भी स्थापित होगी।

### क्या है बोना वेकेंटिया?

बोना वेकेंटिया एक कानूनी सिद्धांत है, जिसके तहत यदि कोई संपत्ति बिना वैध स्वामी के रह जाती है जैसे मालिक की मृत्यु हो जाए या वह देश छोड़ दे और कोई उत्तराधिकारी न होकृतो वह संपत्ति स्वतः राज्य सरकार के अधिकार में चली जाती है।

### फैक्ट्री से जुड़ी प्रमुख बातें

स्थापनाः 1939
बंद होने का वर्षः 1999
कुल विवादित भूमिः
लगभग 71 बीघा
आदेशः डीएम न्यायालय, सीतापुर
वर्तमान स्थितिः राज्य
सरकार में निहित

# विद्या मंदिर के पुरातन विद्यार्थियों का डेंटल हाइजिनिस्ट पद पर चयन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र-छात्राओं के डेंटल हाइजिनिस्ट पद पर चयन से विद्यालय में उत्साह का माहौल है। संस्थान ने इस उपलब्धि को अपनी शैक्षिक गुणवत्ता और संस्कारयुक्त शिक्षा का परिणाम बताया है।



प्रधानाचार्य राज कुमार कनौजिया ने कहा कि विद्यालय के पुराने छात्र-छात्राएं आज समाज, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की शिक्षा पद्धति छात्रों में अनुशासन, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करती है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय की पूर्व छात्राएं दीक्षा पटेल, आनंदिता पटेल और छात्र गौरव वर्मा का डेंटल हाइजिनिस्ट पद पर चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा भी है कि कठिन परिश्रम और सही दिशा में प्रयास करने से सफलता हासिल की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई। प्रबंधक आदित्य कुमार पुरवार और कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थी ही संस्थान की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

## अलग-अलग हादसों में तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गोपालापुर निवासी 60 वर्षीय रुद्धा, हैदराबाद थाना क्षेत्र के बाबरपुर निवासी राम सिंह और मैलानी क्षेत्र के ग्राम भरिगवां निवासी हरिपाल अलग-अलग दुर्घटनाओं में घायल हुए। हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## छात्रा से छेड़छाड़, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अलीगंज रोड पर सोमवार दोपहर कोचिंग जा रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है। मोहल्ला नीचीभूड़ की रहने वाली छात्रा को बाइक सवार युवकों ने रास्ते में रोककर अभद्रता की। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में मनचलों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। आरोप है कि एंटी रोमियो स्क्वायड और पुलिस की गश्त प्रभावी नहीं है, जिससे ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने कहा कि गश्त केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। घटना के बाद अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा के ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। शहरवासियों ने पुलिस प्रशासन से अलीगंज रोड के सीसीटीवी फुटेज खंगालने, संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने और कोचिंग समय में विशेष निगरानी की मांग की है। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान तेज, 258 चालान

सीतापुर। जनपद में जिलाधिकारी श्री राजा गणपति आर. जी. के निर्देश पर चलाया जा रहा नो हेलमेट, नो फ्यूलह्व विशेष अभियान 1 से 15 मई तक प्रभावी रूप से जारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों में कमी लाना है।



अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीमों द्वारा जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर लगातार सघन चेकिंग की जा रही है। बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे वाहन चालकों को ईंधन न देने के निदेर्शों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इससे लोगों में हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता बढ़ती दिखाई दे रही है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के चैथे दिन सोमवार को 56 बाइक चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई, जबकि 186 लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 258 बाइक सवारों के चालान किए जा चुके हैं और 950 लोगों को जागरूक किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हेलमेट का प्रयोग वाहन चालक की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह सिर को गंभीर चोटों से बचाने के साथ सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करने में भी सहायक होता है। बिना हेलमेट वाहन चलाना मोटर वाहन अधिनियम की धारा 94(डी) के तहत दंडनीय अपराध है, जिसके तहत 1000 रुपये तक का जुमार्ना निर्धारित किया गया है। इस अभियान में पीटीओ एम. ए. आब्दीन सहित प्रवर्तन टीम के अन्य आरक्षी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और नियमों का पालन करें।

# डीएम-विधायक ने किया स्थलीय निरीक्षण पर्यटन विकास को लेकर बनी रूपरेखा



- नालों के पानी को रोकने को एसटीपी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश
- श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नए घाट निर्माण पर जोर

लखीमपुर खीरी। शहर के प्रमुख आस्था स्थल सेठघाट को पर्यटन के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सदर विधायक योगेश वर्मा ने अफसरों की टीम के साथ सेठघाट का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की रूपरेखा तय की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने उल्ल नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर शहर के नाले नदी में गिर रहे हैं, वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन को भेजा जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नदी किनारे आवश्यकतानुसार नए घाटों के निर्माण का प्रस्ताव भी सिंचाई महकमें को तैयार करने को कहा। विधायक योगेश वर्मा ने सेठघाट पर अब तक पर्यटन विभाग और अपनी विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी डीएम को दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन के सहयोग से सेठघाट को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर डीएम ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया, तहसीलदार (सदर) मुकेश कुमार वर्मा, ईओ संजय कुमार, अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) ई. अजय कुमार, अवर अभियंता नगर पालिका परवीन, एडीओ पंचायत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी शामिल रहे।

# भारी बारिश के बाद डीएम ने काशीराम कॉलोनी का किया निरीक्षण



सीतापुर। जनपद में हुई भारी बारिश के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को काशीराम कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बारिश के कारण कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही तेज हवाओं के चलते गिरे पेड़ों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन प्रभावित न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहते हुए त्वरित कार्रवाई करने को कहा। डीएम ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि वे लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें। यदि कहीं जलभराव, बिजली समस्या या अन्य कोई परेशानी सामने आती है तो उसका तत्काल मौके पर समाधान कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर जर्नादन समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा की जा रही इस सक्रियता से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## चार धाम यात्रा के लिए आठ सदस्यीय दल रवाना

बिसवां/सीतापुर। चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के आठ सदस्यीय दल को रविवार को बिसवां में भव्य विदाई दी गई। पंच कैलाशी शिव साधिका साधना दीदी के नेतृत्व में यह दल धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बिसवां बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में यात्री दल का माल्यार्पण कर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय रहा। यात्रा दल में शशि मिश्रा (गुड़िया), शैली शर्मा (बबली), सुनीता गुप्ता, सीमा रस्तोगी, कैलाश रस्तोगी, लल्ली मिश्रा और माधवी मिश्रा शामिल हैं, जो चार धाम यात्रा के लिए उत्साहपूर्वक रवाना हुए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एडवोकेट अनमोल कन्हैया, अश्वनी बाजपेई, ऊषा किरण मिश्रा, गीता बाजपेई, अजय बाजपेई, आरती मौर्या, उमा गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, रेनू सिंह, अंकित, आलोक मिश्रा, गोल्डी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने यात्रियों को फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

## संक्षेप

### जालपा मंदिर के पास नदी में मिला शव, बहन ने की पहचान

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। कोइरीपुर नगर पंचायत में सोमवार तड़के एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हलचल मच गई। जालपा मंदिर के पास पीली नदी में सुबह करीब छह बजे लोगों ने शव देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर, कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा और फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान नन्हेलाल बरनवाल लगभग 50 वर्ष निवासी कंचन नगर, कोइरीपुर के रूप में उसकी बहन सीमा ने की। वह अविवाहित था और कबाड़ बीनकर अपना जीवनयापन करता था। बताया जा रहा है कि वह मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था और घर पर अकेले रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, नन्हेलाल पिछले कुछ दिनों से दिखाई नहीं दे रहा था।उसका छोटा भाई मनोज बरनवाल मुंबई में रहता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में एफसीएम सेवाओं का शुभारंभ

सलोन रायबरेली । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में सोमवार को एनीमिया प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) सेवाओं का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा पात्र गर्भवती महिलाओं को किट वितरित कर एफसीएम की डोज दिलाई। डॉ. प्रशांत ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और पोषण संबंधी सावधानियों से इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. शुभकरन सहित समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिले से डॉ. शरद, डीएस अस्थाना, यासीन अहमद, डॉ. शिवांगी और डॉ. साक्षी समेत अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के तहत 11 पात्र गर्भवती महिलाओं को एफसीएम की डोज देकर सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# बंगाल की धरती पर कमल खिला

## लालगंज में ढोल नगाड़े और पटाखों के बीच निकला विजय जुलूस



लालगंज रायबरेली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा की भारी भरकम जीत पर लालगंज नगर में भाजपा कार्यकताओं के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया और भेलपुरी बांटी गई।

जलेबी मिष्ठान का भी वितरण हुआ। भारत माता की जय भाजपा जिंदाबाद के उद्घोषों से नगर भगवा मय हो गया।इस अवसर पर भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि

पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और सुशासन की नीति पर अटूट है। बंगाल जैसे कठिन राजनीतिक युद्धक्षेत्र में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर तृणमूल के गढ़ में सेंध लगाई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि यह जीत केवल सीटों की संख्या नहीं, बल्कि विचारधारा की जीत है।

भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मंत्र ने जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं को तोड़कर हर वर्ग को भाजपा से जोड़ा है। उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम आवास जैसी योजनाओं ने गरीब के घर तक विकास पहुंचाया। भाजपा नेता अनूप पांडे ने भाजपा की शानदार विजय पर कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे फैसलों ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नई ताकत दी है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि

ओडिशा, तेलंगाना और दक्षिण के राज्यों में भी भाजपा का जनाधार तेजी से बढ़ा है। यह बदलाव बताता है कि देश अब तुष्टिकरण नहीं, प्रदर्शन की राजनीति चाहता है। कार्यकताओं की मेहनत और मोदी की गारंटी ने विपक्ष के भ्रम को तोड़ा है।यह जनादेश 2029 के लिए भाजपा का मार्ग प्रशस्त करता है। विजय जुलूस में शिव प्रकाशपांडे, चंद्र प्रकाश पांडे, चंदन त्रिवेदी ,सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, राजेश निर्मल, सत्येंद्र बहादुर सिंह, राधेश्याम पाल, अखिलेश बाजपेई, जितेंद्र पटेल,सुरेंद्र गुप्ता,सानू बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, अर्पित गुप्ता, बीके सिंह ,बाबू तिवारी,प्रधान बच्चालाल आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने कोडर जहानपुर समेत चार गांवों में की जन-चौपाल




रायबरेली ।सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोडर जहानपुर, कबुली, गढ़ी मुतवल्ली और मधुपुरी में आयोजित जन-चैपाल एवं बैठकों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों की जन-चैपाल में ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई।विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पानी, बिजली और साफ-सफाई से जुड़े मुद्दों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा, ष्क्षेत्र की खुशहाली और प्रगति ही मेरी प्राथमिकता है।मेरा प्रयास है कि सदर विधानसभा का हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े।ग्रामीणों से मिल रहे सुझावों के आधार पर ही विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है जन-चैपाल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक अदिति सिंह ने कार्यक्रम में मिले अपार प्रेम और आशीर्वाद के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी विधायक के क्षेत्र में सक्रियता और विकास कार्यों की सराहना की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

अमेठी। जनपद के अमेठी क्षेत्र में सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। गुंगवाछ गांव के पास शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।जानकारी के अनुसार, गौरीगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी दिलेराम (करीब 55 वर्ष) शनिवार रात लगभग 10:30 बजे टीकरमाफी स्थित अपने रिश्तेदार के यहां मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर मोपेड से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अमेठी थाना क्षेत्र के गुंगवाछ गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दिलेराम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार तीन छात्राएं घायल, जिला अस्पताल रेफर

मुसाफिरखाना (अमेठी)।मुसाफिरखाना क्षेत्र के धरौली मोड़ के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने पीछे से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्राएं सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गईं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों छात्राएं स्कूटी से किसी आवश्यक कार्य से जा रही थीं।इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे के बाद कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

### युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गौरीगंज (अमेठी)।क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है।गौरीगंज अंतर्गत लोधन का पुरवा वार्ड नंबर 24 में शौच के लिए गई एक युवती के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी शिव पुत्र शिवरतन और प्रदीप पुत्र हुबलाल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि दोनों ने सुनसान स्थान का फायदा उठाकर युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# नीलेश ने रचा इतिहास

## समीक्षा अधिकारी और मंडी सचिव पद पर हुआ चयन



नसीराबाद रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत बभनपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर एक युवक ने अपनी प्रतिभा के बल पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की और क्षेत्र का नाम रोशन किया। पूरे बैशन मजरे बभनपुर के रहने वाले साधारण किसान चंद्र मौलि सिंह चैहान और गृहणी श्रीमती कंचन सिंह के सुपुत्र नीलेश कुमार सिंह का चयन समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश सचिवालय के पद पर हुआ, जिसके कुछही दिनों बाद उनका चयन मंडी सचिव के पद पर भी हो गया। अभी किसी भी पद पर उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। नीलेश की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने ग्राम डीघा में स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान एस डी पांडेय पब्लिक स्कूल से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और एस डी पांडेय इण्टर कॉलेज डीघा से ही इण्टर मीडिएट तक की पढ़ाई पूरी की।लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.एस-सी करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।इसी दौरान उनका चयन समीक्षा अधिकारी और मंडी सचिव जैसे पद पर हो गया है।प्रसिद्ध कथावाचक मुकेशानंद महाराज, भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी,पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह,एस.डी. पांडेय इण्टर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरेराम पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह,,एडवोकेट राजीव द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह,संत शरण द्विवेदी, श्याम बहादुर सिंह,कृष्ण बहादुर सिंह, उषा कांत पांडेय,सतेंद्र सिंह,अतुल सिंह,अनुराग द्विवेदी,अनीश सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# एसजेएस में नृत्य और संगीत से बांधा समां

## पंडित रुद्र शंकर मिश्रा ने कत्थक नृत्य से बच्चों को किया मंत्रमुग्ध




रायबरेली। कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में स्पिक मेके संस्था की तरफ से आए कलाकारों ने संगीत और नृत्य की प्रस्तुति से समां बांध दिया। संस्था से आए प्रसिद्ध कत्थक कलाकार पंडित रुद्र शंकर मिश्रा ने बेहतरीन कथक नृत्य की प्रस्तुति दी और बच्चों को कत्थक की बारीकियां सिखाई। साथी कलाकारों में उदय शंकर मिश्रा ने तबले पर, सारंगी पर श्री ओम सहाय मिश्रा और वोकल पर पंडित माता प्रसाद मिश्रा जी ने अपनी प्रस्तुति से बच्चों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई । इसके बाद प्रसिद्ध कथक कलाकार रुद्र शंकर मिश्र ने बच्चों को कथक की प्रस्तुति दी। उन्होंने बच्चों को कथक और भारतीय संस्कृति की बारीकियों से रूबरू कराया।उन्होंने बताया कि ध्वनि को कथक के माध्यम से कैसे प्रस्तुत करते है।इसके अलावा उन्होंने आंनद तांडव की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्पिक मैके संस्था की प्रयागराज चैप्टर की संरक्षक मधु शुक्ला भी मौजूद रही।एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह और एसजेएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने आए हुए समस्त कलाकारों को शॉल और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक दुर्गेश सिंह ने किया।ये जानकारी स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने किया।

### डीएम ने निर्माणाधीन सभागार एवं पुस्तकालय का किया स्थलीय निरीक्षण



रायबरेली।जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज अवध केसरी राणा बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृति में निमार्णाधीन सभागार एवं पुस्तकालय का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति पर है। शेष धनराशि शासन से समय पर प्राप्त होते ही कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा।परियोजना के प्रथम चरण (फेज-01) का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील दत्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन के सहायक प्रोजेक्ट अभियंता संदीप कुमार, जूनियर इंजीनियर विनय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीएसए को धमकाने के केस में लिखित बहस दाखिल करने का आदेश

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर धमकाने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के केस में सोमवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बहस के लिए मौका ले लिया। सीजेएम नवनीत सिंह ने बचाव पक्ष को लिखित बहस दाखिल करने का आदेश देते हुए अगली सुनवाई के लिए सात मई की तिथि तय कर दी है। कोतवाली देहात के बेलामोहन गांव निवासी सुरेश प्रताप सिंह के खिलाफ 22 फरवरी 2023 को तत्कालीन बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### जनपद में जनगणना 2027 को लेकर स्वगणना अभियान की तैयारी तेज, सीडीओ ने की अहम बैठक

रायबरेली।जनपद में आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान गणना कार्यक्रम से पहले चलाए जाने वाले स्वगणना अभियान को सफल बनाने के लिए आज मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह स्वगणना अभियान 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। बैठक में जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों के साथ अभियान की तैयारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से न केवल स्वयं स्वगणना करें, बल्कि आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वगणना प्रक्रिया में भाग ले। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत पहली बार उच्च प्राथमिकता वाली व्यवस्था स्वगणना (एसई) प्रचलन में लायी गयी है, जिसमे स्वगणना को अभियान स्वरूप व्यवहत किया जाना है।

# सोनारा में जल जीवन मिशन पूरा

## 839 परिवारों को मिला नल कनेक्शन, महिलाओं को सबसे ज्यादा राहत



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड कूरेभार के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनारा में जल जीवन मिशन योजना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों की माने तो योजना के पूरा होते ही गांव के सभी 839 परिवारों के घरों तक नल के माध्यम से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचने लगा है। इससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है और पूरे गांव में खुशी की लहर है। परियोजना के तहत करीब 21,484 मीटर लंबा वितरण तंत्र स्थापित किया गया है, जिसके जरिए प्रत्येक घर में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। अब ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाने की समस्या से निजात मिल गई है। खासकर महिलाओं और बच्चों को इससे बड़ी राहत मिली है, जो पहले पानी के लिए लंबी दूरी तय करते थे।योजना के अंतर्गत एक सोलर सिस्टम भी स्थापित किया गया है, जिससे ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।इसके अलावा आधुनिक पंप हाउस, बाउंड्री वॉल तथा 250 किलोलीटर क्षमता और 12 मीटर ऊंचाई वाला ओवरहेड टैंक बनाकर जल भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें पीने के पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब घर-घर नल से पानी मिलने से उनकी दैनिक दिनचर्या आसान हो गई है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से गांव में जलजनित बीमारियों में भी कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।इस अवसर पर ब्लॉक हेड वी.टी.एल. आदित्य सिंह, सीटेड से अनूप तिवारी तथा इंजीनियर अनुराग मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने योजना के सफल क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।ग्रामवासियों ने सरकार एवं संबंधित विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है और गांव के विकास को नई दिशा दी है।

# बंगाल फतह के जश्न में डूबा सुलतानपुर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव,तीन राज्यों में जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



सुलतानपुर । पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जिले में कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और मिष्ठान वितरण कर जीत का जश्न मनाया।पूरे माहौल में उत्सव जैसी खुशी छाई रही। पूर्व मंत्री व विधायक सुरेश पासी ने कहा कि बंगाल में मिली जीत अभूतपूर्व है और भाजपा ने सियासी इतिहास रच दिया है। उन्होंने इसे देश की राजनीति में बड़ा बदलाव बताते हुए कहा कि जनता ने विकास और सुशासन पर भरोसा जताया है। वहीं प्रदेश मंत्री मीना चैबे ने कहा कि यह जीत महिला सुरक्षा, विकास और विश्वास की जीत है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल में पहली बार भाजपा का परचम लहराना ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने इसे जनता द्वारा भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को खारिज करने का परिणाम बताया।साथ ही उन्होंने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड जीत का दावा किया। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी के अनुसार, इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में पोस्ट ऑफिस चैराहे पर भी आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया।जिले भर में भाजपा कार्यकताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जाहिर की।

### भटमई उपकेंद्र के दर्जनों गांव पांच दिन बाद भी अंधेरे में



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे आई तेज आंधी ने भटमई उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। आंधी के पांच दिन बीत जाने के बाद भी करीब एक दर्जन गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरियमपुर, मदनपुर, रजनपुर, भटपुरा, बैजू का पुरवा, लाला का पुरवा, करौते सहित कई गांवों में पिछले पांच दिनों से अंधेरा छाया हुआ है। बिजली न होने से पेयजल की समस्या गहराने लगी है, वहीं मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। आंधी के दौरान क्षेत्र में कुल 83 बिजली पोल टूट गए थे। विभागीय प्रयासों के बावजूद अब तक केवल करीब दो दर्जन पोल ही लगाए जा सके हैं। कर्मचारियों की कमी और पोल की अनुपलब्धता मरम्मत कार्य में मुख्य बाधा बनी हुई है। लाइनमैन अजय सिंह अपने साथियों के साथ लगातार मरम्मत कार्य में जुटे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते कार्य की गति धीमी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार है जब खराबी के पांच दिन बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। प्रभारी जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि मरम्मत कार्य लगातार जारी है। खराब मौसम भी कार्य में बाधा बन रहा है। जल्द ही सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### गौ संरक्षण और किसान सुरक्षा पर डीएम को सौंपा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। गौवंश संरक्षण, पशु कल्याण और किसानों की सुरक्षा को लेकर सोमवार को गौ रक्षा वाहिनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने भीषण गर्मी में पशुओं के लिए पानी और छाया की समुचित व्यवस्था, आवारा गौवंश को गौशालाओं में भेजने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा गौकशी पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री जय शंकर दूबे ने प्रशासन का ध्यान जमीनी समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसान आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। ज्ञापन में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर कार्रवाई, बीमा घोटालों की जांच, पशु बाजार लाइसेंसधारकों की समीक्षा और आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग भी शामिल रही। साथ ही जनपद स्तर पर हेल्पलाइन या कंट्रोल रूम स्थापित करने की जरूरत बताई गई, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि गौसेवा केवल आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। वहीं अन्य पदाधिकारियों ने गौशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। गौ रक्षा वाहिनी ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन ज्ञापन के बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जल्द प्रभावी कदम उठाएगा, जिससे गौसंरक्षण, किसान हित और जनसुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर संरक्षक राकेश सिंह दद्दू, जिला उपाध्यक्ष राजवीर श्रीवास्तव, जिला सचिव बजरंगी साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कसौधन, मुकेश कसौधन, अभय सोनी, नीरज अग्रहरी, आशीष कुमार द्विवेदी, सुभाष पाठक, बृजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## लोक अदालत की बैठक नौ को

**देवरिया ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद के समस्त खंड विकास के अधिकारियों के साथ जनपद न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेन्सिंग भवन में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया, कि समस्त खंड विकास अधिकारी चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावे।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जगन्नाथ ने कहा कि दिनांक 06 मई से 8.मई तक न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

# पडरौना में मना जीत का जश्न



**कुशीनगर।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ने पडरौना नगर को उत्सव के रंग में रंग दिया। नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में शहर में जीत का ऐसा जश्न

- **पटाखों की गूंज और मिठाइयों की मिठास से सराबोर हुआ शहर**

मनाया गया, जिसकी गूंज देर तक गलियों और चौराहों पर सुनाई देती रही। पटाखों की तेज आवाज, मिठाइयों की खुशबू और कार्यकताओं के जोशीले नारों ने माहौल को पूरी तरह राजनीतिक उत्सव में बदल दिया।अध्यक्ष विनय जायसवाल ने अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ मिलकर जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी की और राह चलते लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक जीत को साझा किया।इतना ही नहीं, उन्होंने पारंपरिक अंदाज में लोगों को झालमुड़ी खिलाकर बधाइयां दीं, जो इस जश्न को एक अलग ही रंग दे गया।शहर के विभिन्न हिस्सों में निकली रैली में कार्यकताओं का उत्साह चरम पर दिखा। ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लभाजपा जिंदाबादह्व जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। रैली जहां-जहां से गुजरी, वहां लोगों ने भी इसमें शामिल होकर खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को बधाई दी। आमजन की भागीदारी ने इस जश्न को और भी भव्य बना दिया।

इस मौके पर अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि यह जीत देश की जनता के अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि भाजपा ने इन राज्यों में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सुशील टिबरेवाल, सुनील चौहान, बृजेश शर्मा, पवन जायसवाल, अभय मारोदिया, रवि शर्मा, मनोज जायसवाल, पप्पू चौरसिया, संजय साहा, राजू साह, दीनदयाल मद्धेशिया, सोनू शर्मा, आर्यन शर्मा, सन्नी मिश्रा, विनय गोंड, राजेश जायसवाल, अनिल शर्मा, बबलू शर्मा, अभय तिवारी, आदर्श जायसवाल, विनायक शर्मा, बड़े मद्धेशिया, केदार गुप्ता, सर्वेश जायसवाल, मोहित शर्मा, मंथन सिंह, विकास शर्मा, बैजनाथ साह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान पडरौना का माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा, जहां हर चेहरे पर जीत की खुशी साफ झलक रही थी।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्री श्याम बाबा मंदिर का भूमि पूजन

अयोध्या।जनपद अयोध्या के ग्राम भैसौली (पोस्ट-चन्द्रिकागंज) में सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार श्री श्याम बाबा मंदिर स्थापना को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।सैकड़ों ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और जयकारों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया।गांव के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। धार्मिक आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली।

आयोजक सुनील पाण्डेय, सत्यप्रकाश मिश्रा और अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि आगामी समय में यहां भव्य मेले का आयोजन भी किया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का बड़ा केंद्र बनेगा।

## रुपईडीहा पत्रकार संघ की बैठक संपन्न अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों अपनी उपस्थिति दर्ज कराई



**रूपईडीहा बहराइच।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा निकट राम जानकी मंदिर जमुना रोड रुपईडीहा पत्रकार संघ संरक्षक के निज निवास पर संघ की बैठक संपन्न हुई ज्ञातव्य हो कि संघ के पदाधिकारी से हर माह नियमित बैठक करने पर जोर जोर दिया गया रुपईडीहा पत्रकार संघ की यह महत्वपूर्ण बैठक संघ के संरक्षक शेर सिंह कसौधन के नए आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर संघ के पदाधिकारी ने अपने अपने विचार व्यक्त कि

बैठक के दौरान सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने प्रतिमाह आयोजित होने वाली बैठकों को नियमित रूप से संचालित करने पर जोर दिया। सदस्यों ने बताया कि किसी कारणवश पिछली बैठक काफी दिनों बाद आयोजित हो सकी थी, जिसके चलते सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में संघ की बैठकें समय बद्ध और नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि संगठन में निरंतर सक्रियता और नई ऊर्जा बनी रहे।इस बैठक में लोगों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया 90% संगठन पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

इस अवसर पर पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजक एवं संरक्षक शेर सिंह कसौधन का आभार व्यक्त करते हुए सभी पत्रकार साथियों से अपील की कि वे समाचार संकलन में समाज से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज का आईना बनना है तथा मजलूमों को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

बैठक के समापन पर आयोजक शेर सिंह कसौधन ने सभी उपस्थित संगठन के पदाधिकारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान संघ के संघ के संरक्षक संजय कुमार गुप्ता, बनारस गिरि, अनिल कुमार वर्मा, सिद्धनाथ गुप्ता, महामंत्री मोहम्मद अरशद, उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, कोषाध्यक्ष अमित मधेसिया, प्रवक्ता रजा इमाम रिजवी, रईस अहमद, महबूब अहमद, रमेश सिंह, श्याम कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, अजय मित्तल, संतोष शुक्ला, दीपेंद्र मिश्रा, मोहम्मद कौशर भीमसेन मिश्रा , इसी क्रम में नानपारा से उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य जिला उप सचिव विनोद कुशवाहा, संगठन मंत्री मोहसिन भाई सहित दर्जनों सदस्य साथी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा में पुनः कुशीनगर के बासु ने युवाओं की भूमिका पर दिया व्याख्यान



**कुशीनगर।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय एवं माई भारत उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजन किया गया। कुशीनगर के परास्नातक छात्र बासु प्रसाद गोंड ने विकसित भारत की संकल्पना विषय पर शानदार व्याख्यान दिया।

बीते शुक्रवार से 3 मई तक आयोजित तीनदिवसीय प्रतियोगिता में जनपद के परास्नातक छात्र बासु प्रसाद गोंड में भी प्रस्तावित विषय पर अपना विचार रखा ।जिसमें उन्होंने भारत को विकसित करने में केंद्रीय बजट में युवा कैसे अपना योगदान निभा रहा है इस विषय पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि ₹ देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा तभी हम विकसित भारत के सपने को साकार कर सकेंगे।

मुख्य अतिथि सतीश महाना अध्यक्ष विधान सभा ने सभी प्रतिभागियों के विचार अभिव्यक्ति की सराहना की । विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी यूवाओ को प्रोत्साहित करने का कार्य किया बासु का चयन विगत वर्ष विधान सभा में अपनी बात रखने के लिए हुआ था। इस अवसर पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र, डा. निगम मौर्य, डा मनीष जायसवाल, राकेश कुमार सोनकर सहित शिक्षकों, विद्यार्थियों और विशिष्टजनों ने शुभकामनाएं दी है।इस आयोजन में प्रदेश के 75 जनपदों के 375 प्रतिभागियों ने केंद्रीय बजट 2026 : विकसित भारत की संकल्पना विषय पर अपना व्याख्यान विधान सभा मंडप में प्रस्तुत किए।

## महाराणा प्रताप चौराहाः काम ठप ज्ञापन सौंपा

फतेहपुर।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर के नेतृत्व में सोमवार को जोनिहा चौराहा पर महाराणा प्रताप चौराहा का फाउंडेशन निर्माण कराने हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने बताया कि नगर पालिका बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था, जिसमें फाउंडेशन का कार्य नगर पालिका को और प्रतिमा स्थापना की जिम्मेदारी महासभा को सौंपी गई। लेकिन एक वर्ष बाद भी फाउंडेशन शुरू नहीं हुआ।विजय सिंह गौर ने कहा हम लगातार नगर पालिका अध्यक्ष, ईओ और पूर्व में डीएम को ज्ञापन दे रहे हैं।कई बार फॉलो-अप के बावजूद कार्य अटका है। महाराणा प्रताप का सम्मान क्षेत्र की शान बढ़ाएगा।₹ जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका क्षेत्र में बिना शासन अनुमति के कोई प्रतिमा नहीं लग सकती।उन्होंने कहा, ₹नगर पालिका के सभी मौजूदा चौराहों पर लगी मूर्तियां अवैध हैं।

## जनहितकारी नीतियों पर जनता ने जताया भरोसाः विधायक



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** पश्चिम बंगाल में पहली बार तथा असम और पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से सरकार बनने की खुशी में फाजिलनगर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।

स्थानीय कस्बे के पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों और उनके प्रति जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। जिसका सकारात्मक परिणाम चुनावी जीत के रूप में सामने आया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकताओं की मेहनत और केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र की जीत है।इसके बाद सभी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और पार्टी के पक्ष में जोरदार नारे लगाए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, जिला मंत्री डा. कन्हैया शर्मा, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अजय राय, महामंत्री विजय शंकर तिवारी,बरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह कुशवाहा,आईटी सेल के जिला सह-संयोजक राणा प्रताप मिश्र, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव,पूर्व ग्राम प्रधान विनय तिवारी, देवेन्द्र राय,सिद्धू शर्मा, अंशुमान सिंह, ऋतिक उपाध्याय, राजेश दूबे, राना सिंह, राहुल श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**बहराइच।** आज पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर भारतीय जनता पार्टी बहराइच जिला कार्यालय पर माननीय सांसद डॉक्टर आनंद गोंड जीके नेतृत्व में सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने जश्न मनाते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा किया एवं जमकर आतिशबाजी की माननीय सांसद डॉक्टर आनंद गौर जी ने इस विजय पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि आज पश्चिम बंगाल में सत्य और सनातन की विजय हुई है जो लोग धार्मिक अस्मिता पर ठोकर कर रहे थे उनको बंगाल में मुंहतोड़ जवाब मिला है मान्य सांसद जी ने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय केवल बंगाल तक ही नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में भारतीय जनता पार्टी का प्रथम लहराएगी आने वाले दिनों में यह विजय विपक्षी पार्टियों के लिए यह संकेत है कि अब यह विजय केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित न रहकर आने वाले दिनों में कश्मीर में भी अपना परचम लहराएगी।इस अवसर पर सांसद श्री आनंद कुमार गौड़ जी जिला उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्री राहुल राय जी, श्री हरिश्चंद्र गुप्ता जी, श्री कृष्ण कुमार सोनकर जी श्री हेमा निगम जी, जिला महामंत्री श्री रणविजय सिंह जी, श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव अमित शर्मा, प्रियंका रावत,डिंपल जैन,श्री अमित वर्मा नवोदयन जी, सतीश सिंह, देवेंद्र मिश्रा,राम कृपाल मिश्रा, अजीत प्रताप सिंह,नन्हे लाल लोधी अनुच्छेद सिंह जी एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकारकर राष्ट्रवाद व विकासको चुना

**देवरिया ।** पश्चिम बंगाल में मिली भाजपा को प्रचण्ड जीत से भाजपाई गदगद हैं ।ढोल नगाड़े ,अबीर गुलाल बजाकर ,उड़ाकर और मीठाई बांटकर खुशी मन रहे हैं ।सांसद विधायक जीत की खुशी के साथ ही इस सफलता के कारण गिना रहे हैं ।सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी*: ₹बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकारकर विकास और राष्ट्रवाद को चुना है। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और जनता के विश्वास की जीत है।₹

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही₹बंगाल में कमल खिलना तय था। किसान, गरीब और नौजवान ने डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है। ममता सरकार की अराजकता का अंत हुआ।₹

-राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम*: ₹बंगाल की मातृशक्ति ने परिवर्तन का बिगुल बजाया है। बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए भाजपा को मिला जनादेश ऐतिहासिक है।₹

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ₹बंगाल विजय कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। देवरिया से लेकर बंगाल तक जनता ने साबित कर दिया कि अब सिर्फ सुशासन चलेगा।₹

-सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी*: ₹यह सोनार बांग्ला बनाने के संकल्प की जीत है।बंगाल ने हिंसा और भ्रष्टाचार को हराकर विकास का रास्ता चुना है।डॉ. रतनपाल सिंह*:₹बंगाल की विजय लोकतंत्र की जीत है।जनता ने परिवारवाद और कट्टरता को खारिज कर सबका साथ, सबका विकास को चुना।₹

-सुरेंद्र चौरसिया₹बंगाल में कमल खिलने से पूरे देश में उत्साह है। अब वहां भी गरीब कल्याण की योजनाएं बिना भेदभाव के पहुंचेंगी।₹

-जयप्रकाश निषाद*: ₹निषाद समाज समेत पूरे बंगाल ने भाजपा पर भरोसा जताया है।यह सामाजिक न्याय और विकास की जीत है।₹

-दीपक मिश्रा शाका*: ₹मां काली की धरती ने सही निर्णय लिया है। बंगाल की जीत 2026 के यूपी चुनाव के लिए भी शुभ संकेत है।₹सभाकुंवर कुशवाहा*: ₹बंगाल की जनता ने कुशासन को उखाड़ फेंका है।पिछड़े, दलित, वंचित सभी वर्गों ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है।₹

### प्रचण्ड जीत पर भाजपाइयों ने मिठाई खिला मनाया जश्न

देवरिया।बंगाल,असम और पांडुचेरी के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचण्ड जीत पर जिला पंचायत परिसर में भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त जाहिर किया।

इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल,असम और पांडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय पर समस्त कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ।इन राज्यों की जनता ने भाजपा के विकास, सुरक्षा और सम्मान की राजनीति को चुना है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित समस्त कार्यकताओं को इस महाविजय की बधाई एवं शुभकामनाए।बंगाल की जनता ने टीएमसी के भ्रष्टाचार और सुशासन वाली राजनीति को नकार दिया है।अब भाजपा की डबल इंजन सरकार बंगाल को एक नयी पहचान दिलायेगी।

भाजपा नेता अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक अब भाजपा की सरकार बन गयी है।बंगाल,असम और पांडुचेरी की जीत भाजपा के कार्यकताओं के अथक मेहनत,संघर्ष का परिणाम है।यह विजय भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति का जीत है।

इस दौरान छठ्ठू यादव, अभिषेक राय अंकुर,पुनीत सिंह अमेठिया,रजनीश तिवारी,राकेश सिंह,आशीष दूबे,नवीन तिवारी,रत्नेश्वर गर्ग,अमित सिंह आदि रहें।



## तीन राज्यों में भाजपा की जीत फतेहपुर में जश्न

फतेहपुर।पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जबरदस्त सफलता मिलने पर जिला कार्यालय जेल रोड में हर्षोल्लास का माहौल रहा। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मिठाई बांटी, पटाखे फोड़े और ढोल-नगाड़ों से जश्न मनाया। मतगणना केशुरूआती रुझानों से ही उत्साह चरम पर पहुंच गया, जिससे सभी मंडलों में मुंह मीठा करने का सिलसिला चल पड़ा।कार्यालय में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए। अन्नू श्रीवास्तव ने सभी को मिठान खिलाकर बधाई दी और कहा, ₹असम, पुडुचेरी के साथ पश्चिम बंगाल की विजय हमारे विचारों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रमाण है। सेवा-सुशासन का सफर अब तेज विकास के पथ पर दौड़ेगा।₹ जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार अखिलेश सिंह, जो टीएमसी की जीत कीभविष्यवाणी कर रहे थे, आज गायब हैं।

## तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल : आरोपी गिरफ्तार

भटनी (देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने भतीजे के तिलक समारोह में राइफल से फायरिंग कर रहा था।पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के नोनापार निवासी राममनु यादव ने 28 अप्रैल को अपने भतीजे के तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग की थी।इस दौरान किसी परिजन ने ही फायरिंग का वीडियो बनाकर मोबाइल स्टेटस पर लगा दिया, जिसमें बैकग्राउंड में भोजपुरी गाना भी चल रहा था।स्टेटस देखने के बाद कुछ लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व (पूर्व में ट्विटर) पर कर दी।वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# नवजात की पहली सांस से जुड़ी जिंदगी की डोर



**बहराइच।** रात के दो बजे मेडिकल कॉलेज के प्रसव कक्ष में मची अफरा-तफरी के बीच जब समय से पूर्व जन्मे एक नवजात की सांसें उखड़ने लगीं, तब स्टाफ नर्स सुनीता और चिकित्सीय टीम ने सतर्कता दिखाई।ऑक्सीजन सपोर्ट और त्वरित निगरानी का ही परिणाम था कि धीरे-धीरे मासूम की सांसें सामान्य हो गईं।यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि मेडिकल कॉलेज की विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) की रोजमर्रा की हकीकत है, जहां सही समय पर सही निर्णय जीवन और मृत्यु के बीच फर्क तय करता है।

### बढ़ता भरोसा, 18 बेड पर 270% ऑक्यूपेंसी-

वर्ष 2015 में महज एक बेड से शुरू हुई एसएनसीयू इकाई आज 18 बेड तक पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते जन-विश्वास का ही नतीजा है कि यहां बेड ऑक्यूपेंसी 270 प्रतिशत है यानि क्षमता से करीब ढाई गुना ज्यादा नवजात भर्ती हो रहे हैं।एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. असद अली बताते हैं कि सीमित संसाधनों और क्षमता से कई गुना अधिक दबाव के बावजूद लगभग 80 प्रतिशत गंभीर नवजात पूर्णतः स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं।

### एनबीएसयू की बढ़ती सक्रियता-

सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, जिले में नवजात देखभाल की एक मजबूत और समन्वित व्यवस्था तैयार की गई है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में ब्लॉक स्तरीय नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू) में 1666 नवजात भर्ती हुए, जो पिछले साल की तुलना में 95 प्रतिशत अधिक हैं।इनमें से करीब 30 प्रतिशत बच्चे ऐसे थे, जिनका जन्म घर या गैर-पंजीकृत केंद्रों पर हुआ था।

### चुनौतियां और संघर्ष-

इकाई की सफलता के पीछे संघर्ष की भी एक लंबी दास्तां है।12 नर्सों में से केवल 3 ही एसबीएनसी प्रशिक्षित हैं और पूरी यूनिट का भार मात्र 3 चिकित्सकों के कंधों पर है। भौगोलिक दूरियां भी एक बड़ी बाधा हैं।मिहींपुरवा जैसी दूरस्थ जगहों से आने वाले मासूमों के लिए 'लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस' संजीवनी साबित हो रही है।हाल ही में 76 किमी दूर से आए एक नवजात को समय पर सीपैप सपोर्ट देकर बचाया गया।

### सुधर रही है शिशु मृत्यु दर-

एसआरएस के आंकड़े इस सकारात्मक बदलाव की पुष्टि करते हैं।प्रदेश में शिशु मृत्यु दर 2015 के 43 प्रति हजार से घटकर अब 37 प्रति हजार रह गई है। विशेषज्ञ इस सुधार के पीछे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और मजबूत होती रेफरल व्यवस्था को अहम मानते हैं।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी कहते हैं कि इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए केवल बेड बढ़ाना पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रशिक्षित मानव संसाधन और पूरी रेफरल प्रणाली को और मजबूत करना जरूरी है, ताकि हर नवजात को समय पर गुणवत्तापूर्ण देखभाल मिल सके।

# कलक्ट्रेट सभागार में स्थानांतरित डीएम को दी गयी विदाई





***देवरिया 04 मई।**जनपद से स्थानांतरित जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान

- **बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित***
- **देवरिया में मिले प्रेम व स्नेह को कभी नहीं भुलाया जा सकता, हमेशा रहेगा यादः डीएम**

कहा कि देवरिया में मिला प्रेम और स्नेह कभी भुलाया नही जा सकता। यहां का मिला प्यार हमेशा याद रहेगा। इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल को बुके, स्मृति चिन्ह प्रदान कर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं आदि के द्वारा सम्मानित किया गया जिलाधिकारी ने जनपद में अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा मिले सहयोग के प्रति आभार जताया तथा उनके निष्ठापूर्ण योगदान के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होनें यह भी कहा कि जनपद देवरिया में अच्छे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम है जो अपने दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से निर्वहन करते हैं।जनपद के लोगो में असीम स्नेह है, जो मुझे मिला, यह सौभाग्य की बात है मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर, उपजिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी बरहज हरिशंकर लाल, उपजिलाधिकारी रुद्रपुर अवधेश निगम, उपजिलाधिकारी भाटपाररानी रत्नेश तिवारी, तहसीलदार सदर के0के0 मिश्र आदि के द्वारा स्थानान्तरित जिलाधिकारी के निर्देशन में किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी का हमेशा सकारात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा, जिससे अपने दायित्वों को निभाने में काफी बल मिला। समारोह में अधिवक्ता गणों में प्रीतम मिश्र, केशरी नंदन पाण्डेय, प्रेम नारायण मणि त्रिपाठी, प्रियंका सिंह एवं हरीश चन्द्र यादव आदि संबोधित करने में सम्मिलित रहे। संचालन डीजीसी नवनीत मालवीय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विकास, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।

# जनमन को समझने में सफल रहे एग्जिट पोल

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित राज्य पुड्डुचेरी के चुनाव नतीजे हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अंतिम रूप से तय नहीं हुए थे, लेकिन पांच दौर की मतगणना के बाद दिन में 3 बजकर 35 मिनट के लगभग यह निश्चित हो गया था कि इस समय के जो रुझान हैं। चार, पांच सीटों के कम ज्यादा से अंततः यही रुझान अंतिम रिजल्ट बनने जा रहे हैं और इस समय तक जो नतीजे साफ हुए थे, वह करीब-करीब वैसे ही हैं, जैसे 29 अप्रैल 2026 को पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम मतदान के बाद विभिन्न एग्जिट पोल भविष्यवाणी कर रहे थे। अगर बड़े पैमाने पर देखें तो सिर्फ तमिलनाडु ही एक ऐसा राज्य है, जहां बहुसंख्यक एग्जिट पोल जो कह रहे थे, वो नहीं हुआ और एक एजेंसी 'एक्ससेस माई इंडिया पोल' जो कह रही थी, वह सही होता नजर आ रहा है, बाकी सभी यानी छह एग्जिट पोल में तमिलनाडु में डीएमके जीत रही थी और अगर पोल्स ऑफ पोल के हिसाब से देखें तो द्रमुक को यहां कम से कम 138 सीटें मिल रही थीं।



लोकमित्र

सिर्फ एक्सेस माई इंडिया अकेली ऐसी एजेंसी थी, जिसके मुताबिक अभिनेता विजय की नई पार्टी टीवीके को 98 से 120 के बीच में सीटें मिल रही थीं। जब अंतिम रूप से नतीजे सामने आये तो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तमिलनाडु में टीवीके 103 सीटों पर लगभग मजबूत जीत की तरफ बढ़ने वाली बढ़त बना ली थी और जिस डीएमके को सभी एग्जिट पोल औसत 138 सीट दिलवा रहे थे, उसे अपने पूरे गठबंधन के साथ 65 सीटें मिल रही थीं, जो कि पिछले बार से सीधे 94 सीटें कम थीं। यहां तक कि जिस अन्ना द्रमुक ने शुरू में छलांग लगायी थी, उसे भी 3 बजकर 40 मिनट तक आते-आते पिछली बार से भी 21 सीटें कम होकर 54 मिल रही थी। लेकिन रुकिये चाहे अन्नाद्रमुक हो, द्रमुक हो, दोनों ही पार्टियों की ये सीटें उनकी अकेले की नहीं थीं बल्कि ये सीटें इनके अगुवाई वाले गठबंधनों की कुल सीटें थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता हैकि तमिलनाडु में न सिर्फ एन्टी इंकम्बेंसी की आंधी आयी बल्कि अन्नाद्रमुक भी इस आंधी में उड़ गई और 6 एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों में से जिस एक ने यह भविष्यवाणी की थी कि टीवीके 98 से 120 सीटें जीत रही है और हर कोई जिसे हवाहवाई समझ रहा था, वह 3 बजकर 45 मिनट तक 103 सीटों पर आगे चल रही टीवीके ने इस भविष्यवाणी को 98.50 फीसदी तक सही साबित कर रही थी। कौन जाने, जब अंतिम मतपत्र गिना जाए, तब तक वह सौ फीसदी सही नहीं होगा। बहरहाल जहां तमिलनाडु के अनुमानों में लोग टीवीके के लिए की गई भविष्यवाणी को सच नहीं मान रहे थे, वहीं पश्चिम बंगाल में 7 एजेंसियों के एग्जिट पोल का निचोड़ यह था कि भाजपा को कम से कम 154 सीटें मिलने वाली हैं और टीएमसी 132 तक में सिमट जाएगी। 147 से बहुमत हासिल होने वाली इस विधानसभा के एग्जिट पोल्स पर भी बहुत खुलकर तो नहीं, लेकिन ज्यादातर लोगों को सच होने में आशंका थी।

**पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम**

भाजपा को पश्चिम बंगाल में 7 एजेंसियों में से 6 ने जीतने वाला बहुमत दिया था। मसलन चाणक्य के मुताबिक भाजपा 150 से 160, मेट्राइज के मुताबिक 146 से 161, पी मार्क के मुताबिक 150 से 175, प्रज्ञा पोल के मुताबिक 178 से 208 और पोल डायरी के मुताबिक 142 से 171 सीटें पा रही थी। सिर्फ पीपुल्स पल्स एकमात्र ऐसी एजेंसी थी, जो भाजपा को महज 95 से 110 सीटें दे रही थी और दूसरी तरफ प्रज्ञा पोल अकेली ऐसी एजेंसी थी, जो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को 85 से 110 सीटे दे रही थीं। लेकिन 3 बजकर 50 मिनट होते-होते भाजपा कुल 197 सीटें जीत रही थी। जो कि उसकी पिछली बार की सीटों से 120 सीटें ज्यादा थीं। वही टीएमसी इस समय तक 1 सीट जीत चुकी थी और 89 सीटों में आगे थी यानी उसे कुल 90 सीटें मिल रही थीं, जो पिछली बार से 126 सीटें कम थी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि लेफ्ट कांग्रेस और अन्य पार्टियां की तो लगभग नाममात्र की मौजूदगी थी। दोपहर में 1:30 बजे तक ऐसा नजारा था कि लेफ्ट बिल्कुल शून्य पर था और कांग्रेस लंबे समय तक शून्य पर और फिर एक पर थी। केरल में भी ऐसा हुआ जैसा पहले नहीं होता रहा। यूडीएफ के जीतने की तो लगभग सभी एजेंसियां भविष्यवाणी कर रही थीं। लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को 90 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं, यह किसी एग्जिट पोल ने नहीं अनुमान लगाया था। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यानी 3 बजकर 50 मिनट तक केरल में यूडीएफ 97 सीटों पर आगे चल रही थी और एलडीएफ 37 सीटों में सिमटती दिख रही थी। असम में भी ज्यादातर एग्जिट पोल भाजपा को ही जिता रहे थे और ऐसा ही हुआ। शाम 3 बजकर 50 मिनट तक भाजपा यहां 8 सीटें जीत चुकी थी और 92 सीटों पर आगे चल रही थी। इस तरह वह 100 सीटें जीत रही थीं, जो कि पिछली बार से 25 ज्यादा हैं। जबकि इसी समय तक कांग्रेस 24 सीटों पर आगे थीं। इस तरह वह पछली बार से 26 सीटों में पीछे चल रही थी। जहां तक पुड्डुचेरी की बात है तो शाम 3 बजकर 54 तक यहां भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 12 सीटें जीतकर और 5 सीटों में आगे था, इस तरह बहुमत के लिए जरूरी 16 सीटों उसके खाते में जाती दिख रही थीं। जबकि कांग्रेस के खाते में कुल 3 सीटें और 5 सीटें अन्य के खाते में जा रही थी, यहां अभी 5 सीटों के रुझान आने शेष हैं। इस तरह अगर देखें तो 5 राज्यों के सम्पन्न विधानसभा चुनाव में नतीजे करीब-करीब वही आये हैं, जिन नतीजों की भविष्यवाणी 29 अप्रैल 2026 की शाम विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल्स कर रहे थे। अगर बहुमत में देखें तो अकेला तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां 7 में से 6 एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों के अनुमान पूरी तरीके से गलत निकले, सिर्फ एक एजेंसी के अनुमान करीब-करीब खरी उतरी है। अगर इन पांच राज्यों विधानसभा चुनावों को देखें तो इसमें तीन राज्यों में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की मौजूद सरकारें हार गई हैं और विपक्ष की दावेदार पार्टियां अब नई सरकार बनायेंगी। सिर्फ दो ऐसे राज्य हैं, जहां पहले से मौजूद सरकारें फिर लौटकर आ रही हैं, इनमें से एक है असम और दूसरा है केंद्र शासित राज्य पुड्डुचेरी।

मजे की बात ये है कि इन दोनों ही राज्यों में एक तरह से भाजपा की सरकार है। असम में जहां उसकी अकेले की सरकार है, वहीं पुड्डुचेरी में एनडीए गठबंधन की और इन पांच राज्यों के चुनावों को अगर पार्टियों की सफलता के लिहाज से देखें तो भाजपा न केवल अपने दो राज्यों को पूरी तरीके से बचा पाने में कामयाब रही है बल्कि पश्चिम बंगाल में उम्मीदों से कहीं आगे का उलटफेर करके सरकार बना रही है। इस तरह देखें तो इन पांच राज्यों के चुनाव में सौ फीसदी कोई पार्टी फायदे में है, तो वह भाजपा है। उसने जहां अपनी सरकारें बचायी हैं, वहीं एक नई सरकार छीन ली है। इस तरह इन चुनाव में उसे सौ फीसदी से कहीं ज्यादा सफलता मिली है। जबकि विपक्ष स्थितियों को भुना पाने में असफल रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार भले केरल में बन जायेगी, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस का बंगाल में सूपड़ा साफ हुआ है और असम में भी दूर-दूर तक कहीं सत्ता के करीब नहीं पहुंची। उससे साफ लगता है कि भाजपा के सामने सारी राजनीतिक पार्टियां पस्त हो गई हैं।



> कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार भले केरल में बन जायेगी, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस का बंगाल में सूपड़ा साफ हुआ है और असम में भी दूर-दूर तक कहीं सत्ता के करीब नहीं पहुंची। उससे साफ लगता है कि भाजपा के सामने सारी राजनीतिक पार्टियां पस्त हो गई हैं।

## जनादेश के सबक

जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का गठन किया था। भाजपा की अब तक की राजनीतिक यात्रा 46 साल से अधिक की हो चुकी है। इन 46 वर्षों में कई तारीखें ऐसी हैं जो भाजपा की सियासी यात्रा में 'मील के पत्थर' हैं। इन तारीखों में 4 मई 2026 की तारीख भी दर्ज हो गयी, क्योंकि इस दिन भारतीय जनता पार्टी अपने पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म स्थान पं. बंगाल में पहली बार दो तिहाई के प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने में सफल हुई। बंगाल की जीत का महत्व भाजपा के लिए सिर्फ एक राज्य में चुनाव जीतने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह भाजपा और उसके तमाम पुराने-नये कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए ऐसा भावुक पल है जिसकी प्रतीक्षा संभवतः वे वर्षों से कर रहे थे। आजादी के बाद से ही बंगाल के दरवाजे काफी हद तक जनसंघ, भाजपा के लिए बंद ही रहे। जनसंघ के समय में भी बंगाल में बड़ी सफलता नहीं मिली। भाजपा बनी तो कभी-कभार बंगाल में दो-चार सीटें जीतती रही। कुल मिलाकर भाजपा के लिए बंगाल लगभग चार




दशक तक अबूझ पहेली रहा। लेकिन 2014 में जब पूर्ण बहुमत के साथ केन्द्रीय सत्ता में भाजपा काबिज हुई, तो उसने पूरा फोकस बंगाल पर किया और इसके सुखद परिणाम भी भाजपा को मिले। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी सफलता दर्ज की जब लोकसभा की 18 सीटें जीत लीं। इसी तरह 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का आंकड़ा 3 सीटों से बढ़कर 77 तक पहुंचा। इतना बड़ा जंप मिलने के बाद से ही लगने लगा था कि अब भाजपा एक न एक दिन टीएमसी को सत्ता से बाहर कर देगी। भाजपा ने इन संभावनाओं को कभी हल्के में नहीं लिया और लगातार राज्य में नेताओं, कार्यकर्ताओं को जोड़ती रही। 2026 का विधानसभा चुनाव तो पार्टी ने अभी नहीं, तो कभी नहीं की तर्ज पर लड़ा और हर उस भाजपा दांव को आजमाया जिनसे टीएमसी को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सके। मुकाबले को कड़ा बनाने के लिए ममता बनर्जी के सामने फिर शुभेन्दु अधिकारी लड़े और फिर से हराने में सफल हुए। टीएमसी से भाजपा में आये शुभेन्दु ने पहले भी ममता बनर्जी को सीधी चुनौती दी थी और नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराया था। इसका ईनाम भी भाजपा ने उन्हें दिया जब राज्य विधानसभा में उनको विपक्ष का नेता बनाया। इस बार शुभेन्दु भाजपा के सीएम पद के स्वाभाविक दावेदार भी हैं क्योंकि उन्होंने दो बार ममता बनर्जी को सीधी लड़ाई में हराया है। इस बार तो भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ जीती भी है। पश्चिम बंगाल के साथ ही चार अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, वहां भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। असम में हिमंता विस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने बहुमत के साथ हैट्रिक लगाया है, तो पुडुचेरी में भी गठबंधन के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसी तरह केरल में तीन सीटें जीतने के साथ ही 11.5 फीसद वोट हासिल कर भाजपा ने दिखा दिया है कि केरल उसके लिए संभवतः अगला ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट बनने जा रहा है। तमिलनाडु में वैसे भाजपा का बड़ा सियासी स्टॉक नहीं था लेकिन फिर भी वह अन्ना द्रमुख के साथ गठबंधन में राज्य में सत्ता की दावेदार थी लेकिन यहां सारे सियासी समीकरण उलट-पुलट गये हैं। सारे सियासी अनुमानों को धता बताते हुए विजय थलापति की पार्टी टीवीके ने जिस तरह सुपर हिट सियासी डेब्यू करने में सफल हुई है उसके सामने तो आन्ध्र में एनटी रामाराव, दिल्ली में केजरीवाल और असम में प्रफुल्ल कुमार महंत की सियासी डेब्यू फीकी पड़ गयी है। दक्षिण भारत में अभिनेताओं की सियासी सफलता का इतिहास रहा है। लेकिन रूपहले पर्दे के नायक सियासी जमीन पर कितना सफल होंगे यह समय बतायेगा। जहां तक पांच राज्यों के जनादेश का सवाल है, तो इसका संदेश स्पष्ट है। क्षेत्रीयता, नकारात्मकता, परिवार वाद और भ्रष्टाचार को मतदाताओं ने नकार दिया है। जनता विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन को पसंद करती है, यह स्पष्ट हो गया है।

### सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व व लोक कल्याण की नीति में देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणाम से पुनः परिलक्षित हुआ है। सीएम योगी.



मोदी सरकार लद्दाख में सहकार से समृद्धि व आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रख रही है। कारगिल डेयरी प्लांट सहित विभिन्न विकास कार्यों को शुरू किया गया। अमित शाह.



बेहद दुखद समाचार है कि सिद्धार्थनगर में पानी टंकी की सीढ़ी टूटने से एक किशोर की मौत हो गयी। दो किशोर घायल हुए व दो लड़कों को सेना ने बचाया। अखिलेश यादव



### विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

## क्रोध पर नियंत्रण

अंतर्दृष्टि

मानव के अंदर जितनी भी बुराइयां हैं अगर उन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखता या उनसे बचने की पहल नहीं करता है, तो इससे उसके व्यक्तित्व का ह्रास होता है। बुइरायों पर विजय प्राप्त करना लक्ष्य सिद्धि के लिए जरूरी है। वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रत्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रत्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है।

## फोकट में सेकुलर चक्की का आटा

व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली गली के सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक फ्री पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें दे सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त पानी पिलायेगी।



राम विलास जॉंगिड़

## अंकुरित अनाज सेहत के लिए है 'कम्पलीट डाइट'



स्वास्थ्य/पोषण

**राजकुमार दिनकर**

भीगे हुए अंकुरित काले चने, उड़द, को भले किसी ने कंप्लीट डाइट न कहा हो, लेकिन यह सेहत के नजरिये से इतना फायदेमंद होता है कि कहना चाहिए कंप्लीट डाइट से भी बढ़कर है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि एनर्जी का पावर हाउस काला चना अकेले रहकर पढ़ने वाले छात्रों, नौकरी करने वाले युवाओं या किसी भी वजह से अकेले रहने वालों की सेहत का तो सबसे बड़ा शुभचिंतक है। रातभर भिगोकर सुबह खाये जाने वाले काले चने के दर्जनों गुण होते हैं। यह हमें भरपूर एनर्जी देता है। वजन को कंट्रोल में रखता है। इसे ब्रेकफास्ट के रूप में तो खाते ही हैं, लंच के रूप में भी खा सकते हैं। यह फाइबर और एंटी- ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए भीगे हुए काले चने खाने के बाद घंटों भूख आसपास नहीं फटकती और ऐसा भी नहीं है कि यह महज भूख दूर करने का भ्रम पैदा करता हो।

दरअसल काने चले में इतने अधिक पोषक तत्व होते हैं कि सही मायने में इसे खाने के बाद कुछ समय तक भूख नहीं लगती है और यह शरीर के लिए सभी जरूरी पोषक अहार की पूर्ति करता है। काले चने में भरपूर कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर तथा बहुत से जरूरी तत्व होते हैं। यह हमें एनर्जी तो देता ही है-मधुमेह के रोगियों के लिए उनके रक्त शर्करा के स्तर को संतुलित रखने में बहुत मददगार होता है। नियमित तौर पर भीगे हुए काले चने खाने से बॉडी बनती है, रोजाना खाने से कमजोरी दूर होती है, क्योंकि इसमें प्रोटीन भी अच्छी खासी मात्रा में होता है। यह मांसपेशियों में जान भर देता है। इसलिए जिसे भी बॉडी बनानी हो और मेवे उसकी पहुंच से दूर हों तो काला चना उपयुक्त विकल्प होता है। पानी के बजाय दूध में भिगोकर खाने से यह और भी पौष्टिक हो जाता है। मसलन-

- यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है
- यह शरीर में जमा थुलथुली चर्बी को गलाकर फेंक देता है
- पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है
- हड्डियों को मजबूत बनाता है
- हर समय शरीर में भरपूर ऊर्जा का एहसास देता है।
- कोलेस्ट्रोल कम करता है

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक दूध और काले चने का कॉम्बीनेशन इसलिए बेस्ट होता है, क्योंकि दोनो ही कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। इसके अलावा इन दोनों में ही विटामिन सी और डी भी भरपूर मात्रा में पायी जाती है। इसलिए यह एक कंप्लीट डाइट बन जाता है। दूध में भिगोये चने ब्लड प्रेशर को इसलिए आसानी से कंट्रोल में रखता है, क्योंकि इसमें पोटेशियम और मैग्नीशियम की पारंपरिक मात्रा कुछ बढ़ जाती है। इसलिए यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है।

> यह फाइबर, एंटी ऑक्सी-डेंट से भरपूर होता है। इसलिए भीगे अंकुरित उड़द, चने, खाने के बाद घंटो भूख नहीं लगती। यह भरपूर एनर्जी देता है और वजन भी कंट्रोल रखता है।

कुछ लोगों ने काले चने में एक और प्रयोग किया है कि काले चने और किशमिश को साथ में भिगोकर खाते हैं। इसमें भी लगभग वही सारे फायदे मिलते हैं जो कि दूध में भीगे काले चने से मिलते हैं। किशमिश और चना दोनों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इनको भीगोकर खाने से कभी भी पेट की समस्या नहीं रहती और आजकल जिस चीज की हर किसी को तलाश रहती है, वह है किसी तरीके से वजन घटे और काला चना जब हम किशमिश के साथ या दूध के साथ भिगोकर खाते हैं, तो वजन घटाने की यह पारंपरिक क्षमता काफी बढ़ जाती है। ...तो इस तरह अकेले रहने वालों को रसोई के झंझट से मुक्ति दिलाने वाला काला चना उनकी सेहत पर भरपूर मेहरबान रहता है।

सेहत हमारे लिए सबसे बड़ी संपदा होती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में जब व्यक्ति अनाव, अनिद्रा आदि के कारण उच्च रक्तचाप, शुगर आदि का शिकार आसानी से हो जा रहा है जब यह जरूरी है कि हम अपने खान-पान, दिनचर्या आदि में सुधार अपनी सेहत को दुरुस्त रखने का प्रयास करें।

## आपकी बात

### मुक्त व्यापार समझौता

हमारी आर्थिक महत्वकांक्षा अब किसी से छिपी नहीं है। हम अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से पूरी तरह मुक्त होकर विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहे हैं और इसे एक संकल्प के रूप में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह भी कि यह महात्वाकांक्षी लक्ष्य किसी एक पार्टी या सरकार का वायदा नहीं है बल्कि देश का संकल्प है जिसे सामूहिक प्रयासों और वैश्विक विस्तार के साथ ही पूरा किया जा सकता है।

इसलिए यह जरूरी है कि भारत नये-नये व्यापारिक भागीदारों को जोड़े, वैश्विक स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक सहयोग विकसित करे ताकि हम अमरीका या चीन जैसे देशों से अपनी निर्भरता को कम कर पायें और कारोबारी विविधता के बीच नये-नये अवसरों को खोज कर देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देते रहें। इस संदर्भ में दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) हमारे कारोबार के वैश्विक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करके भारत अमरीकी टैरिफ का कड़ाई से जवाब दे सकता है।

**विवेक कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### जनाधिक्य चिंताजनक

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## ब्रेक फेल होने से ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र में ब्रेक फेल होने से एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को लकड़ी लेकर शिवलाल का पुरवा अंश तेरा ब, थाना अतर्रा तहसील अतर्रा से ट्रैक्टर आ रहे था। ट्रैक्टर पर दो लोग सवार थे। चालक लालराम स्वयं ट्रैक्टर चला रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और खाई में जा गिरा। हादसा इतना भयावह था कि चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लाल राम पुत्र मथुरा निवासी शिवलाल का पुरवा अंश तेरा ब, थाना अतर्रा जिला बांदा के रूप में हुई है। वहीं, दूसरा व्यक्ति अशोक कुमार निषाद पुत्र बब्बू निवासी महेवा, जनपद कौशांबी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस हादसे में किसी राहगीर को टक्कर नहीं लगी और न ही कोई अन्य जनहानि हुई।

## शिक्षामित्र सम्मान समारोह आज

**बांदा।** शिक्षामित्रों के बढ़े मानदेय वितरण का शुभारंभ पांच मई को कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने बताया कि शिक्षामित्र दिनकर अवस्थी, फूलसिंह, राजेंद्र शिवहरे, योगेश्वर गर्ग, प्रमोद सिंह, बृजेश सिंह गौतम, शहनाज कुरैशी, सुरेश द्विवेदी, देवेंद्र मिश्रा, राधेश्याम यादव, मंजू गुप्ता, शशि गुप्ता, अनीता रावत, शशिप्रभा, हुकुम सिंह, सतरूपा, सत्यभामा, अमित कुमार, राजेश करवरिया, रामविलास को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को निर्देशित किया गया है।

## सिंचाई विभाग के कर्मचारी से दूसरे कर्मचारी ने की मारपीट

**ललितपुर।** शहर में सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला तालाबपुरा निवासी राजीव कुमार मिश्रा पुत्र दुर्गाप्रसाद मिश्रा, जो सिंचाई कार्य मंडल ललितपुर में कार्यरत हैं, ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि 29 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे वह जनगणना प्रशिक्षण देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सिंचाई विभाग कचहरी रोड के पास उनकी मुलाकात सौरभ तिवारी से हुई, जो सिंचाई निर्माण खंड प्रथम में कार्यरत बताया गया है। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की और थप्पड़ मारे। इतना ही नहीं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद बद्री प्रसाद और राजेंद्र (अकाउंटेंट) ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। दोनों गवाही देने के लिए भी तैयार बताए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपी सौरभ तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सीमा प्रजापति को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर क्राइम थाना पुलिस ने खाते में वापस कराया 20 हजार

अयोध्या। साइबर ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक पीड़ित के बैंक खाते में ठगी गई रकम 20 हजार रुपए वापस कराई है। सोमवार को साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक मो अरशद ने बताया कि एक पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर ठगी कर लेने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर कार्यवाही करते ठगी गई रकम में से 20 हजार रुपए की रकम संबंधित बैंक खाते में होल्ड कराई गई थी। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कराते हुए होल्ड कराई गई 20 हजार रुपए की रकम पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई है। उन्होंने अपील की है कि साइबर अपराधों से सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर विश्वास न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल अथवा पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

# तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत, निकला विजय जुलूस



**बांदा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताई। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पीलीकोठी से विजय जुलूस निकाला। बैण्डबाजों की धुन में थिरकते हुए बाबूलाल चैराहा पहुंचे। यहां पटाखे दागे, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत व पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के प्रति आम जनमानस के अपार समर्थन व आशीर्वाद का परिचायक है। राष्ट्रवाद के पुरोधा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में प्रथम बार भाजपा की सरकार बनी है यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। पालिकाध्यक्ष मालती बासु, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, विनोद जैन, संतु गुप्ता, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चैरसिया, राकेश वाल्मीकि, रंजना श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता रज्जन, संतोष राजपूत, वीरेंद्र सक्सेना, धीरेन्द्र सिंह धीरू, संतोष नायक, शिवपूजन गुप्ता, रमन सिंह, नीरज त्रिपाठी, अंकित बासु, राहुल सिंह, लखन कुशवाहा, इंद्रजीत राजपूत, दिनेश शुक्ला बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- दागे पटाखे बैंडबाजों की धुन पर थिरके भाजपाई

# युवा संसद में ललितपुर की गार्गी शर्मा का शानदार प्रदर्शन



**ललितपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा गार्गी शर्मा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से ललितपुर का नाम रोशन किया। बजट 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दिए गए उनके तार्किक, ओजस्वी और विश्लेषणात्मक भाषण ने सदन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अतिथियों को प्रभावित किया। पं.प्रताप नारायण शर्मा की पौत्री तथा अधिवक्ता मनीष कुमार शर्मा एवं मनीषा शर्मा की सुपुत्री गार्गी शर्मा वर्तमान में बी.ए. एल.एल.बी. तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने युवा संसद के मंच पर युवाओं के दृष्टिकोण से बजट 2026 का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सतीश महाना, गिरीशचंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे। गार्गी शर्मा ने अपने संबोधन में हेमेलियन डायलेक्टिक शैली का प्रभावी उपयोग करते हुए बजट के विभिन्न पहलुओं पर बेबाकी और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। अपने भाषण के समापन पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण की शुरूआत संपत्तियों से होती है जैसे प्रेरणादायी विचार के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने न केवल उनकी कानूनी समझ, तार्किक क्षमता और वक्तव्य कौशल का परिचय दिया, बल्कि पूरे ललितपुर जिले को भी गौरवान्वित किया। गार्गी शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और जिलेवासियों में खुशी का माहौल है।

- यूपी विधानसभा में बजट 2026 पर ओजस्वी भाषण देकर बटोरीं खूब सराहनाएं

## नपा के खिलाफ व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

ललितपुर। नगर पालिका द्वारा प्रधान डाकघर के सामने नाली के ऊपर बने फोल्डिंग लोहे के शेडों को अतिक्रमण अभियान के दौरान हटाए जाने के विरोध में व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए टूटे शेडों का पुनर्निर्माण कराए जाने अथवा प्रभावित व्यापारियों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की। व्यापारियों का आरोप है कि विगत दिनों नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रधान डाकघर के सामने बनी दुकानों के बाहर नालियों पर लगाए गए फोल्डिंग लोहे के शेडों को जेसीबी मशीनों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि 23 नवंबर 2024 को नगर पालिका एवं व्यापार मंडलों के बीच हुई बैठक में लिखित सहमति बनी थी। जिसके आधार पर नालियों के ऊपर फोल्डिंग शेड लगाए गए थे, ताकि ग्राहकों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

# शहर में हटाया अतिक्रमण अवैध बिजली कनेक्शन पर होगी रिपोर्ट



जिला संवाददाता

**बांदा।** शहर के पीलीकोठी क्षेत्र में रेडक्रॉस सोसाइटी के आसपास मिल रही अतिक्रमण और अव्यवस्था की शिकायतों पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पीलीकोठी से लेकर ओवरब्रिज तक सड़क किनारे अवैध रूप से रखे गए डिब्बे, ठेले और अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। प्रशासनिक टीम ने साफ किया कि सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के बाहर सड़क पर अवैध रूप से दुकान संचालित कर रहे पवन कुमार पुत्र सीताराम के यहां बिजली चोरी का मामला सामने आया। मौके पर जांच में पाया गया कि बिना वैध कनेक्शन के अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इस पर नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने एसडीओ विद्युत राजेश पटेल को मौके पर बुलाया और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, कोतवाली पुलिस बल सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती को देखते हुए कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सुचारु होती नजर आई।

# युवक पर जानलेवा हमला कर अपमानित करने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक दलित युवक पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। चिकन हंडी ढाबा, ग्राम रोड़ा के पास हुए इस विवाद में आरोप है कि दबंगों ने पहले अवैध रूप से पैसों की मांग की, विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और फिर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार झांसीपुरा निवासी सानू करौसिया ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई नवनीत अपने साथियों के साथ खाना खाने चिकन हंडी ढाबे पर गया था। इसी दौरान उत्कर्ष साहू, अमन टिंकू, मोहित, अनीकेत, रवि कुशवाहा, विक्की पंथ, शिवम टिंकू, रुद्र, केशव सैनी, शिवम टिंकू उर्फ मुर्गा, आकाश परिहार समेत 5-6 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने नवनीत के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया तथा लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके सिर, कमर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 119(1), 352, 115(2), 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(व्ही.ए.), 3(2)(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

- 11 नामजद समेत कई पर मुकदमा दर्ज

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए मानवीय पहल

ललितपुर। भीषण गर्मी के बीच गौरैया समेत अन्य पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को भी शहर के गांधीनगर एवं नईबस्ती क्षेत्र में घर-घर जाकर 400 से अधिक जलपात्र वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। गौरतलब है कि इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा किया गया था। उन्होंने इस सेवा कार्य को ईश्वरीय सेवा बताते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों को ऐसे जनहित और जीवहित कार्यों से जुड़ने की सलाह दी थी। सोमवार को तखत ग्रुप के सदस्य मोहल्लों और गलियों में पहुंचकर लोगों को जलपात्र वितरित करते रहे तथा उनसे अपील की कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने घरों की छतों, बालकनी और छायादार स्थानों पर जलपात्र रखें और उन्हें प्रतिदिन सुबह-शाम स्वच्छ एवं ठंडे पानी से भरें, ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के तहत एक विद्यालय में भी जलपात्र वितरित किए गए, जहां स्कूली बच्चों को गौरैया संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। तखत ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराया जा सके।

- दूसरे दिन 400 से अधिक जलपात्र वितरित
- गांधीनगर-नईबस्ती के घर-घर पहुंचे सदस्य, लोगों ने सराहा सेवा अभियान

## रोडवेज के पास मिला महिला का शव

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस स्टेशन के पास लावारिश हाल में एक महिला मिली है। मामले की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसको जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी गई है। उसके पास से ऐसा कोई कागजात अथवा अन्य सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।

# निजी विद्यालयों के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न पर एसोसिएशन ने उठायी आवाज



**ललितपुर।** सोमवार को प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से भेंटकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनपद में दिन प्रतिदिन कुछ तत्वों द्वारा प्राइवेट स्कूलों की छवि खराब करने के उद्देश्य से शिकायतें एवं आरोप प्रत्यारोप किया जा रहा है। जिससे विद्यालयों की स्थिति अभिभावकों एवं समाज के बीच लगातार खराब हो रही है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों की सम्यक जांच उपरांत ही कोई कार्यवाही की जाए प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में निजी विद्यालयों के विरुद्ध लगातार बढ़ रही शिकायतों और उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का कहना है कि कुछ मामलों में बिना तथ्य जांच के विद्यालयों की छवि धूमिल करने का प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है हाल ही में सामने आए दो मामलों का उल्लेख करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय, ललितपुर में छात्र कृष्ण गोपाल शर्मा, द्वितीय वर्ष, 30 अप्रैल 2026 को प्रथम पाली परीक्षा में निर्धारित समय के पश्चात महाविद्यालय पहुंचे, जिस कारण वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके। महाविद्यालय द्वारा पूर्व से ही प्रवेश पत्र वितरण की सूचना दी जा चुकी थी। अभिलेखों के अनुसार छात्र द्वारा शिक्षण शुल्क भी जमा नहीं किया गया था। कार्यालय द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु छात्र ने आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। इसके उपरांत छात्र द्वारा परिसर में अनुशासनहीनता का वातावरण उत्पन्न किया गया। विश्वविद्यालय के प्रावधानानुसार छात्र आगामी सेमेस्टर के साथ परीक्षा दे सकता है, जिससे उसका शैक्षणिक वर्ष प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार माईं ड्रीम स्कूल, ललितपुर में एक छात्रा के अभिभावकों द्वारा विद्यालय परिसर में अभद्र व्यवहार करने और स्कूल प्रशासन को धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा के अभिभावकों द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य से लगातार अभद्रता की जा रही है तथा झूठे आरोप विद्यालय प्रबन्धन पर लगाये जा रहे है। एसोसिएशन के मंत्री ध्रुव साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल विद्यालयों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच अनुशासन और विश्वास के वातावरण को भी प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय बिना सरकारी सहायता के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें अनावश्यक दबाव और विवादों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तथा बिना प्रमाण के विद्यालयों को बदनाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, विद्यालयों को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे शिक्षा का वातावरण सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर एक समिति गठित की जाये जिससे किसी भी विद्यालय का अनावश्यक शोषण रोका जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसी भी विद्यालय को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जायेगा। किसी भी घटना की निष्पक्ष जाँच कराने के उपरान्त ही दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने विद्यालयों के प्रबन्धकों एवं एसोसिएशन से कहा कि आप सभी विद्यालय संचालन के लिये निर्धारित नियमों का पालन करें तथा प्रयास करें कि छोटे छोटे मुद्दे आपके स्तर पर ही निस्तारित हो जाये जिससे हममे से किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव महामंत्री ध्रुव साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष वसीम खजुरिया कोषाध्यक्ष शिशुपाल, सौरभ यादव, संग्राम सिंह यादव, राघवेंद्र सिंह बॉबी राजा नाराहट, राजेश दुबे, विजय सिंह यादव कौशल किशोर गोस्वामी मोहन सैनी आकाश मसीह, कपिल मसीह आदि उपस्थित रहे।

- एसोसिएशन का आरोप, निजी स्कूलों को बदनाम करने की साजिश, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग
- सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा बिना तथ्य जांच के विद्यालयों की छवि धूमिल करने का प्रयास

# परिषदीय विद्यालय में बच्चों से बालू ढुलाने की शिकायत डीएम से

**बांदा।** कंपोजिट विद्यालय अछरौड़ में छात्र-छात्राओं से बालू ढुलवाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बच्चों को श्रम करते देखा जा सकता है। घटना 30 अप्रैल 2026, गुरुवार की बताई जा रही है। ग्राम अछरौड़ निवासी महेंद्र पुत्र रामपाल ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जिलाधिकारी को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके बच्चों को स्कूल में पढ़ाई के बजाय शिक्षकों द्वारा बालू ढुलवाने का काम कराया गया। इस घटना की पुष्टि एक ग्रामीण के बनाए गए वीडियो से होती है। इस वीडियो में छोटे बच्चों को श्रम करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों से इस तरह का श्रम कराना शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। उनका कहना है कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। महेंद्र ने अधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी मांग की है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी बच्चे के साथ विद्यालय में ऐसा व्यवहार न हो।

## ससुराली जनों पर बेटी की हत्या का आरोप

**बांदा।** शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में हुआ विवाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मायके पक्ष ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निभौर का मजरा अरखन महुली निवासी बृजलाल निषाद के पुत्र कृष्णपाल की शादी 2014 में पैलानी थाने के ग्राम पचखौरी निवासी भोला की 28 वर्षीय पुत्री सीमा के साथ हुई थी। शनिवार की देर शाम पति कृष्णपाल शराब के नशे में आया तो पति पत्नी में विवाद होने के बाद पत्नी ने खाना बनाया। खाना खाने के बाद पति अपने सात वर्षीय पुत्र श्रवण को लेकर छत में सोने चला गया। दस वर्षीय लक्ष्मी बेटी के साथ माँ सो गई। जब देर रात बेटी गहरी नींद में सो गई तो मौका पाकर गले में दुपट्टे का फंदा भी गले में डालकर आंगन के बरामदे में लकड़ी की धन्नी में लटक गई। रविवार की सुबह जब पति की नींद खुली और छत के नीचे आया तो देखा कि वह फांसी के फंदे से लटक रही है। परिजनों के साथ पुलिस को जानकारी दी। जब तक उसे फांसी के फंदे से नीचे उतरते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के एक बेटा व एक बेटी हैं। मृतक की सास चैबी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका के भाई शैलेश और माँ ने ससुराली जानो पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। उधर मृतका के ससुर बृजलाल का कहना है मेरा बेटा दो माह पहले सूरत के दमन से मजदूरी कर वापस आया था पति-पत्नी में विवाद हुआ है मारपीट नहीं। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार राजावत का कहना है प्रथम दृष्टया उक्त महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण स्पष्ट हो जाएगा। कोई भी तहरीर नहीं मिली है।

## चिकित्सा शिविर लगाकर किया मरीजों स्वास्थ्य परीक्षण

**ललितपुर।** जनपद के ग्राम कडेसराकलां स्थित एक फार्म हाउस में शनिवार को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेकों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। यह चिकित्सा शिविर पं. राकेश अगरिया द्वारा उज्ज्वल फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित कराया गया। शुभारंभ जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। शिविर में मौजूद चिकित्सकों डॉ.स्वाति खरे, डॉ.रिया अगरिया, डॉ.अनिल कुमार और डॉ.शैलेन्द्र अगरिया ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह निशुल्क चिकित्सा शिविर अब प्रत्येक माह के रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान ललित केशोराम गंगेले, महेश तिवारी, राजू, अरविंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में पं. राकेश अगरिया ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## राजस्व परिषद के निर्देश का उल्लंघन, होम ब्लाक में ही दी तैनाती, डीएम से कार्यवाही की मांग

**बांदा।** राजस्व परिषद की नीति की धज्जियां उड़ाते हुए सदर तहसील में कुछ लेखपालों की तैनाती होम ब्लाक विकासखंड बड़ोखरखुर्द में ही की गई है। यह राजस्व परिषद के निर्देश का खुला उल्लंघन है। राजस्व परिषद की नीति के तहत कोई भी लेखपाल अपने होम ब्लाक यानी जिस ब्लाक का वह निवासी है उस ब्लाक के गांव में तैनात नहीं किया जा सकता है, शायद यह नियम भ्रष्टाचार को रोकने और भूमि संबंधी मामलों में निष्पक्षता की स्थिति को मजबूती प्रदान करने के लिए बनाया गया होगा। लेकिन सदर तहसील में राजस्व परिषद के इस नियम की काट ढूंढ निकाली गई है। तहसील बांदा के ग्राम मवई बुजुर्ग में जुगाड़ के चलते लेखपाल लवलेश अपने ही होम ब्लाक के ग्राम मवई बुजुर्ग में बीते कई माह से बतौर लेखपाल कार्यरत हैं। इसी तरह लेखपाल पुरुषोत्तम भी अपने होम ब्लाक की ग्राम पंचायत लड़ाकापुरवा में तैनात हैं। इन लेखपालों की अवैध नियुक्ति को लेकर किसान यूनियन नेता बैजनाथ अवस्थी व रामदास साहू ने भी कड़ा एतराज जताया है। जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करने की बात कही है। सूत्रों का कहना है कि इन दोनों को होम ब्लाक में लेखपाल बनाए जाने में विपक्ष के एक रसूखदार नेता का खेल है। परिषद की नियमावली के विरुद्ध इन लेखपालों से होम ब्लाक के ग्रामों का कार्य लिए जाने के पीछे क्या मजबूरी हो सकती है इस पर सवालिया निशान लगना लाजिमी है। राजस्व परिषद के निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर की गई लेखपालों की तैनाती तत्काल समाप्त करने की मांग किसान नेताओं ने तेज तर्रार जिलाधिकारी अमित आसेरी से की है।

# जहां से शब्द खत्म होते है, वहां से कला शुरू होती है: गन्धर्व सिंह लोधी

ललितपुर। सिद्धन रोड स्थित कला भवन में 05 अप्रैल से 03 मई 2026 तक आयोजित निशुल्क कला साधना शिविर का समापन समारोह डा0 राजकुमार जैन के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष गन्धर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान कला भवन में शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर में एक माह सिखायी विषय वस्तु एवं बनाये गये चित्रों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा बच्चों ने भी अपने द्वारा बनाये गये चित्रों, कैलीग्राफी, महाराष्ट्र की आदिवासी लोककला वारली पैंटिंग, प्राकृतिक दृश्यों, मानव चित्रण पर आधारित, राधा कृष्ण को आमंत्रित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे देखकर बच्चों के किये गये कार्यों की एवं प्रशिक्षक बिरथरे की सराहना की। ओपी बिरथरे ने कहा चित्रकला भावनाओं, विचारों और इतिहास को व्यक्त करने का शक्तिशाली मुख्य माध्यम है, जो मानवीय रचनात्मकता, मानसिक शांति और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य अतिथि डा0 राजकुमार जैन ने इन प्रयास एवं शिविर की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन परीक्षा के उपरान्त बच्चों के अवकाश के समय पर नकारात्मकता से सकारात्मकता और रचनात्मकता की ओर ले जाते हैं, यह एक बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि जहां से शब्द खत्म होते हैं, वहां से कला का आरम्भ होता है। इसका प्रभाव सीधा दवा की तरह सीधा आत्मा पर पड़ता है इस शिविर में बच्चों ने बहुत ही सुन्दर चित्र बनाये हैं। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष गन्धर्व सिंह लोधी ने कहा कि कला एक निरन्तर साधना की विधा है, जिसे आप जितना सृजन करेंगे, आपकी कला उतनी ही अधिक परिष्कृत होगी। आप लोगों ने इस शिविर जो सीखा है, उसे निरन्तर साधना के द्वारा उच्च लक्ष्य तक पहुंचना है। सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या शांति मालवीय ने कहा कि यह केवल रंगों और आकृतियों का खेल नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति और ध्यान का सशक्त साधन है। इंटैक चैप्टर संयोजक सन्तोष शर्मा ने कहा कि कला तनाव को कम करने, आत्म विकास करने और समाज को नई दृष्टि देने के साथ साथ हमारी पहचान को सुदृढ़ करती है, कला जीवन को आनन्दमय और अर्थपूर्ण बनाती है।



- नकारात्मकता से सकारात्मकता और रचनात्मकता की ओर ले जाती है चित्रकला: डॉ. राजकुमार
- नि:शुल्क कला साधना शिविर का भव्य समापन

## संक्षेप

### वी-गार्ड ने लॉन्च किया जिवार्डो 100 एयर कूलर

नयी दिल्ली। जैसे-जैसे भारत में गर्मी और तेज होती जा रही है और घरों का आकार बड़ा होता जा रहा है, उच्च-प्रदर्शन और भरोसेमंद कूलिंग समाधानों की जरूरत पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसी मांग को पूरा करते हुए, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जिवार्डो 100 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह अगली पीढ़ी का एयर कूलर बड़े स्थानों के लिए शक्तिशाली कूलिंग देने के लिए बनाया गया है, जो आधुनिक घरों की सुंदरता के साथ पूरी तरह मेल खाता है। रूप और कार्यक्षमता के बेहतरीन संगम के रूप में डिजाइन किया गया, जिवार्डो 100 अपनी श्रेणी में एक क्रांतिकारी इनोवेशन के रूप में उभर रहा है। यह भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन, प्रीमियम डिजाइन और दीर्घकालिक विश्वसनीयता प्रदान करता है। जिवार्डो 100 एक बड़ी क्षमता वाले एयर कूलर की परिभाषा को बदल देता है।

### निसान ग्रेवाइट सीएनजी में ट्विन-सिलेंडर रेट्रोफिटमेंट किट के साथ रखा कदम

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट लॉन्च करने का एलान किया। सेगमेंट में पहली बार स्मार्ट ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जिससे 7-सीटर मॉड्यूलैरिटी और यूज़ेबिलिटी दोनों बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसे 16 राज्यों में 82,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रेवाइट सीएनजी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा किफायती और पर्यावरण के दृष्टिकोण से ज्यादा बेहतर समाधान मिलेगा। साथ ही इस किट के लगने के बाद भी तीसरी पंक्ति में पर्याप्त जगह रहेगी, जिससे कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों की व्यावहारिकता बनी रहेगी। व्यावहारिक और भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार ग्रेवाइट सीएनजी में स्मार्ट पावर को स्मार्ट सेविंग्स के साथ मिलाया गया है, जिससे बेहतरीन मॉड्यूलैरिटी, कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों को बनाए रखने के साथ-साथ प्रति किलोमीटर पर कम खर्च होगा।

### मेटा ने की विराट से साझेदारी

नयी दिल्ली। चल रहे क्रिकेट सीजन के बीच, ओकली और मेटा ने आज क्रिकेट आइकन विराट कोहली के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत कोहली भारत में ओकली मेटा परफॉर्मेंस एआई ग्लासेस का चेहरा होंगे। यह पहल दिखाती है कि एआई से चलने वाले वेअरेबल्स किस तरह खेल में 'एथलेटिक इंटेलीजेंस' लेकर आते हैं और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, कंटेंट क्रिएशन और शेयरिंग को बेहतर बनाते हैं। इस साझेदारी के तहत दर्शकों को विराट कोहली की दुनिया को उनके नजरिए से देखने का मौका मिलेगा – ट्रेनिंग सेशन, मैच की तैयारी और कुछ खास पर्दे के पीछे के पल। ओकली मेटा परफॉर्मेंस एआई ग्लासेस में हैंड्स-फ्री एआई दिया गया है, जो खेल के दौरान बेहतरीन शॉट कैप्चर करने, ट्रेनिंग के समय पर्सनल इनसाइट्स देने और एक्शन के बीच बिना रुकावट कंटेंट रिकॉर्ड करने में मदद करता है। हैंड्स-फ्री कैप्चर और तुरंत शेयरिंग के साथ, ये ग्लासेस मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह अहम पलों को आसान और स्मार्ट तरीके से रिकॉर्ड करने का अनुभव देते हैं। यह साझेदारी 'एथलेटिक इंटेलीजेंस' की हमारी सोच को सामने लाती है।

### एयू स्मॉल बैंक ने की जीरो फॉरेक्स मार्जिन रेमिटेंस शुरू

नयी दिल्ली। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर में छिपे शुल्कों को खत्म करने के उद्देश्य से एक ग्राहक-केंद्रित फॉरेक्स पहल की शुरूआत की है। इस पेशकश के साथ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक निजी क्षेत्र में इनवर्ड और आउटवर्ड, दोनों प्रकार की रेमिटेंस पर जीरो फॉरेक्स मार्जिन और जीरो बैंक चार्ज प्रदान करने वाला भारत का एकमात्र बैंक बन गया है। इससे ग्राहक बिना किसी छिपे मार्क-अप के, वास्तविक और पारदर्शी विनिमय दरों पर भारत से और भारत में धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

### एग्जिट पोल में अव्वल रहा प्रजा पोल

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने भाजपा की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत की पुष्टि कर दी है। यह परिणाम 'प्रजा पोल एनालिटिक्स' द्वारा जारी किए गए शुरुआती एग्जिट पोल अनुमानों के बिल्कुल अनुरूप रहे हैं। भाजपा द्वारा 200 सीटों का आंकड़ा पार करने के साथ ही, प्रजा पोल इस बड़े संरचनात्मक बदलाव की सटीक भविष्यवाणी करने वाली पहली पोलिंग एजेंसी बन गई है।

# सेंसेक्स में 356 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईसीआईसी के शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों को नजरअंदाज करते हुए पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों के अनुकूल रुझान और चौथी तिमाही के बेहतर नतीजों से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड, सेवा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक खंड एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी और बैंक खंड में गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,607 शेयर बढ़कर बंद हुए जबकि 1,735 शेयरों में गिरावट रही और 216 अन्य अपरिवर्तित रहे। बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 प्रतिशत बढ़कर 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,487.10 करोड़ रुपये की खरीदारी की। घरेलू शेयर बाजार महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बंद थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 और निफ्टी 180.10 अंक घटकर 23,997.55 अंक पर बंद हुए थे।

# रुपया 39 पैसे टूटकर अब तक के निचले स्तर 95.23 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति और आर्थिक नरमी की आशंकाएं बढ़ने से घरेलू मुद्रा दबाव में है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट तेल की कीमत 110 डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं। इसके अलावा, वैश्विक अनिश्चितताओं में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी जैसे कारकों ने निवेशकों के विश्वास को और भी कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें गिरावट जारी रही और अंत में 95.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.84 पर बंद हुआ था। महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर बाजार और मुद्रा बाजार बंद थे। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। तेल की कीमतों में लगातार हो रही इस वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी से भारत के व्यापार संतुलन एवं कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट दबाव पड़ रहा है। डॉलर की निरंतर मांग से अल्पावधि में रुपये पर दबाव बने रहने के आसार हैं जिससे डॉलर के मुकाबले रुपया 95.35 से 95.70 के स्तर के बीच रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.26 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 355.90 अंक की बढ़त के साथ 77,269.40 पर जबकि निफ्टी 121.75 अंक चढ़कर 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.37 प्रतिशत बढ़त के साथ 109.65 डॉलर प्रति बैरल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 9,821 रुपये रही। अमेरिका-ईरान तनाव से जुड़े आपूर्ति जोखिमों और वैश्विक आपूर्ति पर उनके असर पड़ने की आशंका के बीच मजबूत वैश्विक रुख के साथ कच्चे तेल में तेजी आई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई डिलीवरी के लिए कच्चे तेल की कीमत 156 रुपये यानी 1.61 प्रतिशत बढ़कर 9,821 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 16,361 लॉट का कारोबार हुआ। शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने बताया कि सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग 9,800 रुपये प्रति बैरल के आसपास रही। अमेरिका-ईरान तनाव से जुड़े आपूर्ति जोखिमों और वैश्विक आपूर्ति पर उनके असर पड़ने की आशंका के बीच मजबूत वैश्विक रुख के साथ कच्चे तेल में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, जुलाई अनुबंध वाले ब्रेंट कच्चातेल 1.53 प्रतिशत बढ़कर 109.82 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) एक प्रतिशत बढ़कर 102.89 डॉलर प्रति बैरल रहा।

सिक्योरिटीज में जिंस शोध विभाग के एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि सोमवार को डब्ल्यूटीआई और ब्रेंट क्रूड क्रमशः 105 और 111 डॉलर प्रति बैरल पर रहे। बाजारों में होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव के बीच कूटनीतिक प्रगति से कुछ सकारात्मक असर पड़ा। दोनों मानक पिछले सप्ताह के चार साल के उच्चतम स्तर से नीचे रहे।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में अप्रैल में मामूली सुधार

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नए कारोबार की शुरुआत और उत्पादन में वृद्धि के मामले में अप्रैल में मामूली सुधार देखने को मिला, लेकिन वृद्धि दर लगभग चार वर्ष में दूसरे सबसे कमजोर स्तर से बढ़ी। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च के 53.9 के मुकाबले अप्रैल में 54.7 पर रहा। यह करीब चार साल में समग्र परिचालन परिस्थितियों में दूसरे सबसे धीमे सुधार को दर्शाता है।

यह सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की आपूर्ति के समय और खरीद भंडार जैसे मानकों के आधार पर समग्र स्थिति को दर्शाता है। पीएमआई की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार है जबकि 50 से नीचे होना संकुचन को दर्शाता है। पीएमआई के दो सबसे बड़े घटक नए ऑर्डर और उत्पादन मार्च की तुलना में बढ़े, लेकिन पिछले साढ़े तीन साल के स्तर से पीछे रहे। भारत का विनिर्माण पीएमआई अप्रैल में 53.9 से बढ़कर 54.7 हो गया, लेकिन यह अब भी लगभग चार साल में परिचालन स्थितियों में दूसरी सबसे धीमी सुधार दर को दर्शाता है। विज्ञापन एवं मांग की मजबूती ने बिक्री और उत्पादन को सहारा दिया लेकिन प्रतिस्पर्धा की स्थिति, पश्चिम एशिया में युद्ध और ग्राहकों द्वारा लंबित कोटेशन मंजूर करने में हिचक के कारण वृद्धि प्रभावित हुई। उत्पादन, नए ऑर्डर (निर्यात सहित) और रोजगार में हालांकि मध्यम वृद्धि दर्ज हुई जो विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती को दर्शाती है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही की शुरुआत में नए निर्यात ऑर्डर तेजी से बढ़े और वृद्धि की रफ्तार सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। कंपनियों ने ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान, केन्या, मुख्य भूमि चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन जैसे देशों से बेहतर मांग की जानकारी दी। कीमतों के मोर्चे पर कंपनियों ने संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध से महंगाई पर ऊपर की ओर दबाव बना हुआ है। कच्चे माल की लागत और तैयार माल की कीमतें कीमतें क्रमशः 44 महीने और छह महीने में सबसे तेज दर से बढ़ीं।

## यूपीआई के जरिये अप्रैल में हुए 22.35 अरब लेनदेन

नयी दिल्ली। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये लेनदेन इस साल अप्रैल सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब रहा। वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पिछले वर्ष अप्रैल में यूपीआई के जरिये 17.89 अरब लेनदेन हुए थे। मार्च 2026 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 22.64 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, वहीं फरवरी में यह 20.39 अरब रहा था। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अप्रैल 2026 में यूपीआई के जरिये 22.35 अरब लेनदेन हुए। यूपीआई के उपयोग में आसानी के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी है। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण नियम है। इसमें पहला स्तर उपयोगकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और दूसरा यूपीआई पिन होता है, जिससे लेनदेन तेज और सुरक्षित बनते हैं। वर्तमान में भारत में कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव देश की सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय पर डिजिटल भुगतान में करीब 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ देशों में सक्रिय है।

# पर्यवेक्षण को औपचारिक अनुपालन से आगे देखना चाहिए



नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने कहा कि हल्के नियमन वाली प्रणाली कुछ समय तक कम लागत और तेज वृद्धि के कारण असरदार दिख सकती है लेकिन वृद्धि के कमजोर कॉरपोरेट गवर्नेंस, खराब ऋण मानकों या छिपे जोखिमों पर आधारित होने पर इसकी कीमत जमाकर्ताओं और व्यापक अर्थव्यवस्था दोनों को चुकानी पड़ती है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यवेक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों एवं कंपनियों को केवल दिए गए आंकड़ों के आधार पर नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने हाल में दिए एक व्याख्यान में कहा कि पर्यवेक्षण को औपचारिक अनुपालन से आगे देखना चाहिए। अनुपालन यह पूछता है कि नियम का पालन हुआ या नहीं। वहीं, पर्यवेक्षण यह पूछता है कि क्या अंतर्निहित जोखिम को समझा और संबोधित किया गया है। स्वामीनाथन ने इस बात पर जोर दिया कि संस्थानों और कंपनियों को केवल रिपोर्ट किए गए आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के पीछे के कारणों को भी समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऑडिट किए गए बही-खाते और सूचना उपयोगी हैं, लेकिन वे खुद व्यवसाय नहीं होते। असली कारोबार कारखाना, उत्पादन स्थल, बाजार, आपूर्ति शृंखला, प्रबंधन की गुणवत्ता और लिए गए निर्णयों में दिखता है। इसलिए, बैंकर का काम संदेहपूर्ण होने का नहीं, बल्कि जिज्ञासु होने का है। स्वामीनाथन ने 30 अप्रैल को चेन्नई स्थित मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में लर्निंग, जजमेंट एंड पब्लिक पर्पजलेसन्स फ्रॉम बैंकिंग विषय पर 12वां जी रामचंद्रन स्मृति व्याख्यान दिया था। यह व्याख्यान सोमवार को आरबीआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि हल्के पर्यवेक्षण वाली प्रणाली कुछ समय तक कुशल दिख सकती है, क्योंकि लागत कम होती है और वृद्धि तेज हो सकती है। हालांकि यदि यह वृद्धि कमजोर कॉरपोरेट शासन, खराब ऋण मानकों या छिपे जोखिमों पर आधारित है, तो आखिरकार इसकी कीमत न केवल शेयरधारकों या प्रबंधन बल्कि जमाकर्ताओं, उधारकर्ताओं, करदाताओं और व्यापक अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। पर्यवेक्षण का वास्तविक मूल्य ऐसे परिणामों की संभावना और गंभीरता को कम करने में है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैंकिंग अधिक डिजिटल, अधिक डेटा-आधारित और अधिक परस्पर संबद्ध होता जा रहा है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों को साथ मिलकर विकास पर करना होगा कामः एडीबी अध्यक्ष



उजबेकिस्तान। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष ने जुझारू एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों से आपसी सहयोग बढ़ाने और मजबूत सीमापार संपर्क विकसित करने का आह्वान किया।

एडीबी की यहां आयोजित 59वीं वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, इस नए दौर में लिए जाने वाले निर्णय अगली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करेंगे। खंडित वैश्विक परिदृश्य में पारंपरिक और अलग-थलग वृद्धि रणनीतियां कारगर नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार, आपूर्ति शृंखला और डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से झटके तेजी से सीमाओं के पार फैलते हैं और कमजोर समुदायों को अधिक प्रभावित करते हैं। ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर समन्वित समाधान जरूरी हैं। एडीबी प्रमुख ने कहा कि बैंक इस दिशा में निवेश बढ़ा रहा है और ऐसे सुधार लागू कर रहा है, जिससे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, बाजारों और संस्थानों का एकीकरण हो सके। एशियाई विकास बैंक ने पिछले वर्ष एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 29.3 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी थी। एडीबी ने 70 अरब डॉलर का एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें 50 अरब डॉलर की पैन-एशिया बिजली ग्रिड परियोजना और 20 अरब डॉलर की सीमापार डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने की पहल शामिल है। इसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करना, उत्सर्जन कम करना और डिजिटल अंतर को पाटना है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण इस साल एशिया-प्रशांत क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 4.7 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष 5.4 प्रतिशत थी। वहीं मुद्रास्फीति दर 3.0 प्रतिशत से बढ़कर 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यदि यह संघर्ष आगे बढ़ता है और तेल कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो वृद्धि दर और भी नीचे गिरकर 4.2 प्रतिशत तक आ सकती है।

## पेज एक का शेष

### बंगाल और

पर भरोसे का दिन है, (जनता के लिए) काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है, और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा, मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा, और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिल हुआ है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल-- मां गंगा के किनारे बसे इन सभी राज्यों में अब भाजपा-राजग की सरकारें हैं।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जारी मतगणना के बीच अपने पार्टी उम्मीदवारों और एजेंटों से मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाने की अपील की। बनर्जी ने मतगणना के बीच जारी एक वीडियो संदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने और मनोबल नहीं गिराने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं सभी से अपील करती हूं कि तृणमूल उम्मीदवार और मतगणना एजेंट मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाएं।

### गंगोत्री से

हूं। समारोह में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। पिछले साल 14 नवंबर को, जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे, मोदी ने इसी स्थान से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक बहती है। उन्होंने कहा और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिल हुआ है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल, मां गंगा के किनारे बसे इन सभी राज्यों में अब भाजपा-राजग की सरकारें हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव में भय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत हुई है।

### भवानीपुर सीट

के खिलाफ भवानीपुर विधानसभा सीट पर भारी जीत हासिल करने के बाद अपना जीत का प्रमाण पत्र दिखाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण था। ममता बनर्जी को हराना बेहद जरूरी था। यह ममता बनर्जी की राजनीति से विदाई है, इस बार भी वह 15,000 से अधिक वोटों से हार गई। मुसलमानों ने खुलकर उनके पक्ष में मतदान किया। वार्ड नंबर 77 में मतदान करने आए सभी मुसलमानों ने ममता को वोट दिया, और हिंदुओं, सिखों, जैनों और बौद्धों ने मुझे आशीर्वाद दिया और मुझे जीत दिलाई। यह जीत हिंदुत्व की जीत है... सीपीएम के सभी मजबूत समर्थकों ने मुझे वोट दिया। भवानीपुर में सीपीएम के 13,000 वोट थे, और उनमें से कम से कम 10,000 वोट मुझे मिले। मैं वहां के सीपीएम मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं। सभी बंगाली हिंदुओं ने खुलकर मेरे पक्ष में मतदान किया।

### जालौन : खड़े

ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने कहा कि घटना में मरने वालों की पहचान स्वामी प्रसाद तिवारी (68), देवराम नामदेव (38), शशिकांत तिवारी (49), मनोज भोडले (39), उमेश तिवारी (23) और कृष्णकांत नायक (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चार घायलों हरिओम (39), अंशुल (38), सजीवानंद (39) और भूषण तिवारी (40) हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब कानपुर की ओर से आ रही एसयूवी ने नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

### नयी तबादला

समूह ग व घ के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कुल कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% की सीमा तक किए जा सकेंगे। समूह ख व ग के ट्रांसफर यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रणाली से होंगे तथा समूह ग में पटल/क्षेत्र परिवर्तन के नियमों का कड़ाई से पालन होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सुविधा अनुसार तैनाती, आकांक्षी जनपदों में प्राथमिकता पोस्टिंग और स्थानांतरण सत्र के बाद समूह क व ख के ट्रांसफर हेतु मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर रोक लगाने के लिए कैबिनेट ने निविदा निस्तारण की नई प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए एसबीडी और 5 करोड़ रुपये से कम के कार्यों के लिए टी-1 व टी-2 प्रणाली लागू होगी। कम दर पर टेंडर लेने वाले निविदादाताओं से अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी अनिवार्य की गई है। 15% से अधिक कम दर वाले ठेकेदारों के चयन से पहले उनके निर्माणाधीन और पूर्ण कार्यों की गुणवत्ता की जांच होगी, जबकि 15% से कम दर पर बोली लगाने वाले ऐसे ठेकेदार जिनका प्रदेश में कोई कार्य नहीं चल रहा या पिछले दो वर्षों में कोई कार्य पूरा नहीं किया है, उनसे भी अतिरिक्त सिक्योरिटी ली जाएगी। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा। संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना के तहत प्रदेश में 10 टेक्सटाइल पार्कों का विकास किया जाना है। इसके लिए बंद पड़ी कताई मिलों की जमीन का उपयोग किया जाएगा। कैबिनेट ने 4 कताई मिलों की 251.8 एकड़ भूमि का हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग के पक्ष में निशुल्क हस्तांतरण की मंजूरी दी। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। राजधानी लखनऊ में आउटर रिंग रोड के रैथा अंडरपास से पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 6 लेन के निर्माण तथा आईआईएम से रैथा अंडरपास मार्ग का 2 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 546.51 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

### अल-फलाह

देखते हुए इस स्तर पर जमानत के लिए कोई आधार नहीं बनता है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट में कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के लिए फरवरी में सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था। मार्च में ईडी ने उन्हें जेल से अपनी हिरासत में ले लिया था। अदालत ने दो मई के अपने आदेश में कहा, सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, चूंकि याचिकाकर्ता/आरोपी के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इस स्तर पर जमानत का कोई आधार नहीं बनता है। नतीजतन, जवाद अहमद सिद्दीकी की जमानत अर्जी खारिज की जाती है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से साबित होता है कि सिद्दीकी का अपराध की उक्त आय से सीधे तौर पर या किसी न किसी तरीके से संबंध हो सकता है। उसने कहा, यह स्पष्ट है कि अल-फलाह विश्वविद्यालय/ट्रस्ट/कॉलेज से उत्पन्न प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) उन पक्षों के माध्यम से भेजे गए थे... जिनका स्वामित्व सिद्दीकी की पत्नी, बच्चों और भरोसेमंद कर्मचारियों के पास था, लेकिन अंततः इन पर नियंत्रण उन्हीं (सिद्दीकी) का था।

### संयम व सेवा

सहानुभूति रखने वाली जनता ने उसे छलावे के तौर पर लिया था और इस चुनाव में उसने साबित कर दिया कि मतदाताओं की लाठी में आवाज नहीं होती मगर वह जहां भी पड़ती है, अहसास जरूर करा देती है। ममता बनर्जी ने इस चुनाव में भी बाहरी और भीतरी का अपना चिर परिचित दांव चला। यहां तक कह दिया कि बंगाल में भाजपा जीती तो पश्चिम बंगाल के लोगों को मछली भात नहीं खाने देगी लेकिन उनका यह दांव उलटा पड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाकर बंगाल की जनता को यह सीधा संदेश दे दिया कि हम बाहरी नहीं, बंगाल की संस्कृति, सभ्यता, उसके रहन-सहन और खान-पान से प्रेम करते हैं। कई भाजपा नेताओं ने बंगाल के लोगों के साथ बैठकर मछली खाई और उनके दिल में जगह बनाने की सफल कोशिश की। ममता बनर्जी की ईमानदारी पर शायद ही किसी को संदेह हो लेकिन टीएमसी के शातिर और भ्रष्ट नेताओं को उनका खुलेआम समर्थन उनकी नाव डुबाने में सहायक बना। राज्य में अनेक अवसर आये जब उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के प्रोटोकॉल को फालो करने की बजाय टीएमसी की राजनीति को वरीयता दी। भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं और अधिकारियों के समर्थन में खड़ी हुईं और सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनीं। सरकारी कामकाज में बाधा डाला और कई बार तो महत्वपूर्ण कागजात भी उनके हाथ से छीनकर चलती बनीं। उनकी इस तुनकमिजाजी और पूर्वाग्रही आचरण ने भी बंगाल में केंद्रीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचने नहीं दिया।

पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद ममता बनर्जी को यह तो समझ में आ ही गया होगा कि उनसे बंगाल के लोग कितने नाराज थे। भले ही वे एसआईआर और ईडी-सीबीआई को अपनी हार की वजह बताएं लेकिन सच तो यह है कि अब उन्हें आत्ममंथन जरूर करना चाहिए। इस चुनावी इम्तिहान में तो एक्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भी मात खा गई हैं। उनके पूर्वानुमान में भाजपा की जीत तो शामिल थी लेकिन इस तरह की प्रचंड और अप्रत्याशित जीत होगी, इसकी कल्पना तो उन्होंने भी नहीं की होगी। खुद भाजपा भी अचंभित है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया है। उसने तो 160 से अधिक सीटें जीतने की ही कल्पना की थी लेकिन यहां तो उसकी जीत का शतक ही डबल हो गया।

पश्चिम बंगाल में भाजपा कोजहां मां गंगा का साथ मिला है, वहां उसकी प्रचंड बहुमत से जीत हुई है, वहीं असम में ब्रह्मपुत्र नदी के आशीर्वाद ने भाजपा की लगातार तीसरी बार शानदार जीत हुई है। तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता थलपति विजय का करिश्मा देखते ही बन रहा है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम सरकार बनाने के नजदीक तक पहुंच गई है। मतलब सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। स्टालिन को हार का सामना करना पड़ा है। सनातन की आलोचना और हिंदी का निरादर उन पर भारी पड़ा है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को गिराने का खामियाजा भी कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी को भुगतना पड़ा है। केरलम में पिनराई विजयन को सत्ता से हाथ धोना पड़ा है जबकि कांग्रेस का यूडीएफ गठबंधन वहां सरकार बनाने की स्थिति में आ गया है। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220 तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों में पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। जबकि केरलम में विगत चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीट मिली थी। इस चुनाव में जनता ने ममता, स्टालिन और विजयन को राजनीतिक आईना दिखाने का मौका अपने हाथ से जाने नहीं दिया है। भाजपा और उसकी नीतियों पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है लेकिन यह मुहर उसके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम भी नहीं है।

### प्रीपेड मीटर

के अंदर बिजली नहीं काटी जाएगी। साथ ही यह भी कहा है कि पिछला बकाया हो तो उपभोक्ता दस किश्तों में भरने की सुविधा प्रदान की जाय, पुराने मीटरों को स्मार्ट-प्रीपेड मीटर से बदलने का कार्य स्थगित किया गया है फिर भी हाल में लगे स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का समाधान हमारी प्राथमिकता है। गर्मी के दिनों में लोगों को विद्युत संबंधी कोई तकलीफ न पड़े इसके लिए शक्ति भवन में मीटिंग कर विभाग को सोमवार को फिर हिदायत दिया है।



# सुपर जाइंट्स ने मुंबई को दिया 229 रन का लक्ष्य

## सुपर जाइंट्स की ओर से निकोलस पूरन ने 63 जबकि मिचेल मार्श ने 44 रन बनाये



मुंबई। निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊसुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए।

पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊकी टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया। उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे। मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा। सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया। कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए। अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।

# महिला हॉकी टीम की गोलकीपर ने विलियमसन के मार्गदर्शन में विशेष शिविर में हिस्सा लिया



बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो ने आयरलैंड के डेविड विलियमसन द्वारा आयोजित एक विशेष गोलकीपिंग शिविर में हिस्सा लिया। यह शिविर मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित किया गया था और दो मई को यहां साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में समाप्त हुआ। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के आनंदना के सहयोग से आयोजित यह 11 दिवसीय शिविर 22 अप्रैल को शुरू हुआ था जिसमें गोलकीपरों को केंद्रित और उच्च-प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दिया गया।

विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के एक अत्यंत अनुभवी फील्ड हॉकी कोच और पूर्व खिलाड़ी हैं। वह एक जाने-माने गोलकीपिंग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है। सीनियर गोलकीपरों सविता, बंसरी और माधुरी ने इन सत्र में भाग लिया जिससे उन्हें तकनीकी बुनियादी बातों, निर्णय लेने की क्षमता, रक्षात्मक पहलुओं और मैच की स्थितियों में रणनीतिक जागरूकता पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला। यह ऐसे समय में हुआ जब टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही है। एक गोलकीपर होने के नाते मैंने हमेशा यह अनुभव किया है कि इस तरह के शिविर आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं।

## संघर्षों को पीछे छोड़ शोएब ने 20 साल के सूखे को किया खत्म

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के नये टेनिस सितारे मुहम्मद शोएब के लिए एक समय ऐसा भी था जब वह चप्पलों में और सलवार-कमीज़ पहनकर टेनिस का अभ्यास करते थे, क्योंकि जूते और टेनिस किट खरीदने की उनकी आर्थिक स्थिति नहीं थी ।कई बार उनके पुराने जूतों के तलवे फटने की वजह से पैरों में छाले पड़ते और खून तक निकल आता, लेकिन उनका हौसला नहीं डिगा और उन्होंने खेलना जारी रखा। पेशावर क्लब के कोर्ट पर अभ्यास के लिए उन्हें दोपहर की भीषण गर्मी का इंतजार करना पड़ता, क्योंकि उसी समय वहां भीड़ कम होती थी। बीस साल का यह खिलाड़ी संघर्षों को धता बताकर रविवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान का नया टेनिस चैंपियन बनकर उभरा। वह देश के इतिहास में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऐसाम-उल-हक़ कुरैशी और अकील खान ने यह उपलब्धि हासिल की थी। शोएब की आईटीएफ फ्यूचर्स खिताबी जीत ने न केवल उनका निजी सपना पूरा किया, बल्कि पाकिस्तान के लिए 20 वर्षों से चले आ रहे सिंगल्स खिताब के सूखे को भी खत्म किया।

**संक्षेप**

## वॉशिंगटन की पारी ने गुजरात की मध्यम क्रम से जुड़ी समस्या को दूर किया

अहमदाबाद। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ वाशिंगटन सुंदर की मैच जिताने वाली पारी से गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी को लेकर उठ रही कुछ शंकाओं का समाधान जरूर हो जाएगा। वाशिंगटन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 23 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए जिससे गुजरात इस मैच में पंजाब किंग्स को हराने में सफल रहा। वाशिंगटन सुंदर की पारी बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम से जुड़े सवालों का जवाब मिल गया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन ने जिस तरह से मैच का सकारात्मक अंत करने के लिए जरूरी धैर्य दिखाया वह काबिले तारीफ है। अश्विन ने कहा, गुजरात की टीम के अधिकतर रन उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज बनाते हैं लेकिन वाशिंगटन के इस तरह के योगदान से उनकी बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है। उन्होंने दबाव का अच्छी तरह से सामना किया और टीम की जीत सुनिश्चित की। अश्विन ने कहा, यह देखने में भले ही आकर्षक न हो, लेकिन टीम को जीत दिलाने के लिए यह बहुत ही संयमित और बेहतरीन प्रयास था। गुजरात ने फिर से लक्ष्य का पीछा करते हुए संयम दिखाया। उनकी टीम में भले विस्फोटक बल्लेबाज नहीं हों लेकिन उनकी टीम काफी संतुलित है।

## चोटिल फिल साल्ट स्कैन के लिए स्वदेश लौटे

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी और साल्ट दोनों को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और वह इस महीने बाद में भारत लौट सकते हैं। साल्ट ने मौजूदा आईपीएल में छह पारियों में 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

# एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में जापान की कड़ी चुनौती के लिए भारत तैयार



सुझोउ (चीन)। भारत को मंगलवार को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट में जापान की मजबूत टीम के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत अपनी शुरुआती हार से उबरकर टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीद कर रहा है। भारतीय टीम ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हार गई थी। अब वे ऐसी स्थिति में हैं जहां हर गोल मायने रखेगा, विशेषकर तब जब जापान ने लेबनान को 13-0 से हराकर तीन अंक हासिल कर लिए हैं। महिला फुटबॉल की तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन टीम में से एक है जापान इस मुकाबले में अपना शानदार इतिहास लेकर उतर रहा है। उसने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के नौ टूर्नामेंट में सात बार फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। इस एशियाई दिग्गज टीम ने 2014 में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का खिताब जीतकर वैश्विक स्तर पर भी अपना दबदबा साबित किया था। जापान को इस मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन फिर भी भारत का मनोबल कम नहीं हुआ है। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने जोर देकर कहा है कि उनकी खिलाड़ी पूरी तरह से स्पष्ट और एकाग्र मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोंटी ने कहा कि हमने अभी-अभी अपना अभ्यास सत्र खत्म किया है और हम काफी उत्साहित है क्योंकि हम दुनिया की सबसे मजबूत टीम में से एक के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। एक कोच के तौर पर मेरा और खिलाड़ियों का भी यही मानना है कि अगर हमें जीतना है तो हमें एक बेहतरीन मैच खेलना होगा। लेकिन उससे भी बढ़कर वहां मौजूद रहना, उस अनुभव को जीना और खेल का आनंद लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मैं निश्चित रूप से इसका आनंद लूंगी। भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए ठोस तैयारी की है जिसमें तीन महीने से अधिक का कड़ा अभ्यास शामिल है।

# एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजों के सामने शंघाई विश्व कप में कड़ी चुनौती



शंघाई। भारतीय तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले विश्व कप के दूसरे चरण में खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से घिरे माहौल में उतर रही है।

इस विश्व कप में मजबूत टीमों की मौजूदगी और इस साल होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल तेजी से नजदीक आ रहे हैं, लेकिन भारत की तैयारी बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं दिख रही है। सत्र की शुरुआत मेक्सिको में हुए विश्व कप के पहले चरण से हुई, जहां भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू महिलाओं की कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक था। दक्षिण कोरिया जैसी दिग्गज टीम की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय रिकर्व तीरंदाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। यह प्रदर्शन हकीकत का आईना साबित हुआ, जहां तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत जैसे बड़े नाम भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। पुरुष रिकर्व टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई। महिला टीम ने शुरुआती मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तुर्की से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धा में देश की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी दूसरे दौर में ही बाहर हो गई, जबकि अंकिता, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़ तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने शुरुआती विश्व कप के इस चरण के लिए भी वही टीम बरकरार रखी है। एशियाई खेलों और आगामी विश्व कप चरणों के लिए चयन ट्रायल 15 मई से सोनीपत में प्रस्तावित हैं। शंघाई में एक बार फिर भारत को अनुभवी लेकिन फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों पर निर्भर रहना होगा। दक्षिण कोरिया की टीम में ओलंपिक के पांच स्वर्ण पदक विजेताओं की मौजूदगी में मजबूत प्रतिस्पर्धा को देखते हुए रिकर्व वर्ग में पदक की उम्मीद बेहद कम नजर आती है। एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और सऊदी अरब जैसी टीमें भी अनुभव हासिल करने के लिए यहां पहुंची हैं। युआनशेन स्पोर्ट्स सेंटर में कुल 320 तीरंदाज भाग लेंगे, जो पिछले वर्ष से 48 अधिक हैं। भारत की सबसे बड़ी चिंता मैदान के बाहर की स्थिति है। एशियाई खेलों में चार महीने से भी कम समय बचा है, लेकिन टीम के पास अब तक स्थायी मुख्य कोच नहीं है। खिलाड़ी अपने निजी कोचों के साथ तैयारी कर रहे हैं और ट्रायल में शीर्ष पर रहने वाला खिलाड़ी ही सपोर्ट स्टाफ तय करता है। यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से दीर्घकालिक योजना की कमी को दर्शाती है ऐसे हालात में रिकर्व वर्ग से पदक की उम्मीद करना मुश्किल नजर आता है। भारत की उम्मीदें एक बार फिर कंपाउंड तीरंदाजों पर टिकी होंगी। महिला टीम की अगुवाई ज्योति सुरेखा वेन्नम करेंगी, जिन्हें अदिति स्वामी और मधुरा धमांगांवकर का साथ मिलेगा।

## अच्छा प्रदर्शन न करने पर भी दो अंक हासिल करने में सफल रहे हैं: होल्डर

अहमदाबाद। जेसन होल्डर का मानना है कि गुजरात टाइटन्स ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

होल्डर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लेकर गुजरात की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि टीम व्यक्तिगत प्रदर्शन के बजाय सामूहिक प्रयास से जीत हासिल कर रही है। होल्डर में मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसकी खूबसूरती यह है कि हम किसी भी मैच में केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हैं और अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अभी तक शायद अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं खेला है, लेकिन इसकी खूबसूरती यह है कि हम तब भी जीत हासिल करके दो अंक हासिल कर रहे हैं। गुजरात इस मैच में बड़ी जीत हासिल कर सकता था लेकिन उसने एक गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। होल्डर ने हालांकि नेट रन-रेट को लेकर चिंतित होने के बजाय दो अंक हासिल करने पर जोर दिया। मुझे लगता है कि पहली प्राथमिकता हमेशा मैच जीतना होती है। अगर हम ऐसी स्थिति में होते हैं जहां परिस्थितियां अनुकूल हों तो हम नेट रन-रेट के बारे में सोच सकते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसा करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि हमारी पहली प्राथमिकता हर मैच में दो अंक हासिल करना और अपनी लय बनाए रखना है। हम लगातार तीन जीत के साथ अच्छे फॉर्म में हैं। इसलिए हमें बस अपनी निरंतरता बनाए रखनी है। मुझे लगता है कि रन रेट और इस तरह की चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। होल्डर ने चार मैचों में सात विकेट लिए हैं, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में लगातार विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज को काफी श्रेय दिया। केजी (रबाडा) और सिराज दोनों को श्रेय जाता है। मुझे लगता है कि उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में पावरप्ले में दबदबा बनाए रखा है और विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। यह उनकी प्रतिभा का प्रमाण है। मेरे कहने मतलब है कि मैंने बहुत कम ही देखा है कि दो गेंदबाज पावरप्ले में लगातार तीन ओवर फेंकें। इससे उनकी क्षमता का पता चलता है। मुझे लगता है कि जब वे शुरुआत करते हैं तो यह तय कर देते हैं कि किसी खास विकेट पर किस लेंथ की गेंदबाजी कारगर रहेगी। इसके बाद बाकी गेंदबाजों को बस उनका अनुसरण करना होता है।

# घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स



नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी। कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं। इसलिए मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से मैं खुश हूं। सत्र के अपने 10वें मैच से पहले सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने पीटीआई को पुष्टि की कि महेंद्र सिंह धोनी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं जिसके कारण वह कोटला में होने वाले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली की तरह सीएसके भी नाजुक स्थिति में है और अगर वे इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाते हैं तो फिर उनका प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होना तय हो जाएगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सत्र के शुरू में रन बनाने के लिए जूझ रहे थे जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ। ऐसे में संजू सैमसन ने अकेले ही सारा भार संभाला। लेकिन गायकवाड अब फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक लगाए। चोटिल आयुष म्हात्रे के हटने के बाद उर्विल पटेल ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेली गई उनकी 12 गेंदों में 14 रन की पारी उनके आत्मविश्वास के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। यही बात कार्तिक शर्मा पर भी लागू होती है, जिन्होंने शनिवार रात को अपना पहला अर्धशतक लगाया। सीएसके ने अपनी चार जीत में से दो जीत मुंबई इंडियंस की टीम के खिलाफ हासिल की है जो इस सत्र में संघर्ष कर रही है। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई में खेले गए मैच में जीत हासिल की थी और वह उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। टीम इस प्रकार हैं:

**दिल्ली कैपिटल्स:** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रस्टिन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे

## भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषता है: विदेश मंत्री जयशंकर

किंग्सटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और जमैका के बीच संबंध निरंतरता और बदलाव से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक गहरी और अधिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए जो दोनों देशों के लोगों के लिए काम करे और एक अधिक न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे। भारत और जमैका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयशंकर को कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। उन्होंने कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय का यही रिश्ता हमारे संबंधों को एक विशेष रंग प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कई भारतीयों के लिए जमैका का नाम सुनते ही माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले और जिमी क्लिफ का संगीत, उसेन बोल्ट और एलेन थॉम्पसन-हेराह का



एथलेटिक्स तथा सांस्कृतिक हस्ती मिस लू के लेखन की याद आ जाती है। जयशंकर ने कहा कि ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें ग्लोबल साउथ और राष्ट्रमंडल की सदस्यता शामिल है। उन्होंने कहा, भारत और जमैका दोनों बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्र और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा, यह रिश्ता अंततः निरंतरता और परिवर्तन की एक कहानी है, जो एक साझा अतीत में निहित है, वर्तमान सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर उन्मुख है। भारत और जमैका के संबंधों की कहानी 19वीं और 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की इस भूमि की यात्रा से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 1845 में ब्लंडेल हंटर जहाज पर सवार होकर भारतीयों का पहली बार ओल्ड हार्बर बे में उतरना इस यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि आज, लगभग 70,000 भारतीय मूल के लोगों का एक समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। जयशंकर ने कहा, भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार प्रदान करती है और आगे बढ़ाती है। जब दोनों देशों के बीच 1962 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए तो हमने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देशों के लोग पहले ही डाल चुके थे। रविवार को उन्होंने ओल्ड हार्बर का दौरा किया, जहां 180 साल से भी पहले भारतीय पहली बार जमैका पहुंचे थे। उन्होंने कहा, उनका (भारतीयों का) योगदान जमैका के सामाजिक और आर्थिक जीवन को लगातार आकार दे रहा है।

# स्वास्थ्य केंद्रों में आग की घटनाओं से निपटने के लिए दिशानिर्देशों में बदलाव



नयी दिल्ली। बिजली सर्किट पर अधिक भार और ऑक्सीजन से भरपूर वातावरण के कारण अस्पताल आग लगने की घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, ऐसे में सरकार ने स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की सुरक्षा और गंभीर रूप से बीमार एवं चलने-फिरने में असमर्थ रोगियों की जरूरतों के अनुरूप चरणबद्ध निकासी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में आग और जीवन सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देश (2026) अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा तैयारियों में महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाते हैं। उसने कहा कि इन दिशानिर्देशों में आईसीयू (गहन देखभाल इकाई), एनआईसीयू (नवजात गहन देखभाल इकाई), पीआईसीयू (बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई) और ऑपरेशन थिएटर में भर्ती मरीजों सहित उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए विशेष प्रोटोकॉल के साथ निकासी योजना का विस्तार किया गया है। संशोधित दिशानिर्देश 2020 में जारी दिशानिर्देशों का अद्यतन संस्करण हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय, भारतीय मानक ब्यूरो, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों से परामर्श के बाद इन्हें तैयार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि बिजली सर्किट पर अधिक भार, ऑक्सीजन की अधिक सांद्रता वाले वातावरण और जटिल चिकित्सा उपकरणों की मौजूदगी के चलते अस्पताल आग लगने की घटनाओं के प्रति खासतौर पर संवेदनशील बने रहते हैं, जिसके मद्देनजर अधिक मजबूत और मानकीकृत सुरक्षा दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संशोधित दिशानिर्देशों में एक व्यापक जोखिम-आधारित रणनीति अपनाई गई है, जिसमें लक्षित हस्तक्षेपों के लिए गहन देखभाल इकाइ सुविधाओं और बिजली प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है।

# अमेरिका ने नौसैन्य पोत पर ईरानी हमले के दावों को खारिज किया

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि ईरान ने उसके नौसैन्य पोत पर हमला किया है। अमेरिका फारस की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को रास्ता देने तथा ईरान द्वारा उन जहाजों पर नाकेबंदी को हटाने की पेशकश कर रहा है जिन्हें नौवहन की अनुमति प्राप्त नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण-पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एक पोत पर हमला किया, और उस पर समुद्री सुरक्षा और नौवहन मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात में अधिकारियों ने संभावित मिसाइल हमले का आपातकालीन सायरन बजाकर लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का आग्रह किया है।

# भारत-कनाडा ने एफटीए पर वार्ता के दूसरे दौर की शुरुआत की

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर सोमवार को शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा, पांच दिवसीय वार्ता चार मई से यहां शुरू हुई। वार्ता का पहला दौर मार्च में आयोजित किया गया था। यह दौर महत्वपूर्ण है क्योंकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस माह के अंत तक वार्ता को गति देने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। यह वार्ता प्रक्रिया फिर से शुरू होने का संकेत भी है क्योंकि कनाडा ने 2023 में




वार्ता को रोक दिया था। हालांकि अब दोनों ने पिछले दो वर्ष में वैश्विक व्यापार परिदृश्य में आए बदलावों को देखते हुए बातचीत को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। 2024-25 में यह 8.66 अरब अमेरिकी डॉलर (4.22 अरब डॉलर निर्यात और 4.44 अरब डॉलर आयात) रहा। कनाडा क्रय शक्ति समता के आधार पर कनाडा 4.165 करोड़ लोगों (2025) के बाजार और 2340 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का प्रतिनिधित्व करता है। भारत से कनाडा को प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं प्रमुख आयात में दालें, मोती एवं अर्ध-कीमती पत्थर, कोयला, कागज तथा कच्चा पेट्रोलियम शामिल हैं।

# गौरी शुक्ला का धमाका, जीते दोहरे खिताब

लखनऊ। गौरी शुक्ला ने स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) द्वारा आयोजित लखनऊ जिला ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाते हुए महिला एकल व अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल में जीत के साथ दोहरे खिताब अपने नाम किए। वहीं पुरुष एकल में आकाश द्विवेदी विजेता बने। एसएनआई टेबल टेनिस एकेडमी, एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, मॉडर्न अकादमी, विनय खंड-2, गोमतीनगर में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में बालक अंडर-19 में अमर मणि शुक्ला और अंडर-11 आयु वर्ग में अमायरा सिंह व विराज ने खिताब जीते।




समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रसून शमसेरी (ऑर्थोपेडिक सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ) ने विशिष्ट अतिथि खेल प्रमोटर सत्येंद्र त्रिपाठी की गरिमामयी मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कृत किया। समारोह की अध्यक्षता स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने की जबकि अंत में आयोजन सचिव सुनील जोशी ने आभार जताया। पुरुष एकल के फाइनल में आकाश द्विवेदी ने अंकित वर्मा को 11-8, 8-11, 11-7, 11-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में एसएनआई टेबल टेनिस अकादमी की गौरी शुक्ला ने ताश्वी रस्तोगी को 7-11, 11-4, 12-10, 8-11, 11-6 से पराजित किया। बालिका अंडर-19 वर्ग में भी गौरी शुक्ला ने ताश्वी रस्तोगी को 8-11, 10-12, 11-7, 11-9, 11-6 से हराकर दूसरा खिताब जीता। बालिका अंडर-11 वर्ग में एसएनआई की अमायरा सिंह ने एसएनआई की ही आराध्या वर्मा को 8-11, 11-4, 11-9 से हराया। बालक अंडर-11 वर्ग में विराज सिंह ने वर्चस्व के खिलाफ खिताबी जीत दर्ज की। दूसरी ओर बालक अंडर-19 फाइनल में अमर मणि शुक्ला ने विनायक को 11-8, 11-7, 11-9 से शिकस्त दी।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com